4 रायपुर संभाग
समस्याओं से जूझ रहे हाउसिंग...

6 अभितम
डिजिटल क्रांति सबका...

09 छत्तीसगढ़
मिस इंडिया यूनिवर्स बनी दामिनी...

10 छत्तीसगढ़
महावीर इंटरकांटिनेंटल का सम्मान समारोह, निःशक्तजन...

Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-295
रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज़

### केबिनेट बैठक कल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार 18 जून 2025 को सवेरे 10.00 बजे राज्य मंत्रिपरिषद (केबिनेट) की बैठक मुख्यमंत्री के निवास कार्यालय सिविल लाइन रायपुर में आयोजित होगी।

### यादव ने राजनाथ सिंह का पचमढ़ी में किया स्वागत



**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पचमढ़ी पहुंचने पर हैलीपेड पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। डॉ. यादव ने रक्षा मंत्री सिंह की अगवानी के बाद सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि रक्षा मंत्री की मध्यप्रदेश यात्रा निश्चित रूप से राज्य की विकास यात्रा को और गति प्रदान करेगी। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मध्यप्रदेश के सांसदों और विधायकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करने पचमढ़ी पहुंचे थे।

### छत्तीसगढ़ में बढ़ते तापमान को देखते हुए स्कूलों के समय में हुआ परिवर्तन

**रायपुर।** राज्य में लगातार बढ़ते तापमान और उमस के प्रकोप को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को मद्देनज़र बड़ा निर्णय लिया है। शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय सभी शालाएं जो 16 जून से प्रारंभ हो चुकी हैं, अब 17 जून से 21 जून तक प्रातः 7: 00 बजे से 11: 00 बजे तक संचालित की जाएंगी। यह भी शासन ने स्पष्ट किया है कि 23 जून से सभी स्कूलों का संचालन सामान्य समयानुसार किया जाएगा।

### ईपीएफओ ने अनधिकृत एजेंटों से बचने की दी सलाह

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने कहा है कि संगठन के पोर्टल पर सभी सेवायें निशुल्क और सुरक्षित हैं और किसी भी अनधिकृत एजेंट से बचा जाना चाहिए। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा कि अपने सेवाओं और शिकायतों के लिए अंशधारकों को ईपीएफओ के आधिकारिक पोर्टल का उपयोग करना चाहिए। ईपीएफओ ने केवाईसी या सदस्य विवरण में सुधार तथा स्थानांतरण दावें, पेंशन वितरण प्रक्रिया निशुल्क हैं।

# महाराष्ट्र में वर्षाजनित घटनाओं में 18 लोगों की मौत, 65 घायल

एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र में गत एक जून से अब तक वर्षाजनित घटनाओं में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई और 65 लोग घायल हुए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार भारी बारिश के कारण सड़क दुर्घटनाएं, पुल से गिरना, डूबना, बिजली गिरना और आग लगने जैसी विभिन्न घटनाओं में 18 लोगों और छह मवेशियों की मौत हुई है। प्राधिकरण के सूत्रों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग और रायगढ़ जिलों जैसे विभिन्न स्थानों पर बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी। पिछले 24 घंटों से महाराष्ट्र में हो रही भारी बारिश के कारण मुंबई और आसपास के अन्य शहरों में निचले इलाकों में भारी जलभराव के साथ-साथ यातायात जाम और उपनगरीय ट्रेन के साथ-साथ मेट्रो रेल सेवाएं बाधित हो रही हैं।



## आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बनने की दिशा में बढ रहा है भारत : शाह

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत आपदाओं के प्रबंधन में क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कर विश्व में अग्रणी देश बनने की दिशा में बढ रहा है। शाह ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों तथा आपदा मोचन बलों के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्षों में राहत तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी एजेंसियों की विभिन्न कार्यशालाओं को एक ही बैठक के तहत लाकर संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के साथ एक वैचारिक मंच बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इससे कमियों को दूर करने और पूरे देश को आपदा से लड़ाई के लिए तैयार करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इससे सभी हितधारक और एजेन्सियां मिलकर अच्छे तालमेल से काम कर पाती हैं। गृह मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण पूरा विश्व आपदाओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए राष्ट्रीय गठबंधन (सीडीआरआई) के योगदान के कारण भारत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में अग्रसर है। शाह ने कहा कि जब भी भारत के आपदा प्रबंधन का इतिहास लिखा जाएगा तो मोदी सरकार के ये दस वर्ष परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा- खूब पढ़ो आगे बढ़ो और राज्य का गौरव बनो

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूल की घंटी फिर से गूंजने लगी हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्कूली बच्चों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा है– खूब पढ़ो, आगे बढ़ो और छत्तीसगढ़ का गौरव बनो। मुख्यमंत्री साय ने स्कूली बच्चों से कहा है कि नई किताबों की खुशबू, नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ एक नई शुरुआत हो रही है। आज का यह दिन हम सभी के लिए विशेष है। उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढ़िए, जिज्ञासा के साथ प्रश्न पूछिए, उत्तर खोजिए और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई शिक्षा नीति के संकल्पों के अनुरूप व्यापक बदलाव कर प्रदेश के भविष्य को सँवारने का प्रयास किया है। आप निश्चिंत होकर पढ़ाई में मन लगाइए, बाकी की चिंता मुझ पर छोड़ दीजिए। आपकी शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## बगैर पैसे के पहलगाम हमला संभव नहीं था : एफएटीएफ

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

आतंकवादी वित्तपोषण नेटवर्क को खत्म करने के उद्देश्य कार्यरत वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले पर गंभीर चिंता जतायी और हमले की निंदा करते हुये कहा है कि पहलगाम और अन्य हालिया हमले पैसे और आतंकवादी समर्थकों के बीच धन स्थानांतरित करने के साधनों के बिना नहीं हो सकते थे। एफएटीएफ ने एक बयान में कहा कि आतंकवादी हमले दुनिया भर में लोगों की जान लेते हैं, उन्हें अपंग बनाते हैं और भय पैदा करते हैं। एफएटीएफ का यह बयान ऐसे समय में आया जब भारत सीमा पार आंतकी गतिविधियों में पाकिस्तान की भूमिका को वैश्विक स्तर पर उठा रहा है। सूत्रों का कहना है कि एफएटीएफ का यह बयान पाकिस्तान को फिर से ग्रेड सूची में डालने का जोखित पैदा कर सकता है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने पहलगाम में हमला कर 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी। एफएटीएफ की 25 अगस्त 2025 को एशिया प्रशांत ग्रुप की बैठक और 20 अक्टूबर 2025 को एफटीएफ वर्किंग समूह की प्रस्तावित बैठक के मद्देनजर भारत पाकिस्तान के आतंक वित्त पोषण को लेकर विस्तृत डॉजियर सौंपने वाला है ताकि पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डाला जा सके।

## सामरिक साझेदारी के लिए रोड़मैप बनायेंगे भारत और साइप्रस: मोदी

एजेंसी < निकोसिया
www.dailypioneer.com



भारत और साइप्रस अपनी साझेदारी को सामरिक स्तर तक ले जाने के लिए अगले पांच वर्षों का रोडमैप बनायेंगे जिसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम और साइबर तथा सुमुद्री क्षेत्र में सुरक्षा पर वार्ता भी शामिल होगी। साइप्रस की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए साइप्रस के प्रति आभार भी व्यक्त किया। दो दशक से भी लंबे अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह आपसी संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का अवसर है। दोनों देश साझेदारी को सामरिक दायरे तक बढाने के लिए पांच वर्षों का रोड़ मैप तैयार करेंगे। मोदी ने कहा, अपनी साझेदारी को स्ट्रेटेजिक दिशा देने के लिए हम अगले पाँच वर्षों के लिए एक ठोस रोडमैप बनायेंगे। रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूती देने के लिए द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम के तहत रक्षा उद्योग पर बल दिया जायेगा। साइबर और मैरीटाइम सिक्योरिटी पर अलग से वार्ता शुरू की जायेगी।

## रक्षा क्षेत्र को साइबर हमलों से बचाने के लिए 'साइबर सुरक्षा' अभ्यास

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा प्रतिष्ठानों को साइबर हमलों से सुरक्षित करने के प्रयासों के अंतर्गत रक्षा साइबर एजेंसी ने व्यापक साइबर सुरक्षा अभ्यास 'साइबर सुरक्षा' शुरू किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के तत्वाधान में आयोजित दस दिन का यह बहु-चरणीय अभ्यास राष्ट्रीय स्तर पर साइबर मजबूती बढ़ाने की दिशा में एक कदम है। इसमें प्रशिक्षण सत्र, मूल्यांकन और नेतृत्व की सक्रियता बढ़ाने पर ध्यान दिया जायेगा। इसमें राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों और रक्षा क्षेत्रों के हितधारकों के 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास को वास्तविक दुनिया के साइबर खतरों, सुरक्षित परंपराओं को सुदृढ़ करने और प्रतिभागियों के विश्लेषणात्मक तथा रक्षात्मक साइबर कौशल का परीक्षण करने के लिए डिजाइन किया गया है। मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों (सीआईएसओ) के सम्मेलन को भी 'साइबर सुरक्षा' में शामिल किया गया है। रक्षा साइबर एजेंसी ने तत्परता की स्थिति और सभी स्तरों पर सुरक्षा को प्राथमिकता बनाए रखने के लिए नियमित आधार पर ऐसे अभ्यास आयोजित करने की योजना बनाई है।

## किसानों को संवेदनशीलता के साथ सहूलियतें दी जाएं : राम विचार नेताम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम ने छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर स्थित न्यू सर्किट हाउस में प्रदेशभर के कृषि अधिकारियों की मैराथन बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। मंत्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। हमारी सरकार की प्राथमिकता किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही उन्हें ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें देना है। उन्होंने कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों को उनकी मांग के अनुरूप प्रमाणित खाद-बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित हों। उन्होंने समिति केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज के भण्डारण और वितरण भी सुनिश्चित करने के ही किसानों को उनकी मांग के आधार पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मंत्री नेताम ने बैठक में कहा कि राज्य के अलग-अलग स्थानों से नकली खाद-बीज की शिकायतें मिल रही है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि खाद-बीज की क्वालिटी और प्रमाणिकता को लेकर किसानों को जागरूक करें। मंत्री नेताम ने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों की संलिप्तता का मामला पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री नेताम ने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य में मसाला, फूल और फलों की खेती की काफी संभावनाएं हैं। अतः किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए जिलेवार वहां के वातावरण के अनुरूप अधिक उत्पादकता वाली उद्यानिकी फसलों की खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने प्रदेश में सुगन्धित धान की खेती को बढ़ावा दिया जाए और इसे छत्तीसगढ़ के ब्रांड के रूप में विकसित किया जाए। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि खरीफ सीजन 2025 के लिए कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। खरीफ के लिए खाद-बीज का पर्याप्त भण्डारण कराए जाने के साथ ही किसानों को इसका तेजी से वितरण भी किया जा रहा है। खरीफ सीजन 2025 के लिए रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य 14 लाख 62 हजार मेट्रिक टन निर्धारित किया गया है, जिसमें राज्य स्तर पर सरकारी क्षेत्र में 9.49 लाख मीट्रिक टन तथा निजी क्षेत्र में 5.13 लाख मीट्रिक टन है। इसमें 7 लाख 12 हजार यूरिया, डीएपी 3.10 लाख, एनपीके 1.80 लाख, पोटाश 60 हजार एवं सुपर फास्फेट 2 लाख मीट्रिक टन शामिल है। लक्ष्य के विरूद्ध 10.67 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण कर किसानों को 5.23 लाख मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। मंत्री नेताम ने कहा कि उर्वरक कंपनियों से विभिन्न प्रकार की खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग सतत् संपर्क एवं समन्वय करें, ताकि राज्य की डिमांड अनुरूप उर्वरकों की रैक निर्धारित सेड्यूल के अनुरूप उपलब्ध हो सके।

## उच्चतम न्यायालय ने की समाजवादी पार्टी की याचिका खारिज

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली समाजवादी पार्टी की विशेष अनुमति याचिका सोमवार को खारिज कर दी, जिसमें पार्टी के पीलीभीत जिला अध्यक्ष को वहां पार्टी के कार्यालय से कथित बेदखली से संबंधित आगे कोई रिट याचिका दायर करने पर रोक लगा दी गई थी। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति पी बी वराले की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने हालांकि याचिकाकर्ता को उचित राहत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने अनुमति दी। पीठ ने कहा कि विशेष अनुमति याचिका दायर करने में 998 दिनों की देरी हुई है। पिछली रिट याचिका आनंद सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी का जिला अध्यक्ष होने का दावा करते हुए दायर की थी। उच्च न्यायालय ने यादव की रिट याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए उन्हें इसी देरी के कारण आगे की कार्रवाई करने से भी रोक दिया था। अदालत के समक्ष समाजवादी पार्टी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने कहा कि पार्टी यादव की याचिका का समर्थन नहीं करती है। पीलीभीत नगर पालिका परिषद द्वारा बिना उचित प्रक्रिया के जबरन बेदखली की गई है। उन्होंने तर्क दिया कि पार्टी पिछले 16 वर्षों से कार्यालय परिसर के लिए किराया दे रही है।

## जनगणना के लिए अधिसूचना जारी की

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने देश में आगामी जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देश भर में जनगणना की संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 होगी जबकि बर्फबारी से प्रभावित जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश मैं संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 रहेगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री अमित शाह ने अधिसूचना जारी किये जाने से एक दिन पहले रविवार को केंद्रीय गृह सचिव, महापंजीयक और जनगणना आयुक्त तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी। गृह मंत्रालय के अनुसार जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी घरों की सूची तैयार करने के ऑपरेशन (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इसके बाद, दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में प्रत्येक घर में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी।

## सरकार कौन चला रहा है? राज्यपाल विधानसभा अध्यक्ष की मुख्यमंत्री? : बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में सरकार कौन चला रहा है? जनता पहले ही इस सरकार को दिल्ली से चलने वाली रिमोर्ट वाली सरकार कह रही थी। अब सरकार के तीन-तीन नये खेवनहार सामने आ गये है। जनता जानना चाहती है सरकार क्या राज्यपाल चला रहे हैं? विधानसभा अध्यक्ष चला रहे हैं? या सरकार का नियंत्रण पूरी तरह से मुख्यमंत्री के हाथों में है? 17 महीने की सरकार में पूरे प्रदेश में अराजकता फैल गई है। आपराधिक घटनाएं तेजी से बढ़ी है, विभागों में जनता का काम नहीं हो रहा है, अवैध काम करने वाले निरंकुश हो गए हैं। सरकार के इस रवैया से परेशान राज्यपाल जिलों में जाकर बैठक ले रहे हैं जबकि यह उनका दायित्व नहीं है।

### दुर्घटनाओं और प्राकृतिक कारणों से 91 शाही बाघों को खो दिया

# भारत में हर महीने औसतन हो रही है लगभग 17 बाघों की मौत

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत में इस साल अवैध शिकार, क्षेत्रीय विवाद, मानव-वन्यजीव संघर्ष, ट्रेन दुर्घटनाओं और प्राकृतिक कारणों से अब तक 91 शाही बाघों की मौत हो चुकी है। यह एक खतरनाक आंकड़ा है जिसके मुताबिक देश में हर महीने औसतन लगभग 17 बाघों की मौत हो रही है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के आंकड़ों के अनुसार पिछले साढ़े पांच महीनों में देश ने अवैध शिकार, क्षेत्रीय विवाद, मानव-वन्यजीव संघर्ष, ट्रेन दुर्घटनाओं और प्राकृतिक कारणों से 91 शाही बाघों को खो दिया है । यह खतरनाक आंकड़ा बताता है कि हर महीने देश में औसतन 17 बाघ मौत के मुंह में समा रहे हैं। अगर यही सिलसिला जारी रहता है तो इस साल बाघों की मौत के कुल मामलों की संख्या पिछले साल के 126 के आंकड़े को पार कर सकती है। गौरतलब है कि 2019 से 2023 तक की पांच साल की अवधि में समूचे भारत में कुल 628 'धारीदार वन्य शिकारी' मारे गए हैं। भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की देखरेख करने वाले एनटीसीए के आंकड़ों के अनुसार देश में 2019 में 96, 2020 में 106, 2021 में 127, 2022 में 121 और 2023 में 178 बाघों की मौत हुई थी। इस बीच 2025 के पहले पांच महीनों में बाघो की मौत से जुड़े आंकड़े हर राज्य में असमान ही है जिसमें आधे से अधिक यानी 49 मौतें मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में हुई हैं जहाँ ट्रेन दुर्घटनाएँ और संक्रामक रोग भी इनकी मौत के जिम्मेदार पाये गये हैं1 अकेले महाराष्ट्र में ही 26 बाघों की मौत की सूचना है। उसके बाद मध्य प्रदेश में 24 बाघों की मौत हुई। अन्य प्रभावित राज्यों में केरल (नौ), असम (आठ), उत्तराखंड (सात), कर्नाटक और उत्तर प्रदेश (चार-चार) और तेलंगाना (एक) शामिल हैं। आंकड़ो से जानकारी मिली है कि 42 बाघ अपने अपने संरक्षित स्थानों के अंदर ही मृत पाए गए जो प्राकृतिक कारणों या क्षेत्रीय लड़ाई के कारण हो सकते हैं। वहीं 35 बाघ इन संरक्षित क्षेत्रों के बाहर मरे पाए गए। अधिकारियों ने इसका कारण मानव-पशु संघर्ष और बिजली के झटके के अलावा अन्य कारणों को बताया। इनमें एक महत्वपूर्ण आंकड़ा बाघो के 14 शावकों का है। उसके बाद 26 मादा और 20 नर बाघो का आंकड़ा आता है। इस क्षेत्र में काम कर रहे एक गैर सरकारी संगठन 'भारतीय वन्यजीव संरक्षण सोसायटी' (डब्ल्यूपीएसआई) से उपलब्ध डेटा अधिक चिंताजनक है। यह दर्शाता है कि 2025 में बाघों की मौतों में वृद्धि हुई है जिसमें अब तक 120 मौतें दर्ज की गई हैं । इनमें 96 प्राकृतिक या मानव-प्रेरित कारणों से और 24 अवैध शिकार और वन्यजीव तस्करी से जुड़ी हैं। इस बीच एनटीसीए के आंकड़ों के अनुसार पिछले 12 वर्षों में समूचे भारत में 1,386 बाघों की मौत हुई जिनमें से लगभग पचार प्रतिशम मौतें नामित बाघ अभयारण्यों में हुई हैं। उधर संरक्षणवादियों ने आशा दिलाते हुए कहा है कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और मानव आबादी के बावजूद दुनिया के लगभग तीन-चौथाई बाघ अब भी भारत में हैं। भारतीय वन्यजीव संस्थान के संरक्षणवादी वाईवी झाला ने 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित अपने हालिया अध्ययन में कहा कि '2010 से 2022 तक भारत में बाघों की संख्या अनुमानित 1,706 से दोगुनी होकर लगभग 3,700 हो गई है'। हालांकि अध्ययन में यह भी चेतावनी दी गई है कि इससे 'आत्मसंतुष्ट' होने की आवश्यकता नहीं है। अध्ययन के मुताबिक 'भारत में बाघों की संख्या में वृद्धि एक असाधारण उपलब्धि है लेकिन चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं।

### उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं देने की लापरवाही चिंताजनकः कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं देने की मोदी सरकार की कथित लापरवाही को चिंताजनक करार देते हुए कहा है कि संबंधित संस्थानों में खाली पदों को शीघ्र भरा जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रिपोर्टो के अनुसार नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में अधिकारियों और कर्मियों की भारी कमी है। आंकडों के हवाले से उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय में 53 प्रतिशत,नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो में 35 प्रतिशत और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में 17 प्रतिशत पद रिक्त हैं।

## देश में कोरोना संक्रमण से 11 मरीजों की मौत, कुल सक्रिय मामले घटकर 7264 रहे

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से 11 और मरीजों की मौत होने से इस वायरस से मरने वालों की कुल संख्या 108 पहुंच गयी और 119 सक्रिय मामले घटने के साथ कुल सक्रिय मामले 7264 हो गये हैं। इससे पहले कोरोना सक्रिय मामलों की कुल संख्या 7383 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोराना के संक्रमण से केरल में सात, छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में एक-एक मरीज की मौत हो गयी है। पिछले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक में जहां ज्यादा सक्रिय मामले सामने आये हैं वहीं राष्ट्रीय राजधानी, केरल, तमिलनाडु और गुजरात में सक्रिय मामलों में कमी आयी है। गत 22 मई को देश में कोराना के मामले सिर्फ़257 सक्रिय थे जो बढ़कर 7264 तक पहुंच गए। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान 13604 मरीज कोरोना के संक्रमण से ठीक हो गये हैं। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के सबसे अधिक सक्रिय मामले उत्तर प्रदेश से 37, राजस्थान से 30 और कर्नाटक से 18 मामले सामने आये हैं और दिल्ली में 33, केरल में 87 और महाराष्ट्र में 38 मामले कम हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार संक्रमण के नये उभरते वेरिएंट, विशेष रूप से एलएफ 7, एक्सएफजी, जेएन.1 और हाल ही में पहचाने गये एनबी.1.8.1 सबवेरिएंट के कारण हो रहा है। इन वेरिएंट्स की जांच चल रही है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश के 28 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में कोरोना के सक्रिय मामले सामने आये हैं।

# कुछ लोगों को केवल परिवार का विकास अच्छा लगता है: योगी आदित्यनाथ

एजेंसी < अम्बेडकरनगर
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का नाम लिये बगैर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन पर निशाना साधते हुये कहा कि कुछ लोगों को केवल परिवार का विकास अच्छा लगता है और यही लोग परिवारवाद के नाम पर जातिवाद का जहर बोते हैं। अंबेडकरनगर के कटेहरी में आयोजित एक समारोह में जिले के सर्वांगीण विकास के लिए 1,184 करोड़ रुपये की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के मौके पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विचार करते हुए कहा कि अकबरपुर बस स्टैंड का नामकरण 'श्रवणधाम बस स्टैंड' होना चाहिए। यह नामकरण श्रवण धाम की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को सम्मान देने का प्रयास है, जो मातृ-पितृ भक्ति का प्रतीक है। साथ ही, टांडा बस स्टैंड का नाम स्वर्गीय जयराम वर्मा के नाम पर 'जयराम वर्मा बस स्टैंड' करने का ऐलान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रवण धाम को रामायण काल से पूर्व के धाम के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शिव बाबा धाम में विधिवत दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। योगी ने कहा कि कुछ लोगों को प्रदेश का विकास अच्छा नहीं लगता, केवल अपने परिवार का विकास ही अच्छा लगता है। ऐसे लोग परिवार के नाम पर जाति को निशाना बनाते हैं। जातिवाद के नामपर सत्ता में आकर नग्न तांडव करते हैं। समाज को बांटते हैं। पर्व त्योहार के उत्साह और उमंग को फीका करते हैं। उन्होंने समाज को बांटने वालों को बेनकाब करने की बात भी कही। उन्होंने 'मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना' के तहत पूरे उत्तर प्रदेश के 11,690 किसान परिवारों को 561.86 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरित करने की बात कही। इसमें अम्बेडकरनगर के 431 परिवार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में किसानों, बटाईदारों, कृषि श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को शामिल किया गया है। योजना के तहत 2020-21 से 2025-26 तक क्रमशः ?500 करोड़ से ?1,050 करोड़ तक की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, पैसे की कमी नहीं है। हम हर तहसील में इस कार्यक्रम को चला रहे हैं ताकि आपदा प्रभावित किसान परिवारों को तुरंत सहायता मिले। मुख्यमंत्री ने शिव बाबा धाम और श्रवण धाम के पर्यटन विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिव बाबा धाम में कई कार्य पूरे हो चुके हैं और शेष कार्य प्रगति पर हैं। श्रवण धाम को मातृ-पितृ भक्ति के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके अतिरिक्त, तहसील भीटी में अग्निशमन केंद्र और फायर ब्रिगेड यूनिट की स्थापना को मंजूरी दी गई है, जिसका शिलान्यास जल्द होगा। इन प्रयासों से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। लोकार्पित और शिलान्यास की गई परियोजनाओं में लोक निर्माण विभाग की 14, जल जीवन मिशन की 72, विद्युत विभाग की 4, सुरक्षा से संबंधित 6, नलकूप की 13 परियोजनाएं शामिल हैं।

## मंगुभाई से छत्तीसगढ़ में सिकल सेल के डॉ डल्ला ने की सौजन्य भेंट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल से छत्तीसगढ़ में सिकल सेल उन्मूलन क्षेत्र के अनुभवी चिकित्सक डॉ. ए.आर. डल्ला ने सौजन्य भेंट कर उनसे सिकल सेल रोग, जांच, उपचार और प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। राज्यपाल पटेल ने चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी संकल्प सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया कि राजभवन में मुख्यमंत्री, मंत्री परिषद् के सदस्यों और सिकल सेल रोग के विशेषज्ञों के साथ व्यापक स्तर पर चर्चा कर मिशन का गठन किया गया। मध्यप्रदेश में सिकल सेल उन्मूलन मिशन का प्रधानमंत्री मोदी ने शुभारंभ किया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रचुर मात्रा में वनौषधि की उपलब्धता है। इस तथ्य के परिप्रेक्ष्य में सिकल सेल नियंत्रण प्रयासों में आयुष औषधियों की उपयोगिता के परीक्षण का प्रयास भी किया जा रहा है। प्रयास है कि जनजाति समुदाय को जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से आयुष दवाएं कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाईयां उपलब्ध हो। प्रदेश में तीव्र गति से चल रहे सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्य, निःशुल्क जाँचे, रक्तदान, औषधि वितरण आदि कार्यों की जानकारी दी। राज्यपाल ने बताया कि राजभवन द्वारा प्रदेश के समस्त रेडक्रॉस जिला ईकाइयों को सिकल सेल जाँच, उपचार और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई है। ऐसा ग्राम पंचायत के माध्यम से जनजाति समुदाय में सिकल सेल जन जागृति का व्यापक स्तर पर प्रसार हुआ है।

# सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन मामले में अरविंद धाम को नहीं दी राहत

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन के एक मामले में अंतरिम जमानत देने की एमटेक ग्रुप के प्रमोटर अरविंद धाम की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति पीबी वराले की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम राहत की मांग ठुकरा दी। पीठ याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए (अधिवक्ता से) पूछा कि जब तीन न्यायाधीशों (शीर्ष अदालत) की पीठ ने पहली बार याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था तो छुट्टी के दौरान दूसरी याचिका कैसे दायर की गई? पीठ के समक्ष रोहतगी ने जवाब दिया कि याचिकाकर्ता केवल अंतरिम जमानत मांग रहा है। इस पर पीठ की ओर से न्यायमूर्ति मिश्रा ने आगे पूछा, आप किस आधार पर अंतरिम जमानत मांग रहे हैं? रोहतगी ने कहा, मैं 10 महीने से हिरासत में हूँ। इस मामले में संज्ञान लिया जाने वाला था, लेकिन दूसरे पक्ष के कहने पर उच्च न्यायालय ने इसे रोक दिया। पीठ पर उनकी इन दलीलों का असर नहीं हुआ और उसने कोई राहत नहीं दी। गौरतलब है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने 30 मई को उनकी नियमित जमानत याचिका लंबित रहने तक उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय इस मामले में 15 जुलाई को अगली सुनवाई करेगा। इससे पहले शीर्ष अदालत ने सात अप्रैल को उन्हें चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत बढ़ाने से इनकार कर दिया था।

## मोदी ने अपने ग्यारह वर्षों के कार्यकाल में हर संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का किया काम-राठौड़

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ग्यारह वर्षों के कार्यकाल में हर संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का काम किया और इससे गरीब की तकदीर और हिंदुस्तान की तस्वीर बदल गई। राठौड़ यहां भाजपा कार्यालय में मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के तहत आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है और 11 वर्ष पहले जिन संकल्पों के साथ मोदीजी की अगुवाई में सरकार बनी थी, वे संकल्प सिद्धि तक पहुंच रहे है। हिंदुस्तान की तस्वीर और गरीब की तकदीर बदल गई। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक के अध्ययन के अनुसार देश में 27 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। यह मोदी सरकार के नेतृत्व में देश की आर्थिक तरक्की है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा और विदेश नीति भी मजबूत एवं सुदृढ़ हुई है। फिर चाहे वो पाकिस्तान में आतंकवादी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर हो या फिर 1960 का सिंधु जल समझौता रद्द करने का ऐतिहासिक फैसला हो। प्रधानमंत्री ने हर संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का काम किया है। राठौड़ ने कहा कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना के तहत 649 किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली से 16.17 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। अब सिंधु जल समझौता रद्द करने से राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और जम्मू-कश्मीर को सीधा फायदा होगा। सिंधु और चिनाब का पानी रावी-व्यास के माध्यम से हरिके बैराज में पहुंचेगा और हरिके बैराज से पानी इंदिरा गांधी नहर परियोजना के माध्यम से राजस्थान को मिलेगा। इससे राजस्थान की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। इसी तरह राम जल सेतु लिंक परियोजना से राजस्थान के 40 प्रतिशत हिस्से में, करीब 3.25 लाख जनसंख्या को पेयजल, 4.03 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई का करीब 4102 मिलियन क्यूबीक मीटर पानी मिलेगा।

## मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर मजबूत, आत्मनिर्भर, विकसित राष्ट्र के रूप में उभर रहा है: लालपुरा

**रूपनगर।** भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई सिर्फ एक राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक क्रांति है। भाजपा द्वारा गांव लोहगढ़ फिड्डे में आयुष्मान और ई-श्रम कार्ड बनाने के लिये आयोजित एक विशेष सहायता शिविर में लालपुरा ने कहा कि मोदी सरकार की नींव सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर रखी गयी है। ऐसा भारत, जो अपने नागरिकों को सम्मान, सुरक्षा और नये अवसर दे रहा है और वैश्विक मंच पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। लालपुरा ने कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल को 'काले दिन' करार देते हुये कहा कि उनके शासन काल में विकास ठप था, भ्रष्टाचार चरम पर था और पंजाब जैसे राज्यों को जान-बूझकर पिछड़ा रखा गया। पंजाब, जो कभी खुशहाली का प्रतीक था, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की गलत नीतियों के चलते नशा, बेरोजगारी और अपराध के जाल में फंस गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पंजाब को न सिर्फ मुख्यधारा से जोड़ा, बल्कि माताओं के लिए मातृत्व योजना, किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, युवाओं के लिए स्किल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया और हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने जैसी योजनाओं के जरिए विकास की रोशनी हर कोने तक पहुंचायी है।

## युद्ध में फंसे पंजाबियों की सुरक्षा के बजाए केजरीवाल को रास भेजने में व्यस्त आप सरकार: ब्रह्मपुरा

एजेंसी < तरनतारन
www.dailypioneer.com

शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष और खडूर साहिब निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने इजरायल तथा ईरान के बीच चल रहे युद्ध में फंसे पंजाबियों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के पीछे हटने की कड़ी निंदा की है। ब्रह्मपुरा ने कहा, वर्तमान तथ्य स्पष्ट रूप से संकेत देते हैं कि पंजाब के हमारे नागरिक बड़ी संख्या में इजरायल और ईरान दोनों में मौजूद हैं। विशेष रूप से इजरायल में, नर्सों, देखभाल करने वालों और निर्माण श्रमिकों सहित पंजाबी समुदाय के सदस्य महत्वपूर्ण संख्या में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, युद्ध के इस बेहद खतरनाक माहौल में, अपने राज्य के नागरिकों के बहुमूल्य जीवन की रक्षा करना किसी भी जिम्मेदार मुख्यमंत्री के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, यह बेहद शर्मनाक और खेदजनक है कि जहां देश के अन्य सभी राज्यों के मुख्यमंत्री अपने लोगों की वापसी और सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं और विदेश मंत्रालय के साथ लगातार समन्वय कर रहे हैं, वहीं भगवंत मान ने अपने लोगों की सुरक्षा के लिए कोई चिंता नहीं दिखाई है। उनका पूरा ध्यान केवल दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपमानजनक हार के बाद 'आप' सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को राज्यसभा भेजने के राजनीतिक एजेंडे पर है। ब्रह्मपुरा ने कहा, आप का पूरा ध्यान इस समय लुधियाना पश्चिम उपचुनाव पर है।

## जितेंद्र श्योराण 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**हिसार।** हरियाणा के हिसार में पूर्व इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) नेता एवं हिसार संघर्ष समिति के प्रधान जितेंद्र श्योराण के रिमांड पूरा होने के बाद न्यायालय ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत भेज दिया है। रिमांड के दौरान श्योराण ने कई खुलासे किये हैं। श्योराण ने बताया कि उसने ब्लैकमेलिंग का एक पूरा नेटवर्क खड़ा हुआ था। वह मीडिया का गलत इस्तेमाल कर डराता-धमकाता था और अवैध वसूली करता था। पुलिस की रडार पर इस मामले में कुछ पत्रकार भी हैं, जो इस गिरोह में शामिल हो सकते हैं। पुलिस दोबारा भी इनको पूछताछ के लिए बुला सकती है। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कुछ पत्रकारों ने बैठक की और पुलिस कार्रवाई पर रोष प्रकट किया। इस बैठक में फैसला लिया गया है कि मंगलवार को एक दल जाकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेगा। गौरतलब है कि पुलिस ने हिसार के तमस बार से अवैध वसूली में जितेंद्र श्योराण और उसकी साथी को आठ लाख रुपये कैश के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में पूरे गिरोह की संलिप्तता सामने आयी थी, जिसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। पुलिस ने इनसे कई घंटों तक पूछताछ भी की थी। इसके बाद से ही पत्रकारों में रोष है और पुलिस कार्रवाई को वह गलत बता रहे हैं।



## पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले युवक की मौत

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में प्रेमिका के घर के बाहर पेट्रोल डालकर अपने ऊपर आग लगाने वाले युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि माधौगंज थाना क्षेत्र के बाबा मोहल्ला निवासी अजय कुशवाह ने प्रेमिका के द्वारा विवाह करने से इंकार करने पर रविवार को पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। इस बीच घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। बताया कि दोनों एक-दूसरे को करीब 9 साल से परिचित थे। पिछले दो साल से दोनों में कुछ अनबन चल रही थी। अजय युवती से शादी करना चाहता था, लेकिन वह विवाह के लिए राजी नहीं थी। परेशान होकर यह कदम उठाया गया। पुलिस दोनों की कॉल डिटेल निकालने की तैयारी भी कर रही है।



## मई में बेरोजगारी की दर 5.6 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली।** देश में मई 2025 में बेरोजगारी की दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गयी है। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने यहां जारी श्रम बल सर्वेक्षण - मई 2025 में कहा कि अप्रैल 2025 में बेरोजगारी की दर 5.1 प्रतिशत रही थी जो मई में बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि संबंधित सर्वेक्षण में 15 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को शामिल किया जाता है। मई 2025 के सर्वेक्षण के लिए 7511 गांवों और उप नगरों को शामिल किया गया। इसमें 89 हजार 372 परिवार रहे। कुल तीन लाख 79 हजार 600 लोगों से बात की गयी।

## कार की टक्कर लगने से पिता की मौत, पुत्र घायल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बिलखिरिया थाना क्षेत्र में एक कार ने मोटरसायकल को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसायकल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसका पुत्र घायल हो गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रायसेन जिले के सेहतगंज के निवासी कन्हैयालाल बंसल (50) अपने पुत्र सौरभ के साथ कल मोटरसायकल से बेटी की ससुराल छावनी बिलखिरिया जा रहे थे।

## गीजर गैस लीक होने के कारण नवविवाहित युगल की दम घुटने से मौत

एजेंसी < कोल्हापुर
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र में कोल्हापुर जिले के बुरुडे गांव में गीजर गैस लीक होने से नवविवाहित युगल की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक युगल की पहचान सागर सुरेश करमलकर (32) और उनकी पत्नी सुषमा (26) के रूप में हुई है, जिनकी शादी 20 मई को हुई थी। वे अंबोली घूमने गए थे और रविवार को ही लौटे थे। उन्होंने बताया कि आज तड़के सागर के दोस्तों ने उसे फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जब वे उससे मिलने उसके घर गए, तो उन्होंने पाया कि दरवाजा खुला था तथा जिस कमरे में सागर और उसकी पत्नी के शव पड़े थे, वहां से गैस की गंध आ रही थी। सागर के दोस्तों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौतों की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया। उन्होंने बताया कि गीजर गैस लीक, खासकर कार्बन मोनोऑक्साइड छोड़ने वाला गंभीर सुरक्षा खतरा है और जानलेवा हो सकता है। कार्बन मोनोऑक्साइड एक रंगहीन, गंधहीन गैस है जो रक्त में ऑक्सीजन को विस्थापित कर देती है, जिससे दम घुटने लगता है।

## उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं देने की लापरवाही चिंताजनक: कांग्रेस

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं देने की मोदी सरकार की कथित लापरवाही को चिंताजनक करार देते हुए कहा है कि संबंधित संस्थानों में खाली पदों को शीघ्र भरा जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रिपोर्टों के अनुसार नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में अधिकारियों और कर्मियों की भारी कमी है। आंकड़ों के हवाले से उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय में 53 प्रतिशत,नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो में 35 प्रतिशत और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में 17 प्रतिशत पद रिक्त हैं। रमेश ने कहा कि कर्मियों की कमी होने से सुरक्षित उड़ान सुनिश्चित संभव नहीं होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विमानन सुरक्षा, निरीक्षण, विनियमन और परिचालन से संबंधित प्रमुख विभाग आधे से भी कम स्टाफ पर कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरकार उड्डयन क्षेत्र की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दे रही है जो बहुत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति की रिपोर्ट के बावजूद कार्रवाई नहीं होना गंभीर मामला है। सरकार को इस पर स्थिति स्पष्ट करने चाहिए और कदम उठाने चाहिए।

# वित्तीय धोखाधड़ी को देखते हुये डिजिटल सहमति के लिए 'पायलट परियोजना' शुरू

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



बैंकिंग लेनदेन की संवेदनशीलता और स्पैम कॉल के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए बैंकिंग क्षेत्र के लिए भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने भारतीय रिज़र्व बैंक और बैंकों के साथ मिलकर डिजिटल सहमति प्रबंधन के उद्देश्य से पायलट परियोजना शुरू की है। ट्राई ने जारी एक बयान में कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा की जाने वाली स्पैम शिकायतों में बड़ी संख्या उन व्यावसायिक संस्थाओं के खिलाफ होती हैं, जिनसे उपभोक्ताओं ने पहले उत्पाद या सेवाएं खरीदी थीं। जांच में यह पाया गया है कि ऐसी संस्थाएं अक्सर दावा करती हैं कि उन्हें उपभोक्ता की व्यावसायिक कॉल और संदेश प्राप्त करने की सहमति प्राप्त है। दूरसंचार वाणिज्यिक संप्रेषण उपभोक्ता अधिमान विनियम 2018 के तहत यदि किसी संस्था ने उपभोक्ता से स्पष्ट सहमति प्राप्त कर ली है, तो वह उपभोक्ता की 'डू नॉट डिस्टर्ब (डीएनडी)' प्राथमिकताओं के बावजूद उससे व्यावसायिक संचार कर सकती है। ट्राई ने कहा कि हालांकि, कई मामलों में ये सहमतियाँ ऑफलाइन या अप्रमाणिक तरीकों से प्राप्त की गई थीं, जिससे उनकी वैधता और प्रामाणिकता की पुष्टि करना अत्यंत कठिन हो जाता है। अनेक मामलों में उपभोक्ताओं ने रिपोर्ट किया है कि उनके मोबाइल नंबर धोखे, झूठे प्रतिनिधित्व या अनधिकृत डेटा-साझाकरण के माध्यम से प्राप्त किए गए। ट्राई ने हाल के वर्षों में ऐसी प्रथाओं पर अंकुश लगाने के लिए कई नवाचारपूर्ण नियामकीय उपाय किए हैं। इनमें बिना पूर्व डीएनडी पंजीकरण के भी उपभोक्ताओं को अपंजीकृत टेलीमार्केटर्स के खिलाफ शिकायत दर्ज करने की अनुमति देना और स्पैम गतिविधियों में दुरुपयोग किए जा रहे दूरसंचार संसाधनों को बड़े पैमाने पर बंद करना शामिल है। फिर भी, उपभोक्ता की ऑफलाइन सहमति का हवाला देकर व्यावसायिक संचार के लिए सहमति का सत्यापन करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। ट्राई ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए, विनियमों में यह प्रावधान है कि संस्थाएं डिजिटल रूप से उपभोक्ता की सहमति प्राप्त करें और टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं द्वारा बनाई हुई एक सुरक्षित और इंटरऑपरेबल डिजिटल सहमति रजिस्ट्री में इसे पंजीकृत करें ताकि व्यावसायिक संचार के समय इस सहमति को आसानी से सत्यापित किया जा सके। हालांकि, इस प्रणाली के प्रभावी संचालन के लिए उन संस्थाओं का इस फ्रेमवर्क में शामिल होना आवश्यक है जो व्यावसायिक संचार भेजती हैं।

## राजस्थान में खनिजों की खोज में एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जायेगा: रविकांत

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में खनिजों की खोज के लिए अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं मशीन लर्निंग (एमएल) तकनीक का भी सहयोग लिया जाएगा। प्रमुख सचिव (खान एवं भूविज्ञान) टी. रविकान्त ने बताया कि आरंभिक परियोजना के तहत भीलवाड़ा और भरतपुर के साथ ही चित्तौड़गढ़ के कुछ स्थानों पर एआई के माध्यम से महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिज संभावित क्षेत्रों को चिह्नित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि खनिज क्षेत्र में नवाचार के तहत एआई के उपयोग का निर्णय लिया गया है और इसके लिए राजस्थान राज्य खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (आरएसएमईटी) की ओर से केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसी के साथ काम शुरू किया जायेगा। रविकांत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राज्य को खनिज खोज एवं खनन क्षेत्र में देश में अव्वल राज्य बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अब प्रमुख खनिजों की नीलामी में राजस्थान समूचे देश में शीर्ष पर आ गया है, वहीं खनिज क्षेत्र से राजस्व में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि अब राज्य के भूगर्भ में छिपे बेशकीमती खनिजों के खोज कार्य को गति देने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि राज्य में उपलब्ध 82 प्रकार के खनिजों में से अधिक से अधिक खनिज भण्डारों की खोज करके खनन किया जा सके। वर्तमान में राज्य में 57 प्रकार के खनिजों का खनन हो रहा है। रविकान्त ने बताया कि एआई के माध्यम से आरंभिक परियोजना के रूप में भीलवाड़ा, भरतपुर और चित्तौड़गढ़ में काम आरंभ किया जाएगा। एआई अध्ययन से प्राप्त रिपोर्ट के अधार पर खनिज संभावित चिह्नित स्थानों पर प्राथमिकता से खुदाई करवाकर नमूनों का रासायनिक विश्लेषण करवाया जायेगा और उसके परिणामों के आधार पर ब्लॉक तैयार करके नीलामी की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि परंपरागत तरीके से सर्वेक्षण में अधिक समय एवं धन व्यय होता है, वहीं एआई तकनीक के माध्यम से खोज कार्य में समय, धन और श्रम की बचत होने के साथ ही वैज्ञानिक तरीके से खोज कार्य में गुणवत्ता और खनिज उपलब्धता सुनिश्चितता की संभावना अधिक होगी। खान निदेशक दीपक तंवर ने बताया कि विभाग द्वारा खनिज खोज में पहली बार एआई का उपयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस नवाचार से निश्चित रुप से राज्य में खनिज खोज कार्य को नयी दिशा और गति मिलेगी।

## नौ पार्षदों के उप निर्वाचन में 8823 मतदाता 7 जुलाई को करेंगे मताधिकार का उपयोग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 9 नगरीय निकायों में एक-एक पार्षद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उप निर्वाचन के लिये मतदान 7 जुलाई 2025 को होगा, जिसमें 8 हजार 823 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतगणना 10 जुलाई को होगी। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया है कि नगर पालिका परिषद बैरसिया के वार्ड 7 में कुल 1486, नगरपालिका परिषद सिवनी के वार्ड 11 में 1946, नगर परिषद सांवेर के वार्ड 7 में 1386, गौतमपुरा के वार्ड 15 में 758, ककरहटी के वार्ड 13 में 389, बिछिया के वार्ड 13 में 576, खांड के वार्ड 8 में 375, न्यूटन चिखली के वार्ड 4 में 512 और नगरपरिषद भीकनगाँव के वार्ड 5 में 1395 कुल मतदाता है। यहां पर पार्षद पद के लिये उप निर्वाचन होगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 16 जून से शुरू हो चुका है।

# टैगोर के पैतृक मकान में तोड़फोड़ पर भाजपा का बंगलादेश उच्चायोग पर प्रदर्शन

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर के बंगलादेश स्थित पैतृक मकान में तोड़फोड़ के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने यहां प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि बंगलादेश के सिराजगंज जिले में स्थित टैगोर का घर अब एक संग्रहालय है। रविवार को एक विवाद के बाद भीड़ ने वहां तोड़-फोड़ की थी। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने यहां स्थित बंगलादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सचदेवा के अलावा सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी और योगेन्द्र चंदोलिया, विधायक राजकुमार भाटिया और गजेन्द्र यादव, योगिता सिंह, प्रवीण शंकर कपूर, विनय रावत, सतीश गर्ग, लता गुप्ता, विनोद बछेती, नरेश एरन, बृजेश राय, विक्रम मित्तल, शुभेंदु अवस्थी, यासिर जिलानी, अमित गुप्ता, ऋचा पांडेय, सी.एल. मीणा, सागर त्यागी सहित पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। भाजपा कार्यकर्ता तीन मूर्ति चौक स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय पर एकत्र हुए और दो पुलिस बैरिकेड्स तोड़ते हुए बंगलादेश उच्चायोग की ओर बढ़ने लगे, तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोका और चाणक्य पुरी थाने ले गयी। करीब आधे घंटे बाद सभी को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इस मौके पर सचदेवा ने कहा कि भारत और बंगलादेश दोनों के ही राष्ट्रगान रवीन्द्रनाथ टैगोर ने लिखे हैं। उनके पैतृक मकान पर सुनियोजित तरीके से तोड़फोड़ करना बंगला संस्कृति और हिंदू संस्कृति पर हमला है। उन्होंने कहा कि बंगला संस्कृति को अगर कोई अपमानित करने की कोशिश करेगा तो हिंदुस्तान का हर व्यक्ति आवाज उठाएगा। यहां सब लोग यह संदेश देने के लिए एकत्र हुए हैं कि बांग्ला संस्कृति के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तिवारी ने कहा कि बंगलादेश में जिस प्रकार से हिंदुओं के साथ अत्याचार हो रहा है और खासकर टैगोर के मकान को गिराने की इरादतन कोशिश की गयी है।

# नीट में कट-ऑफ क्लीयर करने वाले समस्त बच्चे आने वाले समय में नए सुकमा की बुनियाद रखेंगे : दीपिका

## सुकमा में नीट परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता, क्षितिज कोचिंग सेंटर के 43 बच्चों ने क्लियर किया कट-ऑफ

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



नीट के परीक्षा परिणाम आने पर और सुकमा जिले के 58 बच्चों में 43 बच्चों के कट-ऑफ क्लीयर करने पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि अब सुकमा बदल रहा है और कहा कि यह सुकमा जिले के सम्पूर्ण छात्र छात्राओं के के साथ साथ उनके अभिभावकों के लिए बहुत गौरव का क्षण है जब नीट परीक्षा 2025 के घोषित परिणामों मे जेईई-नीट कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा संचालित इस कोचिंग सेंटर के 58 विद्यार्थियों में से 43 छात्रों ने नीट की कट-ऑफ क्लियर की है। इसके पश्चात एनईईटी परीक्षा पास करने का मतलब है कि भारत में मेडिकल एमबीबीएस, बीडीएस जैसे कोर्सेज में एडमिशन पाने का मौका मिलता है। इसके अलावा, आप आयुर्वेद बीएएमएस, होम्योपैथी बीएचएमएस, यूनानी बीयूएमएस, और अन्य संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश ले सकते हैं। जिससे वो सभी बच्चे अपने साथ साथ पूरे स्वस्थ्य समाज का निर्माण करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

### कलेक्टर एवं सीईओ का जताया आभार

आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने जिले में संचालित इस व्यवस्था हेतु जिले के कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन का भी आभार जताया। जिनके नेतृत्व में संचालित इस मॉडल कोचिंग व्यवस्था का ही प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि हमारे जिले के कलेक्टर व सीईओ दोनों ही लगातार सुकमा को प्रदेश में अग्रणी भूमिका में लाने हेतु प्रयास रत है चाहे वो शासन के द्वारा संचालित समस्त योजनाएं हो या शिक्षा की दिशा में बच्चों को प्रोत्साहित करने के क्षेत्र में हो नीट में आये इस परिणाम से निश्चित तौर पर अन्य बच्चों में भी ऐसी सफलता प्राप्त करने हेतु अच्छे विचार आएंगे व इसमें सफलता मिलेगी।

### सीएम का कहा धन्यवाद

आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन कोई भी हो जरूरत होती है। संवेदनशीलता की और हमारे मुख्यमंत्री बहुत ही संवेदनशील हैं वो लगातार हर वर्ग के उत्थान हेतु कार्य कर रहे हैं जिसके कारण आज हमारे बच्चे इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रयास आपका है मेहनत हमारे बच्चों का है जब कोई भी कार्य एक अच्छे विचार से किया जाता है तो सफलता अवश्य मिलती है। इसी का यह प्रतिफल की सुकमा के बच्चे विकास की इबारत गढ़ने को तैयार हैं। अंत में उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. मांडवी, कोचिंग संस्था के प्राचार्य, प्रशिक्षक एवं सभी सहयोगी कर्मचारियों को उनके प्रयास और इस सफलता पर बधाई दी।

# जिला अस्पताल की समस्याओं को दुरुस्त करने दुर्गेश ने कलेक्टर को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

जिला अस्पताल की समस्याओं को दूर करने कांग्रेसी नेता दुर्गेश राय ने कलेक्टर को व्यवस्था सही करने पत्र लिखा दुर्गेश ने कहा कि हमारा सुकमा जिला अतिसंवेदनशील होने की वजह से हमेशा डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है, ऐसे में हमारे भोले भाले आदिवासी समय पर इलाज न मिलने से अपनी जान भी गंवा देते है, लेकिन जानकारी के अभाव की वजह से वह बिना किसी से कुछ कहे अपने परिजन को अपने साथ वापस ले जाते है, जैसी स्वास्थ व्यवस्था हमारे जिले में है ऐसा अगर किसी शहरों में हो तो रोजाना अस्पताल में लड़ाई झगड़े और दंगा जैसी स्थिति बन जाती, रोजाना अस्पताल में दुर्घटना के बाद हांथ पैर के टूटने से मरीज पहुंच रहे है, जिनका जिला अस्पताल में अस्थि विशेषज्ञ के न होने की वजह से इलाज नही हो पा रहा है, जिससे आम ग्रामीणों को काफी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है, वहीं नेशनल हाइवे की खराब स्थिति की वजह से मेडिकल कालेज तक ले जाने में भी बहुत परेशानी होती है।


छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी
दुर्गेश राय

### अस्पताल में खून जांच न होना चिंता का विषय

दुर्गेश ने कहा कि जिला हॉस्पिटल मे खून जांच न होना बेहद चिंता का विषय है, जिसके कारण मरीजों को निजी पेथोलॉजी लैब मे जांच कर हजारों रूपये अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है, कई ग्रामीण पैसा एवं आवागमन की असुविधा को देख कर इलाज कराना नहीं चाहते जिम्मेदार अधिकारी यह सब नजर अंदाज करते है जिस पर 3 माह पूर्व मेरे द्वारा लचर स्वास्थ सेवा को लेकर विरोध पर्दशन कर जिला हॉस्पिटल मे स्वास्थ मंत्री के नाम ज्ञापन भी दिया गया था परन्तु आज भी समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

### व्यवस्था दुरुस्त न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

3 माह पूर्व स्वास्थ मंत्री श्याम विहारी जायसवाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन स्वास्थ सेवा दुरुस्त न होना एवं अतिसवेदन क्षेत्र मे भाजपा नेता और मंत्री का ध्यान न देना दुर्भाग्य जनक है। कई महीनों से जनता परेशान है, प्रभारी मंत्री एवं विभागीय मंत्री का सुकमा जिला की जनता को नजर अंदाज करना दुर्भाग्य जनक है, अगर शासन प्रशासन 15 दिनों के अंदर स्वास्थ सेवा दुरुस्त नहीं की जाती है तो कांग्रेस पार्टी के द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा।

# 102 करोड़ की योजना से कोण्डागांव में निर्बाध पेयजल की होगी आपूर्ति

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





कोण्डागांव नगर पालिका में मिशन अमृत 2.0 के तहत जल प्रदाय योजना का काम तेजी से प्रगति पर है। पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के लिए कोण्डागांव से 25 किलोमीटर दूर कोसारटेडा बांध का पानी लाकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में शुद्ध कर नल कनेक्शन के जरिए घर-घर पहुंचाया जाएगा। कुल 102 करोड़ रुपए लागत की इस जल प्रदाय योजना का अब तक 33 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। आगामी डेढ़ से दो वर्षों में योजना का शत-प्रतिशत काम पूर्ण करने का लक्ष्य है। भारत सरकार के मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत कोण्डागांव में पेयजल आपूर्ति के लिए नौ एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। यहां शुद्ध किए गए जल की आपूर्ति शहर में वर्तमान में विद्यमान पांच पानी टंकियों के साथ ही योजना के तहत बनाई जा रही दो नई टंकियों से की जाएगी। मिशन अमृत के अंतर्गत शहर के बांधा पारा में 555 किलोलीटर और फॉरेस्ट कॉलोनी के पास 810 किलोमीटर की ओवरहेड पानी टंकियां निर्माणाधीन हैं। शहर की नई और पुरानी पानी टंकियों के जरिए नौ हजार घरों तक शुद्ध और सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जाएगा। कोंडागांव की 40 हजार आबादी को इसका फायदा मिलेगा। कोण्डागांव नगर पालिका में पेयजल की सुचारू व्यवस्था के लिए मिशन अमृत के तहत 24 किलोमीटर रॉ-वाटर पाइपलाइन और करीब 11 किलोमीटर क्लियर-वाटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी। 143 किलोमीटर डिस्ट्रीब्यूशन लाइन के जरिए हर घर नल से जल की आपूर्ति की जाएगी।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में शिविरों का हो रहा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के जनजातीय ग्रामों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करना एवं समुदाय में जागरूकता बढ़ाना है। इसी क्रम में 16 से 18 जून तक विकासखण्ड कोंटा के कुन्देड में तीन दिवसीय शिविर तथा विकासखण्ड छिंदगढ़ में 16 एवं 17 जून को दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। उन्हें आधार, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी भी दी गई। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से जागरूकता रथ को जनप्रतिनिधियों ने हरि झंडी दिखा कर रवाना किया।

### ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने शासन की पहल

स्वास्थ्य अधिकारी संध्या नाग ने बताया कि धरती आबा अभियान के अंतर्गत लगाए गए शिविरों में स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड वितरण एवं स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिससे स्थानीय समुदाय को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मितानिन कनेश्वरी साहू ने कहा कि गांव की महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण, पोषण आहार और स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में यह अभियान बहुत सहायक रहा है। हमें मितानिन के रूप में इस तरह के शिविरों में सीधे सहयोग करने का अवसर मिल रहा है। जिससे हम समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर पा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक वेंको सुकड़ी, ग्राम छिंदगढ़ ने कहा कि हमें योजनाओं की सही जानकारी मिल रही है और आधार, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड एक ही जगह मिल गया, जिससे बहुत सुविधा हुई। हम सब बहुत खुश हैं। उल्लेखनीय है कि यह अभियान जिले में 30 जून 2025 तक चलाया जाएगा, जिसमें हर जनजातीय ग्राम को योजना लाभों से पूरी तरह संतृप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

### माध्यमिक शाला कोड़ेनार क्रमांक 1 में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**किरन्दुल।** किरन्दुल गजराज कैम्प स्थित शासकीय माध्यमिक शाला कोडेनार क्रमांक 01 में नए शिक्षा सत्र 2025-26 की शुरुआत करते हुए दिन सोमवार बड़े ही उत्साह के साथ शाला प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष नकुल सरकार,पार्षद देवकी ठाकुर, अमृत टंडन, यशोदा चुन्नम की उपस्थिति में नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तक देकर बच्चों को तिलक लगाया गया। इस दौरान समस्त शिक्षकगण, पालकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### संकुल केंद्र कड़मपाल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**किरन्दुल।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार संकुल केन्द्र कड़मपाल विकासखंड कुआकोंडा में प्रतिवर्ष की भांति शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस शाला प्रवेश उत्सव में शिक्षकगण, गांव के जनप्रतिनिधि, सरपंच सचिव एवं पालकगण शामिल हुए। इस दौरान सभी नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया और साथ ही आगामी दिनों से स्कूल में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु संरपच के द्वारा बताया गया। इसके पश्चात (एक पेड़ मां के नाम) तहत पौधा रोपण कार्य पूर्ण किया गया। अन्त में स्कूल के बच्चों, शिक्षकगणों, जन-प्रतिनिधियों सभी पालकगण के बीच न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस प्रवेश उत्सव आयोजन में प्राथमिक शाला रिमानपारा कड़मपाल के प्रधान अध्यापक रविन्द्र प्रताप सिंह गौतम का विशेष योगदान रहा।

# प्रकाश विद्यालय किरन्दुल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरन्दुल स्थित प्रकाश विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह रहें। इस अवसर पर प्राचार्य फादर दिलीप टी मैथ्यू एवं उप प्राचार्य सिस्टर जीना ने अपना कार्यभार संभाला। बच्चों को पुष्प देकर नए सत्र 2025-26 में स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वल्लन एवं सभी धर्म ग्रंथो के वाचन से किया गया। मुख्य अतिथि रूबी सिंह ने बच्चों को कड़ी मेहनत करके पढ़ाई करने का संदेश दिया। प्राचार्य दिलीप टी मैथ्यू ने कहा कि हमें पुस्तक की ज्ञान के साथ-साथ अपनी सूझबूझ के साथ पढ़ाई करके बुलंदियों तक छूने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम मे मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र, पार्षद के साजी, इला पटेल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं का बढ़ा आत्मसम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com


महतारी वंदन योजना शांति नाग के लिए बनी खुशियों की वजह

महतारी वंदन योजना ने वनांचल क्षेत्र की महिलाओं के जीवन में एक नया उजियारा लाया है। ग्रामीण इलाकों में रोजगार की कमी और सीमित संसाधनों के बीच जीवन यापन करना कठिन होता है। इस योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक संबल मिला है, जिससे उनका जीवन बेहतर हुआ है और महिलाओं का आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है। आकांक्षी जिला सुकमा के सुदूर वनांचल में बसे ग्राम छिंदगढ़ में रहने वाली शांति नाग का जीवन पहले ही कई कठिनाइयों से घिरा हुआ था। संसाधनो के अभाव और आर्थिक तंगी ने उनके रोजमर्रा के जीवन को चुनौतीपूर्ण बना दिया था। उनका परिवार खेती किसानी करके अपना भरण पोषण करता था। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता उनके परिवार के लिए एक वरदान साबित हुई है, जिसने न केवल उनके जीवन को सरल बनाया, बल्कि उनके परिवार को भी एक नई दिशा दी। अब वह खुद को आत्मनिर्भर महसूस करती हैं। हितग्राही शांति ने योजना से मिल रहे लाभ के सुखद अनुभव को साझा करते हुए बताया कि परिवार की आमदनी के नियमित और स्थिर स्त्रोत नहीं होने के कारण उनके दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने की समस्या सदैव बनी रहती थी, जिससे आर्थिक संकट की समस्या निरंतर उनके परिवार को घेरे रहता था। पानी की अनिश्चितता के कारण खेती की संभावना भी नहीं रह गयी थी, उनके पति रोजी-मजदूरी कर परिवार का गुजारा चलाते थे। जब महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें वित्तीय सहायता मिलने लगी, तो उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आया। इस योजना से मिलने वाली राशि ने उनके घरेलू खर्चों को पूरा करना आसान बना दिया। अब वह न केवल परिवार के खर्चों को सहजता से पूरा कर पाती हैं, बल्कि अपने परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त भी बना रही हैं। इसी प्रकार छिंदगढ़ के आश्रित ग्राम पुजारीपाल से आने वाली लाभार्थियों ने बताया कि महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त किया है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नई ऊँचाइयाँ दी हैं। इस योजना ने वनांचल क्षेत्र की महिलाओं को एक नई दिशा दी है, जिससे वे न केवल अपनी बल्कि अपने परिवार की भी खुशहाली के लिए सक्षम बन रही हैं। योजना के माध्यम से प्रति माह एक हजार रुपये की वित्तीय सहायता मिलने से हम अपने भविष्य के लिए निश्चिन्त रहते हैं।

### छत्तीसगढ़ में आवागमन होगा और सुगम बस्तर अंचल को मिला बड़ा तोहफा

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा 307.96 करोड़ रुपए की लागत से पेव्ड शोल्डर मानक के साथ 4 लेन में केशकाल बाईपास निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने पर प्रदेशवासियों विशेषकर बस्तर अंचल की जनता की ओर से हार्दिक आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह बाईपास केशकाल घाट खंड में यातायात बाधाओं को दूर कर सुगम, सुरक्षित व निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डबल इंजन सरकार में तेजी से बस्तर अंचल का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित विकास नीति का परिणाम है, जो बस्तर जैसे जनजातीय अंचल को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और ठोस कदम है। इस ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की दूरदृष्टि और पहल के लिए आभार जताते हुए इसे बस्तर के विकास के लिए निर्णायक कदम बताया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-43 (नया-30) पर केशकाल घाट खंड को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए 307.96 करोड़ रुपए की लागत से 11.380 किलोमीटर लंबा 4-लेन बाईपास निर्माण अपग्रेड की स्वीकृति दी गई है। यह बाईपास पेव्ड शोल्डर मानक के अनुरूप होगा और इसके बनने से बस्तर अंचल में कनेक्टिविटी को नया आयाम मिलेगा। यह परियोजना विशेष रूप से केशकाल घाट के कठिन भौगोलिक खंड को पार करने में सहूलियत प्रदान करेगी। बाईपास के निर्माण से न केवल वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा, बल्कि वाहन चालकों को तेज, सुगम और निर्बाध यात्रा का अनुभव भी मिलेगा।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना : एक पखवाड़े के भीतर 40 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं से आदिवासी परिवारों को लाभान्वित किये जाने हेतु जिले के सभी विकासखंड में कलस्टर स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार कोण्डागांव विकासखंड के बुनागांव ने शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें किवईबालेंगा, पाला, कोंगेरा, मालाकोट, बनजुगानी, बांसगांव, तोड़म, चिंचडोंगरी, बुनागांव, मसोरा, केवटी, भीरागांव ब और देवरखगांव के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार बड़े राजपुर विकासखंड के ग्राम कोंगेरा में आयोजित शिविर में आमागुहान, कोरेहोबेड़ा, कोंगेरा और कोरगांव व बड़ बत्तर में आयोजित शिविर में हरवेल, कुल्दाडीही, बड़ बत्तर और छिंदली के ग्रामीण शामिल होंगे। केशकाल विकासखंड के ग्राम करमरी में आयोजित शिविर में डुंडा बेड़मा, बिन्झे, कानागांव, तिमड़ी (हिचका), बड़े खौली, करमरी, बेलगांव (करमरी) के ग्रामीण शामिल होंगे। माकड़ी विकासखंड के ग्राम मारागांव में आयोजित शिविर में कावरा, करमरी, बवई, छोटे सलना, मारागांव, शामपुर, मांझी बोरंड, बाडरा, केरावाही, हाड़ीगांव और बड़गांव के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार मंगलवार 17 जून को बड़े राजपुर विकासखंड के ग्राम कोसमी में आयोजित शिविर में खलारी, गोविंदपुर, हात्मा, बस्तरबुडरा और कोपरा में आयोजित शिविर में पांडोकी, कोपरा, नौकाबेड़ा, मांडोकी, खरगांव के ग्रामीण शामिल होंगे। जनपद पंचायत मुख्यालय फरसगाँव में आयोजित शिविर में गट्टीपलना, मांझी आठगांव, चिचाड़ी, बानगांव, बोरगांव पश्चिम व पांडे आठगांव के ग्रामीण शामिल होंगे। बुधवार 18 जून को कोंडागांव विकासखंड के बफना में आयोजित शिविर में बफना, चिपावंड, काकड़ाबेड़ा, मुलमुला, फुकागिरोला, बड़े सिलाटी, सिंगनपुर, डोगर सिलाटी, भीरागांव अ, भोगाड़ी, मरवाबेड़ा मालगांव, निलजी, कतावंड, उमरगांव, कुलझर नेवता, पल्ली, सितली, चिलपुटी, पलारी और डोंगरीगुड़ा, बड़े राजपुर विकासखंड के पेंड्रावन में आयोजित शिविर में पिटेचुवाँ, कुरूभाट, मानिकपुर, पेंड्रावन और होनावंडी, फरसगांव विकासखंड के कबोंगा में आयोजित शिविर में लंजोड़ा, सिरपुर, सोड़मा, कुम्हार बड़गांव, सिरसी कलार, कबोंगा, कोसागांव और जैतपुरी, केशकाल विकासखंड के ग्राम धनोरा में आयोजित शिविर में करारमेटा, कोरकोटी, धनोरा, बदवर, बनियागांव, भाटगांव और सवाला, माकड़ी विकासखंड के ग्राम उलेरा में आयोजित शिविर में सोनाबेड़ा, गुहाबोरंड, देवडोंगर, पुसापाल, कोटवेल, उलेरा, कोसा हरदुली, तारागाँव, ठेमगांव, कोकोड़ी, रांधना, देव हरदुली, बरकई, नालाझर, भीरागाँव, भाटगाँव, लुभा और संडसा के ग्रामीण शामिल होंगे।

गुरुवार 19 जून को ग्राम सलना में आयोजित शिविर में छोटे मालगांव व उड़ीदगांव और केशकाल विकासखंड के खाले मुरवेंड में आयोजित शिविर में खाले मुरवेंड, डोंडेरापाल, सालेभाट, हरवेल और चिपरेल के ग्रामीण शामिल होंगे। शुक्रवार 20 जून को कोंडागांव विकासखंड के बड़े बेंदरी में आयोजित शिविर में बड़े बेंदरी, बड़े कनेरा, भगदेवा, छोटे भीरावंड, बड़े भीरावंड, बोलबोला, छोटे बंजोड़ा, कमेला, कुकाड़ गारकापाल, करंजी और कोकोड़ी, बड़े राजपुर विकासखंड के बांसकोट में आयोजित शिविर में मारंगपुरी, बांसकोट और चिचाड़ी, फरसगांव विकासखंड के कुल्हाड़गांव में आयोजित शिविर में चूरेगांव, भानपुरी, चांदागांव, भूमका, कुल्हाड़गांव, भंडारसिवनी और चरकई, माकड़ी विकासखंड के बीजापुर में आयोजित शिविर में करंडी, देवगांव, अनंतपुर, बीजापुर, हिरलाभाट, अमरावती, छोटे अमरावती, बेलगांव वन, देऊरबाल, ओडारगांव, तरईबेड़ा, तुर्रेबेड़ा, बिजोली, बड़े घोड़सोड़ा, छोटे घोड़सोड़ा, बड़े सोहंगा, बेड़ागांव, छिनारी, नेवरा, छत्तौड़ी, किरमारी, एरला, गागड़ा, सिवनी और गुमड़ी के ग्रामीण शामिल होंगे। शनिवार 21 जून को बड़े राजपुर विकासखंड के टेवंसा में आयोजित शिविर में टेवंसा, कलगांव और बड़े राजपुर, फरसगांव विकासखंड के ग्राम आलोर में आयोजित शिविर में भंडारवंडी, पैंसरा, आलोर, पतोड़ा, बैलगांव और फुपगांव, सोमवार 23 जून को कोंडागांव विकासखंड के बनियागांव में आयोजित शिविर में बनियागांव, दहिकोंगा, बाखरा, राजागांव, सुकुरपाल, जोबा, घोड़ागांव, बनउसरी, माकड़ी, मोहलई, मेड़पाल, करनपुर, हिरामांदला, बोटीकनेरा, बड़े बंजोड़ा, पूसावंड और काकड़गांव, फरसगांव विकासखंड के बड़े डोंगर में आयोजित शिविर में चांदाबेड़ा, छिंदली, बड़े डोंगर, गोड़मा, मोहपाल, दिगानार, बंगोली, बनचपई, कोटपाड़ और खंडसरा, केशकाल विकासखंड के बटराली में आयोजित शिविर में बटराली, कोहकामेटा, सिदावंड, मांझीचेर्रा और आंवरी जनपद पंचायत मुख्यालय माकड़ी में आयोजित शिविर में बाग बेड़ा, खुडी, मगेदा, भतवा, ओटेंडा, पीढ़ापाल, अरंगुला, जरंडी, माकड़ी, भिरंडा, धारली, जोंधरा, उमरगांव, बेलगांव 2 और उड़ीदगांव के ग्रामीण शामिल होंगे।

# स्कूल बसों का किया गया भौतिक निरीक्षण




पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पूर्व 14 जून 2025 को परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोण्डागांव जिले के समस्त स्कूल बसों की जांच की गई एवं चालक परिचालक का नेत्र एवं स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया, संयुक्त जांच के दौरान कुल 36 स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण किया गया। जिसमें वाहनों के समस्त दस्तावेज की वैधता की जांच की गई जैसे फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र, मोटरयान कर आदि की जांच कि गयी साथ ही वाहनों में सुरक्षा मानकों जैस अग्निशामक यंत्र, कैमरा, जीपीएस डिवाइस, स्पीड लिमिट डिवाइस की भी जांच की गई। जांच अभियान के दौरान कुल 07 वाहनों में विभिन्न कमियां पाई गई जिसें आवश्यक सुधार कर 07 दिवस के भीतर पुनः जिला परिवहन कार्यालय में निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करने संबंधित को निर्देशित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्कूल बसों के वाहन चालक व परिचालकों का बीपी, शुगर एवं नेत्र परीक्षण किया गया। जिसके 03 वाहन चालकों का नेत्र दृष्टि कमजोर पाया गया है जिन्हें चश्मा लगाने हेतु परामर्श दिया गया है।

# समस्याओं से जूझ रहे हाउसिंग बोर्ड कालोनीवासी

## मेंटेंनेंस ठेका लेने वाले का पता नहीं, वार्डवासियों में नाराजगी

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

आशियाना की तलाश में वैसे तो अनेक लोग लगे हुए हैं। ऐसे लोगों को पहले भूमाफियाओं ने बेरहमी से लोक लुभावन सपने दिखाकर ठग लिया। जो कालोनियों में सर्वसुविधायुक्त व्यवस्थाओं की बात कही जाती थी, वह जब ऐसे लोग उक्त कालोनी में बसे तो इन्हें मूलभूत सुविधाओं के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ी। आज भी ऐसे अनेक कालोनियां हैं जहां नाली निकासी, लाईट, सड़क इत्यादि नहीं है। लोगों को जब इस बात की जानकारी हुई और वे जागरूक हुए, तब उन्होंने सोचा कि ऐसे कालोनियों में जहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है, वहां के बजाय शासन द्वारा संचालित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में ही मकान लिया जाये और उन्होंने इसके लिये हाउसिंग बोर्ड के नियम शर्तों का पालन करते हुए अनेक मकान लेकर निवास करना शुरू किया किंतु यहां भी साफ सफाई के नाम पर कालोनीवासी बेहद परेशान हैं। रत्नाबांधा रोड स्थित पुरानी मंडी नाका चौक से हटकेशर के जाने वाले रास्ते में बड़े बड़े मकान और काम्प्लेक्स नजर आते हैं जिन्हें देखकर नागरिक उक्त क्षेत्र में मकान लेने की जिज्ञासा प्रकट करते है और अनेक लोगों ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी में अपने जेवर बेचकर मकान ले लिया। लेकिन यहां के निवासियों को निस्तारी पानी के निकासी का कोई साधन उपलब्ध नहीं है। जो कालोनी बनाई गई है, उसमें वर्षा का पानी उनके घरों के अंदर घुस जाता है जिसकी निकासी इन्हें रतजगा कर करनी पड़ती है। हद तो यह है कि इस कालोनी में साफ सफाई के लिये जिस व्यक्ति को ठेका दिया गया है, उसके द्वारा साफ सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण यहां गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो चुका है। महीनों सफाई नहीं होने से ऐसे हालात बन गये हैं। पिछले दिनों से शहर के एक वार्ड में पीलिया से पीड़ित मरीज की भी जानकारी मिली है जो इसी तरह फैली गंदगी का शिकार हो गया। लोगों को भय है कि सफाई नहीं होने की वजह से कहीं यहां भी गंभीर बिमारी जल जनित रोग का हमें भी सामना न करना पड़ जाये। बताया जाता है कि साफ सफाई के नाम पर हाउसिंग बोर्ड तथा नगर निगम दोनों



कालोनीवासियों से पैसे वसूलते हैं। यहां लगभग 400 से 500 मकान निर्मित हैं और उनसे 600 से 700 रूपये हाउसिंग बोर्ड मेंटेंनेंस कर के नाम पर वसूलता है। वहीं निगम क्षेत्र में मकान होने का टेक्स निगम वसूलता है। लेकिन सुविधाएं यहां के निवासियों को नहीं मिल पा रही है। महीनों से सफाई नहीं होने की वजह से चिंतित यहां के निवासियों को बार बार इसके लिये संबंधित विभाग को बताना पड़ता है परंतु उन पर कोई असर नहीं होता। साफ सफाई के अभाव में यहां के नागरिक बेहद त्रस्त हैं। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जिस ठेकेदार को साफ सफाई का ठेका दिया गया है उसके द्वारा भी इस मामले में भारी कोताही बरती जा रही है जिसका कहीं अता-पता नहीं रहता। इन्होंने इस ठेकेदार की लापरवाही को भी संबंधित विभाग को अवगत कराया परंतु उक्त ठेकेदार पर किसी प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नहीं की। खबर है कि यह ठेकेदार सत्तापक्ष से जुड़े होने के कारण इस पर कोई दबाव डालने की जुर्रत नहीं कर सकता। वहीं दूसरी ओर यह ठेकेदार अपने आप को राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर के नेताओं की पहुंच बताकर इसी तरह कार्य हासिल कर घोर लापरवाही बरतते आ रहा है जिससे शासन की छवि भी धूमिल हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के नेताओं, मंत्रियों को अपना खास बताते हुए इस ठेकेदार ने अनेकों स्थानों पर ऐसे ही कार्य लिये हैं जिसमें भी भारी गोलमाल किया जा रहा है। कांकेर जिले में विद्युत विभाग का काम लेकर यहां कार्यरत मजदूरों को भी भुगतान नहीं दिया था जिसकी मजदूरों ने कांकेर जिले की पुलिस को इसकी रिपोर्ट करते हुए ठेकेदार पर कार्यवाही किये जाने की मांग की थी। इस पर तो यह भी आरोप है कि अपने को प्रचारित करने किसी भी वीआईपी, मंत्री, संगठन पदाधिकारी के आगमन पर कहीं से भी मंच पर चढ़कर अपनी फोटो खिंचवा लेता है और वही फोटो को वायरल करते हुए जिला एवं विभिन्न जिलों के अधिकारियों को दिखाकर शासकीय कार्य प्राप्त करने की कोशिश करता है। इसकी यह आदत अब चर्चित हो चुकी है। इसे लेकर भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं ने इस नेता बनाम ठेकेदार को लेकर काफी नाराजगी जताते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को इसकी शिकायत की है। इसी कड़ी में हाउसिंग बोर्ड कालोनी के लोगों ने भी अब उक्त व्यक्ति के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी कर ली है। इनका कहना है कि आगामी दिनों में बरसात का मौसम लग जायेगा और सड़क से समतल भूमि पर हमारा आवास है और सड़क का पानी हमारे घरों में घुस जाता है जिसके चलते कभी कभी जलजीव भी घरों में घुस जाते हैं जिससे हमारा परिवार दहशत में है। गौरतलब रहे कि शासन के नियमानुसार किसी भी हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाई गई कालोनी चाहे वह निगम, पालिका या पंचायत हो, निर्माण के पांच साल बाद उक्त कालोनी को संबंधित विभाग को सौंप दिया जाना चाहिये था। लेकिन धमतरी का दुर्भाग्य है कि कालोनी बने 12 साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन आज भी हाउसिंग बोर्ड के जिम्मेदार द्वारा निगम को उक्त कालोनी को विधिवत सौंपा नहीं गया है। इसे लेकर भी कालोनीवासियों में काफी नाराजगी है। इनका कहना है कि कालोनी की जिम्मेदारी निगम को मिल जाये तो काफी हद तक हमारी समस्याओं का हल होने की उम्मीद है। कालोनी में व्याप्त समस्याओं को लेकर हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी छाबड़ा के मोबाईल नंबर 8827667477 में दो-तीन बार संपर्क कर उनका पक्ष लिये जाने का प्रयास किया गया परंतु उनके द्वारा मोबाईल रिसीव नहीं किया गया। वहीं इस मामले को लेकर कार्यपालन अभियंता नरेटी से दूरभाष पर संपर्क किया गया जिस पर उनका कहना है कि कालोनीवासियों की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। कालोनी के मेंटेंनेंस का ठेका लेने वाले संबंधित ठेकेदार को भी मेरे द्वारा हिदायत दी गई है। वहीं शासन का पत्र भी हमें प्राप्त हुआ है जिसमें निगम को विधिवत कालोनी सौंपना है, उसके लिये भी हम कार्यवाही प्रारंभ कर दिये हैं।

# ओपन स्कूल परीक्षा, आवेदन की अंतिम तिथी 30 जून तक

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के कक्षा दसवीं और बारहवीं परीक्षा का आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित है। साथ ही विलंब शुल्क के साथ आवेदक 3 जुलाई से 8 जुलाई तक अपना आवेदन कर सकते है। डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपन स्कूल प्रभारी टी आर ध्रुव ने बताया कि इच्छुक आवेदक विद्यालय में कार्यालयीन दिवसों में आवेदन पत्र फार्म प्राप्त कर नवीन आवेदन, आरटीडी, अवसर परीक्षा, क्रेडिट योजना एवं श्रेणी सुधार परीक्षा के जमा कर सकते है। ओपन स्कूल बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार अब ओपन स्कूल की परीक्षा वर्ष में तीन बार अगस्त, नवंबर और अप्रैल माह में आयोजित किए जाएँगे। प्रतिवर्ष अगस्त माह में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए फार्म भरने की अंतिम तिथि 30 जून तक सामान्य शुल्क एवं 3 जुलाई से 9 जुलाई तक विलंब शुल्क के साथ निर्धारित किया गया है एवं नवम्बर में आयोजित होने वाले परीक्षा के लिए फार्म भरने के लिए 5 अक्टूबर तक सामान्य शुल्क एवं 6 से 10 अक्टूबर तक विलंब शुल्क के साथ। उसी प्रकार प्रतिवर्ष अप्रैल माह में होने वाली परीक्षा के लिए फार्म भरने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक सामान्य शुल्क एवं 1 जनवरी से 15 जनवरी तक विलंब शुल्क के साथ निर्धारित किया गया है।

# कन्या विद्यालय कुरूद में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



पायनियर संवाददाता ✓ कुरूद
www.dailypioneer.com

शाला प्रवेश उत्सव कार्यकम कन्या विद्यालय कुरूद मे जनप्रतिनिधियों और शाला विकास समिति के पदाधिकारियों-सदस्यों के साथ मिलकर प्रवेश उत्सव कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर स्कूली बच्चों से लेकर प्राचार्य-अध्यापकों को बधाई दिया, इस अवसर पर हमारे सुशासन सरकार के बारे में अवगत कराते हुए शासन के योजनाओं से बच्चों को प्रणाम कर मिठाई खिलाकर गणवेश वितरण किया, साथ ही बच्चों को प्रदेश में अव्वल आने के लिए प्रोत्साहित करने नगर अध्यक्ष महोदया की ओर से प्रोत्साहन राशि देने घोषणा भी किया॥आप सबको मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक अजय चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर के ओर से प्रवेश उत्सव के लिए बधाई देता हूँ.. आपका:- भानु चन्द्राकर, विधायक प्रतिनिधि कुरूद।

# बच्चों को गणवेश, पहाड़ा, कापी, पेन देकर मनाया शाला



पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करनापाली सरपंच मोगरा काशीराम दीवान एवं ढुटीकोना संकुल प्रभारी श्याम कुमार भोई , इंदल कुमार पटेल संकूल समन्वयक एवं विशिष्ट अतिथि आनंद राम पटेल पंच रहे। अतिथियों ने प्रवेश उत्सव के अवसर पर मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र का पूजन करने के पश्चात बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली प्रवेश उत्सव गीत एवं एल्बम सभी पालकों को आकर्षित किया, जिसमें सरकारी योजनाओं को लेकर विद्यालय में बच्चों को मिल रहे शिक्षा के साथ-साथ अन्य सुविधाओं को प्रदर्शित किया गया है। अतिथियों ने सभी बच्चों को गणवेश , पहाड़ा, कॉपी, कलम प्रदान किया तथा शारदा महिला स्व सहायता समूह के द्वारा मध्यान्ह भोजन में हरी सब्जी के साथ साथ मौसमी फल आम दिया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक डॉ गिरधारी साहू ने सभी बच्चों को रोज स्कूल आने रोज नई-नई अच्छी बातों को सीखने के लिए प्रेरित किया साथ ही उपस्थित पालकों को बच्चों की स्वच्छता के साथ पूर्ण गणवेश जैसे जूता मौजा, टाई, बैल्ट, रिबन, कापी, पेन आदि की पूर्ति के साथ नियमित विद्यालय भेजने की अपील किया। विद्यालय में पदस्थ सहायक शिक्षक डॉ वीरेंद्र कर एवं निर्मला नायक ने भी शासकीय स्कूलों में मिल रहे सुविधाओं की चर्चा करते हुए पालकों से अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय में प्रवेश करने हेतु आग्रह किया । उन्होंने कहा कि हमें शत् प्रतिशत बच्चों को अपने विद्यालय में प्रवेश करवाना है । इस प्रकार बड़े हर्षोल्लास पूर्वक शासकीय प्राथमिक शाला करना पाली में प्रवेश उत्सव मनाया गया।

# महापौर के प्रयास से मिली मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत धमतरी को बड़ी सौगात मिली है जिसके तहत अब शहर में विद्युतीकरण कार्य और बेहतर हो पायेगा जिसका लाभ धमतरीवासियों को मिल पायेगा। चर्चा के दौरान नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विकास व बुनियादी सुविधाओं की मांगो को लगातार स्वीकृति दी जा रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत 2 करोड़ की स्वीकृति दी गई है जिससे शहर के विद्युतीकरण सुविधाएं और पुख्ता होगी। उक्त राशि से आवश्कतानुसार स्थानों पर नये ट्रांसफार्मर मरम्मत योग्य ट्रांसफार्मर की मरम्मत, नये खंबे व लाईटे लगाई जाएगी। उक्त स्वीकृति व स्वागत मिलने पर महापौर रामू रोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नगरीय प्रशासन व उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि रोहरा शहर विकास के लिए सरकार से फंड स्वीकृत लगातार प्रयासरत है जिसमें लगातार सफलता भी मिल रही है। उक्त स्वीकृति विकास व बुनियादी सुविधाओं की बेहतरी के लिए एक और मील का पत्थर साबित होगा। स्वीकृति दिलाने पर निगम पार्षदो, नगरवासियों व भाजपाईयो ने महापौर रामू रोहरा का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# सर्व समाज समन्वय महासभा द्वारा विमान दुर्घटना में मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

अहमदाबाद विमान दुर्धटना के मृतक व नक्सल अभियान में शहीद जवानों को सादर श्रद्धांजलि देने रविवार शाम 6 बजे नगर घडी चौक, मकई चौक धमतरी में सर्व समाज समन्वय महासभा जिला धमतरी के सदस्यगण एकत्रित हुवे और पूर्व सीएम विजय रुपानी, शहीद आकाश राव गिरिपुंजे सहित सभी को सादर श्रद्धांजलि देते हुवे दीप जलाकर सभी पुष्प अर्पण किये। साथ ही दो मिनट का मौन भी रखे। सभी ने प्रार्थना किया कि भविष्य में ऐसी घटना न हो। उपरोक्त सभी कार्यक्रम में सर्व समाज समन्वय महासभा के महिला जिला प्रमुख पदमनी चंद्राकर, जिला सचिव चन्द्रकला पटेल, ईश्वरी पटवा, बिमला पटेल, श्यामा पटेल, रेणुका नाडेम, हरजिंदर सिंह छाबड़ा, दिलीप पटेल, शैलेन्द्र चंद्राकर, नंदलाल जसवानी, अजय जैन, पुरन देव नाडेम, प्रिया पटेल, काव्या चंद्राकर आदि उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी सर्व समाज समन्वय महासभा सदस्य दिलीप पटेल द्वारा दी गई।

# संत कबीर दास जी की जयंती पर्व मनाया गया नपाध्यक्ष अशोक जैन ने दी शुभकामनाएं





पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

संत कबीर जी के जन्म जयंती के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा सामाजिक समरसता भवन में आयोजित संत कबीर दास जी प्रकाट्य उत्सव पर शामिल हो कर अपनी शुभकामनाएं दिए इस अवसर पर कबीर समाज के पदाधिकारी व सामाजिक महिलाओं के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। व जयंती के इस अवसर पर संत कबीर साहब जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया गया संत कबीर दास जी के संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि संत कबीर साहेब महान आध्यात्मिक संत के साथ युक्त प्रवर्तक व समाज सुधारक भी थे, उनके दोहे आज भी लोगों को प्रेरणा देते हैं कबीर दास जी के विचारों को आत्मसात कर सामाजिक एकता वह आपसी सद्भाव बनाए रखना बेहद आवश्यक है। जयंती समारोह के अवसर पर समाज जनों की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष जैन जी के द्वारा स्वयं के अध्यक्ष निधि से भवन में एक बोरिंग कराए जाने की घोषणा की गई जिससे सामाजिक भवन में समाज के लोगों को पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा साथ ही अन्य कराए जाने वाले विकास कार्यों की भी जानकारी दी गई, व संत कबीर दास जी जयंती पर्व की शुभकामनाएं दिए इस अवसर पर मांग के अनुरूप घोषणा किए जाने पर समाज के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# एक्युप्रेशर-सुजोक वाईब्रेशन एवं चुम्बकीय शिविर का आयोजन 16 जून से

## जोधपुर राजस्थान से पहुंचे डॉक्टर करेंगे ईलाज




पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सर्व ब्राह्मण समाज बलौदा बाजार के तत्वाधान में 6 दिवसीय एक्युप्रेशर/सुजोक वाईब्रेशन एवं चुम्बकीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को श्याम कुमार शुक्ला अध्यक्ष (सर्व ब्राह्मण समाज), सुशील तिवारी, वी.डी. दीवान, नरेंद्र शुक्ला, राजकुमार तिवारी, राजीव लोशन शुक्ला, शिव नरेश शुक्ला,श्रीमति रिचा द्विवेदी, नितेश शर्मा और अन्य समाज के वरिष्ठ लोगों के सानिध्य में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में समाज की पथप्रदर्शिका श्रीमती कमला अशोक तिवारी होंगी जिनके करकमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर इस चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया जायेगा। इस शिविर में एक्युप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग व ट्रीटमेंट संस्थान, जोधपुर राजस्थान के विशेषज्ञों द्वारा ईलाज किया जाएगा। शिविर में जोधपुर राजस्थान से डॉ वीआर चौधरी व थेरेपिस्ट डीआर जाखड़ विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। श्याम कुमार शुक्ला (अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज बलोदा बाजार) ने बताया कि शिविर में पुराना सरदर्द, आंख, कान, नाक, गला, घुटनों का दर्द, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, गैस, लकवा मानसिक तनाव, सर्वाइकल दर्द, घुटनों मे दर्द,बवासीर सहित अनेक बीमारियों का ईलाज बिना दवाई एक्युप्रेशर मसाज,सुजोक, चुम्बकीय एवं वाइब्रेशन थैरेपी से किया जावेगा। शिविर का समय सुबह 08:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं शाम को 04 बजे से 08:00 बजे तक ईलाज किया जाएगा। इस 6 दिवसीय शिविर में हर मरीज का प्रतिदिन 15 से 20 मिनट तक ईलाज किया जाएगा। शिविर को लेकर नगर में काफी उत्साह देखा जा रहा है।शिविर का रजिस्ट्रेशन फीस मात् 100/-रू (6 दिनों के लिए) रजिस्ट्रेशन व अधिक जानकारी के लिए इस नंबर 7976684915 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पुलिस कार्यप्रणाली में उर्दू-फारसी के कठिन शब्दों की जगह होगी सरल हिंदी



पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक जनसुलभ, पारदर्शी और संवादात्मक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश के पश्चात अब राज्य की पुलिस कार्यप्रणाली में प्रयुक्त होने वाले कठिन, पारंपरिक एवं आम नागरिकों की समझ से बाहर उर्दू-फारसी शब्दों को हटाकर उनकी जगह पर सहज और प्रचलित हिंदी शब्दों का उपयोग किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आम नागरिक जब किसी शिकायत, अपराध सूचना अथवा अन्य कार्य से थाने जाता है, तो वह अक्सर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर या अन्य दस्तावेजों की भाषा को लेकर असमंजस में रहता है। अन्य भाषाओ के शब्द आम लोगों के लिए अनजाने होते हैं, जिससे वे न तो अपनी बात ठीक से समझा पाते हैं और न ही पूरी प्रक्रिया को ठीक से समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सहायता और सुरक्षा है, तो उसकी भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो नागरिकों की समझ में आए और उनके विश्वास को बढ़ाए। उपमुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि पुलिस की व्यवहारिक कार्यवाहियों में प्रयुक्त कठिन, पारंपरिक शब्दों को सरल और स्पष्ट हिंदी में बदला जाए। इसके लिए एक शब्द सूची भी तैयार की गई है, जिसमें पुराने कठिन शब्दों के स्थान पर उपयोग किए जाने योग्य सरल विकल्प सुझाए गए हैं। इस पत्र में यह भी निर्देशित किया गया है कि सभी अधीनस्थ अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि यह आदेश केवल औपचारिकता भर न रहे, बल्कि इसका वास्तविक कार्यान्वयन प्रदेश की प्रत्येक पुलिस चौकी, थाने और कार्यालय में दिखे। छत्तीसगढ़ पुलिस अब केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था न होकर जनसंवाद का माध्यम भी बनेगी। भाषा के इस सरलीकरण से शिकायतकर्ता को अपनी बात स्पष्ट रूप से कहने, सुनने और समझने में सुविधा होगी। एफआईआर जैसी प्रक्रिया, जो अब तक केवल अधिवक्ताओं या पुलिस कर्मियों की समझ में आती थी, वह अब आम नागरिक के लिए भी बोधगम्य हो सकेगी।

# बीज बोनी तिहार में किसानों के बीच पहुंचे महापौर रामू रोहरा



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

एकादशी के पावन अवसर पर आयोजित बीज बोनी तिहार में महापौर रामू रोहरा ने किसानों के साथ मिलकर धरती माता की पूजा की और बीज बुआई की रस्म में भाग लिया। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि किसान सिर्फ अन्नदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता हैं। बीज बोनी तिहार, परंपरा और प्रकृति के प्रति हमारी श्रद्धा का प्रतीक है। जब एक किसान बीज बोता है, वह सिर्फ फसल नहीं, देश की उम्मीद बोता है। उन्होंने आगे कहा भारत कृषि प्रधान देश है और केंद्र की मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। धान की 3100 रू प्रति क्विंटल खरीदी, तकनीकी सहायता और किसान सम्मान निधि जैसे निर्णय किसानों को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। श्री रोहरा ने किसानों को आश्वस्त किया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसान के हर सुख.दुख में साथ खड़ी है और उनका परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। बीज बोनी तिहार के अवसर पर उन्होंने सभी किसानों को शुभकामनाएं दी और उज्जवल फसल वर्ष की कामना की।

# स्वास्थ्य विभाग कटघरे में: तीन दिन के नवजात की मौत पर डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही होगी पुष्टि

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




कबीरधाम जिला अस्पताल में टीकाकरण के कुछ देर बाद तीन दिन के नवजात शिशु की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से हड़कंप मच गया है। यह मामला अब स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। शिशु के परिजनों ने चिकित्सा लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**सात साल बाद जन्मा था बच्चा, परिजन बोले- था पूरी तरह स्वस्थ**-पंडरिया निवासी सोना निर्मलकर को शनिवार को ऑपरेशन के जरिए पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी। यह संतान उनके सात वर्षों के वैवाहिक जीवन की पहली संतान थी। परिजनों के अनुसार, बच्चा पूरी तरह स्वस्थ था और सामान्य गतिविधियाँ कर रहा था। सोमवार को उसे जिला अस्पताल में नियमित टीकाकरण के लिए लाया गया था, जहां कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ गई।

**मां की गोद में तोड़ी अंतिम सांस, डॉक्टरों पर देर से इलाज का आरोप**-परिजनों ने बताया कि टीका लगने के कुछ मिनटों बाद बच्चा अचानक बेसुध हो गया और उसकी हालत गंभीर हो गई।

लेकिन मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने तुरंत उपचार नहीं किया। परिजनों के अनुसार, जब तक वे किसी वरिष्ठ डॉक्टर के पास पहुंचे, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और बच्चे ने मां की गोद में ही दम तोड़ दिया। डॉ. सलिल मिश्र ने बताया कि मिल्क एस्पिरेशन से मौत की आशंका, है जिसका पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी । घटना के संबंध में वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सलिल मिश्र ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर ऐसा प्रतीत होता है कि बच्चे की मौत 'मिल्क एस्पिरेशन' के कारण हुई है। उन्होंने कहा, ÷बच्चे की नाक और सांस की नली में दूध के अंश चले जाते हैं, स्तनपान के दौरान दूध फेफड़ों में चला गया हो।

ऐसी स्थिति में सांस अवरुद्ध हो सकती है, जिससे मौत हो सकती है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि केवल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही संभव होगी।

**आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग** - मृतक शिशु के परिजनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और जिम्मेदार डॉक्टरों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही कलेक्टर और स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर न्याय की गुहार लगाने जा रहे हैं।

**जवाबदेही तय होना जरूरी**-टीकाकरण के तुरंत बाद नवजात की मौत और स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी से जिले में आक्रोश का माहौल है। अब निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच समिति की कार्रवाई पर टिकी हैं कि क्या दोषियों की जवाबदेही तय होगी या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दफन हो जाएगा।

# मजदूर संघ का राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अधिवेशन के द्वितीय दिवस में सांसद बघेल व विधायक चन्द्राकर हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ का राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अधिवेशन के द्वितीय दिवस दुर्ग लोक सभा के सांसद विजय बघेल ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता संगठन के लिए समर्पित तथा देश की उन्नति के लिए निष्ठावान होते है. इस अधिवेशन के माध्यम से जानकारी में आया है कि छत्तीसगढ़ में चुँगी क्षतिपूर्ति की राशि 34 रूपया प्रति व्यक्ति कि मान से निकायो को भुगतान हो रहा जबकि मध्यप्रदेश में यह राशि 109 रूपया है. इस भिन्नता को समाप्त कर प्रदेश के निकाय को आर्थिक रूप से मजबूत करना चाहिए। विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता अपने शासकीय दायित्व के साथ कर्मचारी हित में भी मजबूती के साथ कार्य करते है. उन्होने आगे कहा कि चुँगी क्षतिपूर्ति की भिन्नता की जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रख कर समानता का प्रयास किया जाऐगा. अधिवेशन में उपस्थित दुर्ग निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिवेशन की बधाई प्रेषित किया। अधिवेशन के अन्तिम सत्र में प्रदेश के नवीन कार्यसमिति के लिए संरक्षक विष्णु चन्द्राकर, अध्यक्ष शरद दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल वाचपेयी, महामंत्री अनिल सिंह,संगठन मंत्री अमरनाथ दुबे, संयुक्तमंत्री कृष्णा देशमुख, कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष रामवृक्ष यादव, गोपाल सिन्हा, राम अवतार साहू, अरूण मिश्रा, अरूण सूर्यवंशी,सिद्धार्थ मिश्रा, मंत्री रीता चतुर्वेदी, दुर्गेश गुप्ता, हसीब खान, रामलाल विश्वकर्मा, अनिता कश्यप, उदय राज सिंह भोसले, के साथ ही कार्यकारिणी की धोषणा किया गया। अधिवेशन में दुर्ग निगम अध्यक्ष संजय मिश्रा, अनिल सिंह, दुर्गेश गुप्ता, रामबिहारी शर्मा, चन्द्रपाल हरमुख, नलनीश मिश्रा, नवीन साहू, लोकेश बया, संतोष पाण्डेय, शालनी गुरव, विवेक रंगनाथ, विजेंद्र परिहार, गिरधर वर्मा, वामन राव, रेखा कुर्र, यशवंत साहू, शशिकान्त यादव, ओंकार यादव, रोहित बंजारे, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव, राजू बक्शी, सत्यनारायण शर्मा, नंदकुमार कुशवाहा, जय प्रकाश दुबे, हरेन्द्र ठाकुर सहित सौकडो संख्या में भारतीय मजदूर संघ से देश एवं प्रदेश पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गधाभाठा अब बना सोनपुर-कैबिनेट में प्रस्ताव पास, ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री का किया आभार प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कवर्धा जिले के ग्राम पंचायत सिंघनपुरी के आश्रित ग्राम गधाभाठा का नाम अब सोनपुर हो गया है। छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट बैठक में यह प्रस्ताव पास हो गया है। इस फैसले से ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। इस खुशी के मौके पर ग्रामवासियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से कवर्धा विश्राम गृह में मुलाकात की और उनका आभार जताया।

**ग्रामीणों ने जताया आभार**-इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुषमा गणपत बघेल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि गधाभाठा नाम के कारण हमें कई बार शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता था। अब 'सोनपुर' नाम से गांव की पहचान बदलेगी और सम्मान बढ़ेगा।

**ये रहे उपस्थित**-इस मौके पर पुरुषोत्तम साहू, रामचंद्र (जनपद सदस्य), खेलन साहू (पंच), हुलास राम, हीराराम, कृपा राम साहू, सरपंच भरत लाल वंशे और कई ग्रामीण मौजूद थे।

**उप मुख्यमंत्री का बयान**-उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा -गांव का नाम उसकी पहचान होता है। ग्रामीणों की भावनाओं का सम्मान करते हुए हमने यह फैसला लिया है। सरकार हमेशा जनता के साथ है। अब गधाभाठा को 'सोनपुर' के नाम से जाना जाएगा। यह फैसला ग्रामीणों के आत्मसम्मान और सामाजिक पहचान को मजबूत करेगा।

# कलेक्टर ने बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

## समय पर स्कूल नहीं पहुंचने वाले और नदारद शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। और बच्चों को यूनिफॉर्म, किताब,पात्र बच्चों को छात्रवृत्ति, सायकिल सहित शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए कहा है। कलेक्टर ने विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए कार्य करने के लिए कहा है। इसके लिए एनजीओ का भी सहयोग लेने के लिए कहा ताकि बच्चों के शिक्षा स्तर को बेहतर बनाया जा सके। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, जिला शिक्षा अधिकारी, यूनीसेफ , ओपन लिंक फाउंडेशन, प्रथम एजुकेशन सोसाइटी, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों तथा जिले के समस्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी विकास खंड शिक्षा अधिकारीयों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के स्कूलों का नियमित निरीक्षण करेंगे और स्कूल में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों को उपस्थित समय पर शिक्षक स्कूल पहुंच रहे हैं कि नहीं सतत् निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। जो शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंचते हैं और नदारद रहते हैं ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने सभी संकुल समन्वयक को शिक्षकों की उपस्थिति का अवलोकन करने के लिए ट्रैकिंग करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने सभी स्कूलों में डेली डायरी बनाने के निर्देश दिए हैं और प्रतिदिन की गतिविधियों को दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों के निरीक्षण के दौरान डेली डायरी का अनिवार्य रूप से अवलोकन करें और 5वीं से 6 वीं में जाने वाले बच्चों का बेस लाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने प्राथमिक स्तर के कमजोर बच्चों को विशेष ध्यान देकर उनका शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए हैं। कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षा लगाकर उनका शैक्षणिक स्तर बेहतर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे शिक्षक जो एक्टिव नहीं और बच्चों को पढ़ाने में ध्यान नहीं देते उनकी बीईओ और बीआरसी को प्रत्येक सप्ताह रिपोर्ट देने के दिए निर्देश। स्कूल में बच्चों को जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए पटवारियों और शिक्षकों के सहयोग से शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जाति प्रमाण बनाने के जरूरी दस्तावेजों का चेक लिस्ट बनाकर जरूरी कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा है सके लिए बच्चों के पालकों का भी सहयोग लेने के निर्देश दिए है ताकि महत्वपूर्ण और जरूरी दस्तावेज जमा किया जा सके।

# मेयर व कमिश्नर के औचक निरीक्षण में 64 कर्मचारी मिले नदारद, कटेगा वेतन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया. इस दौरान कुल 64 कर्मचारी नदारद मिले. महापौर व आयुक्त ने वेतन काटने का आदेश दिए. महापौर बाघमार इन दिनों एक्शन मोड में हैं.वह दूसरी बार निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण कर रहे हैं.कहा निगम कार्यालाय का निरन्तर निरीक्षण किया जाएगा।महापौर के अचानक दबिश. जिसके बाद कार्यालाय में हड़कंप मच गया. महापौर बाघमार कार्यालय खुलने के समय सुबह राजस्व विभाग,स्थापना शाखा दफ्तर पहुंचे. सभी विभाग का हाजिरी रजिस्टर की जांच की जहां लोक कर्म विभाग 7, बाजार विभाग से 6, लोक सेवा केंद्र 3, जन सूचना विभाग 2, राजस्व विभाग प्लेसमेंट कर्मचारी 10, लेखा शाखा 13, लोक कर्म विभाग 1, सचिवालय 5,स्थापना शाखा 3,राजस्व विभाग कर्मचारी 14,स्वास्थ्य विभाग 1 बड़ी संख्या में कर्मचारी कार्यलय से नदारद मिले. कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आधे दिवस का वेतन काटे जाने की कार्यवाही की गई. उन्होंने सभी कर्मचारियों के टेबल पर नाम पट्टिका आवश्यक रूप से रखे जाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एमआईसी नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, कार्यालाय अधिक्षक आरके बोरकर, पंकज चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद रहें। महापौर अलका बाघमार ने अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही करते हुए सभी कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

# 18 जून को जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मनाया जाएगा विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस

■ सिकल सेल के संबंध में जागरूक करने के साथ ही किया जाएगा मरीजों को निशुल्क चिकित्सीय प्रबंधन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस प्रतिवर्ष 19 जून को मनाया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 18 जून 2025 को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में समस्त आयुष्मान मंदिरों में 18 जून 2025 को होने वाला आरोग्य मेला को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस थीम आधारित आयोजन किया जाएगा। सिकल सेल एक आनुवंशिक विकार है। विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस का उद्देश्य सिकल सेल रोग के बारे में लोगों की जानकारी एवं समझ बढ़ाना तथा रोगियों और उनके परिवार तथा उनकी देखभाल करने वालों द्वारा अनुभव की जाने वाली चुनौतियों के बारे में भी लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस 2008 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित किया गया था, जो सिकल सेल रोग को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में मान्यता देता है। यह दिवस सिकल सेल रोग के बारे में लोगों की जानकारी और समझ बढ़ाने के लिए है। इसके साथ ही रोग से पीड़ित लोगों और उनके परिवारों के समर्थन को बढ़ावा देना, सिकल सेल रोग के इलाज और रोकथाम के लिए शोध को प्रोत्साहित करना और रोग से पीड़ित लोगों के लिए स्वास्थ्य देखभाल में सुधार करने के लिए प्रयास करता है। इस दिवस में समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सिकल सेल के संबंध में जागरूक करने के साथ ही सिकल सेल मरीजों को निशुल्क चिकित्सा प्रबंधन किया जाएगा। इसके साथ ही सिकल सेल स्क्रीनिंग तथा स्क्रीनिंग किये गये व्यक्तियों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड प्रदाय करना और सिकल सेल से संबंधित भेदभाव को कम किये जाने हेतु व्यापक जागरूकता, समुदाय आधारित कार्यक्रम आदि किया जाएगा।

# जशपुर के 6 मेधावी छात्रों को मुख्यमंत्री के हाथों मिली 2-2 लाख की प्रोत्साहन राशि

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेघावी शिक्षा सहायता योजना के तहत कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉप 10 में स्थान पाने वाले पंजीकृत श्रमिकों के 31 मेधावी बच्चों को दो-दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। इसमें जशपुर जिले के 10वीं और 12वीं के 6 मेधावी छात्र भी शामिल थे। जिन्हें मुख्यमंत्री के हाथों को दो-दो लाख रुपए का प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुआ है।

इन 02 लाख रुपये में 01 लाख रुपए नगद एवं 01 लाख रू. 2 पहिया वाहन स्कूटी क्रय के लिए दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक के बच्चों को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10 वीं 12 वीं की परीक्षा में टॉप 10 में आने पर 2 लाख रूपए की राशि दिए जाने का प्रावधान है।

मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेघावी शिक्षा सहायता योजना के तहत जशपुर जिले के नमन कुमार खूंटिया, पूर्णिमा पैंकरा, हर्षिता सिंह, पूजा चौहान, रितु कुर्रे और माही डनसेना को 2 लाख के मान से 12 लाख रूपए की राशि का चेक दिया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने वाले श्रमवीरों के मेधावी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार श्रमिक परिवारों की आवश्यकताओं को भली-भांति समझती है और उनके समग्र कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। आप सभी का स्नेह और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और हम सब मिलकर एक विकसित, समृद्ध और सशक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करेंगे।

# प्रशिक्षण के बाद आयुक्त और जिला मलेरिया अधिकारी ने किया कार्यालय का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



निचली बस्ती हो या फिर पॉश कालोनी मच्छर का प्रकोप हर जगह होता है। मच्छर के काटने से डेंगू, मलेरिया समेत फाइलेरिया और जल जनित बीमारी से बचाव हम खुद कर सकते है। नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.सी. बंजारे ने कार्यशाला में जल जनित रोग और मच्छर से बचाव के तरीकों को विस्तार से बताया। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा कि कर्मचारी प्रत्येक बुधवार को अपने कार्य स्थल पर सफाई करे और सार्वजनिक और रिहायशी इलाकों में कूलर की जांच करे। प्रत्येक घर में दस्तक दे। वहीं जिला मलेरिया अधिकारी ने बचाव के तरीके को विस्तार से बताया। आयुक्त मोनिका ने साप्ताहिक बाजारों में सूखी समुद्री मछली बिक्री पर नजर रखने का भी निर्देश दी है। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर, आजीविका विभाग के सिटी मिशन प्रबंधक, कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में यह बताया- सबसे पहले कूलर को साफकरना है। अगर कूलर के टैंक में लार्वा या फिर कूलर में कीड़े नजर आए तो टेमीफॉस डाले और 1 घंटे तक कूलर में लगे टूल्लू पंप को चालू रखे। इसके बाद पानी को खाली कर दे।

घर के आंगन, किचन गार्डन और छत को अच्छे से देखे कि ऐसा कोई बर्तन, खिलौना का टुकड़ा या फिर ऐसा कोई चीज तो नहीं पड़ा है, जिसमें बारिश का पानी जमा हो। घर के परिसर में खुले में डस्टबीन रखा है तो उसे ढक कर रखे। घर के आस पास पानी ठहराव न होने दे।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) CIN – U40108CT2003SGC015820 GST No. 22AADCC5773E1ZX
कार्यालय अधीक्षण अभियंता (उप–केन्द्र) वृत्त, कोरबा पता – क्वाटर नं. ओसी–13–14, सीएसईबी कालोनी,कोरबा (पूर्व) छ.ग. – 495677

क्रमांकः 11–55/क्रय/टी–181/350 कोरबा, दिनांक 28/05/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

**जीप श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु**

कार्यपालन अभियंता (उपकेन्द्र) संभाग, छ.ग.स्टे.पा.ट्रां.कं.लि., बिश्रामपुर के कार्यो हेतु एक नग वाहन जीप श्रेणी, अवधि 03 वर्ष के लिए किराये पर अनुबंधित करने बाबत्, वाहन मालिक/ट्रेव्हल एजेंसी से सीलबंद निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :–

| निविदा प्रपत्र कय अंतिम तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक18.06.2025 समय 15:00 बजे तक | दिनांक 19.06.2025 समय 15:00 बजे तक | दिनांक 19.06.2025 समय 15:30 बजे तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://cspc.co.in/csptcl_tendernotices/ से डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता (उप–केन्द्र) वृत्त
छ.स्टे.पा.ट्रां.कं.लिमि., कोरबा
स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें
Samvad-44196/3



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

ई कोर्ट नम्बर अ/2, वर्ष 2024-25
क्रमांक/1585/अ.वि.अ./प्रवा-2/2025
कवर्धा, दिनांक 16/06/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण तालपुर को सूचित किया जाता है, कि आवेदक दयाप्रसाद भारती पिता ज्वाला प्रसाद भारती, निवास का पता-हरिनछपरा, तहसील बोड़ला, जिला-कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम तालपुर, प.ह.नं.-10 रा.नि.म. नेवारी, तहसील-कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 129/42 रकबा 0.020 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 30/06/2025 का समय 05:30 बजे तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी।
जारी दिनांक - 16/06/2025
पेशी दिनांक - 30/06/2025

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा
जिला-कबीरधाम छत्तीसगढ़



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //
http://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 25/06/2025

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 57/2025-26 दिनांक 12/06/2025 | 169958 (प्रथम आमंत्रण) | आई.टी.आई. बस्तर, विकासखण्ड -बस्तर में नये प्रशासनिक भवन का रेननोवेश कार्य। | 42.65 |
| 2 | 58/2025-26 दिनांक 12/06/2025 | 169959 (प्रथम आमंत्रण) | आई.टी.आई. बस्तर, विकासखण्ड -बस्तर के पुराने आई.टी.आई. प्रशासकीय भवन में रेनोवेशन का कार्य। | 31.22 |
| 3 | 59/2025-26 दिनांक 12/06/2025 | 169960 (प्रथम आमंत्रण) | सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस आई.टी.आई. -बस्तर, विकासखण्ड-बस्तर में रेनोवेशन कार्य। | 17.55 |
| 4 | 60/2025-26 दिनांक 12/06/2025 | 169961 (प्रथम आमंत्रण) | आई.टी.आई.-बस्तर, विकासखण्ड-बस्तर के आई.टी.आई. कन्या छात्रावास में रेनोवेशन कार्य। | 13.76 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

G-252601554/3

## संपादकीय

# डिजिटल क्रांति सबका सशक्तीकरण

**भारत में डिजिटल क्रांति** हर नागरिक का सशक्तीकरण कर उसे टूल्स, पहुंच व अवसरों के मामले में आगे बढ़ा रही है। पिछले 11 साल में भारत एक व्यापक डिजिटल परिवर्तन से गुजरा है जिसने प्रशासन को पुन: परिभाषित कर नागरिकों का सशक्तीकरण किया तथा देश की विकास यात्रा को निर्देशित किया है। दूरदर्शी नेतृत्व से संचालित तथा राजनीतिक इच्छाशक्ति से सशक्त तकनीकी खोज एवं जन-सहभागिता ने भारत की डिजिटल क्रांति को शहरी सीमाओं से दूर ले जाकर देश के कोने-कोने तक पहुंचा दिया है। इस प्रकार एक समय अलंघ्य समझी जाने वाली डिजिटल बाधा को दूर किया गया है। केन्द्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने हाल ही में कहा था कि इस परिवर्तन से न केवल करोड़ों लोगों को जोड़ा गया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया गया है कि तकनीक हर नागरिक तक पहुंचे। आज प्रशासन पहले की तुलना में ज्यादा पारदर्शी और सक्षम है। 'रियलटाइम डैशबोर्ड', 'डेटा इंटीग्रेशन' एवं डिजिटल ढांचे ने जवाबदेही का स्तर बढ़ाया है तथा कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। सरकार की अनेक प्रमुख योजनाओं ने खासकर ग्रामीण व वंचित क्षेत्रों में करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचाया है। इनमें 'डिजीलाकर', 'कोविन', 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन', 'यू-विन' तथा 'ई-संजीवनी' करोड़ों लोगों के लिए जीवनरेखा बन गई हैं। ये प्लेटफार्म केवल डिजिटल टूल न होकर आम नागरिकों के लिए संसाधनों तक पहुंच, सशक्तीकरण और गरिमा का स्रोत बन गए हैं।

डिजिटल क्रांति का एक सर्वाधिक प्रशंसनीय चेहरा 'यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस'-यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतानों में वृद्धि है। सरकार भविष्य के लिए तैयार 'आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस'-एआई जैसे क्षेत्रों में निवेश कर रही है। सर्वोच्च स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में तीन एआई एक्सलेंस सेंटर स्थापित करने की योजना है। इसके साथ ही अनेक स्वदेशी एआई माडलों, जैसे 'भारतजेन', 'सर्वम-1' तथा 'हनुमान एवरेस्ट-1' का विकास किया जा रहा है जो भारत को वैश्विक एआई दौड़ में अग्रणी स्थान प्रदान करेंगे। 'भारतनेट' परियोजना के अंतर्गत 2.18 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को हाईस्पीड इंटरनेट से जोड़ा गया है तथा देश भर में 8.9 लाख किलोमीटर से अधिक आप्टिकल फाइबर बिछाए गए हैं। भारत दुनिया का सर्वाधिक सस्ता मोबाइल डेटा प्रदान करता है जिससे डिजिटल समावेशन स्तरीय होता जा रहा है। लेकिन इन सभी उपलब्धियों के साथ ही सच्चे 'डिजिटल इंडिया' की राह में कुछ चुनौतियां भी हैं। डिजिटल ढांचे के व्यापक विस्तार के बावजूद जनसंख्या का काफी बड़ा हिस्सा अब भी डिजिटल साक्षरता से संघर्ष कर रहा है। बहुत से लोग, खासकर ग्रामीण और संकटग्रस्त क्षेत्रों में प्रभावी रूप से डिजिटल प्लेटफार्मों के प्रयोग में कुशल नहीं हैं। डिजिटल समझदारी में यह कमी तकनीकी प्रगति के लाभ जनता तक पहुंचाने में बाधा बनती है। इसके साथ ही डिजिटल गतिविधियों में तेजी से साइबर सुरक्षा और डेटा की निजता के बारे में गंभीर चिन्तायें पैदा होती हैं। डिजिटल लेनदेन तथा डेटा का प्रयोग बढ़ने के साथ ही मजबूत विधिक ढांचों, जीवन्त साइबर सुरक्षा प्रणालियों और व्यापक सार्वजनिक जागरूकता की आवश्यकता है ताकि सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए डिजिटल इकोसिस्टम में विश्वास पैदा किया जा सके। कुछ सुदूर व भौगोलिक रूप से दुर्गम क्षेत्रों में ढांचागत कमियां भी सामने आ रही हैं जहां बिजली की अनियमित सप्लाई तथा कनेक्टिविटी सुनिश्चित न होना बड़ी बाधायें हैं। भारत के सामने वर्तमान समय में 'डिजिटल क्रांति' के प्रसार पर और जोर देते हुए उसे ज्यादा समावेशी, सुरक्षित तथा समतापूर्ण बनाने की चुनौती है। भारत वर्तमान समय में '2047 तक विकसित भारत' के दृष्टिकोण पर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में डिजिटल लहर हर नागरिक तक पहुंचनी चाहिए। इससे 'डिजिटल क्रांति' के माध्यम से हर नागरिक को आगे लाने, उसे टूल्स के माध्यम से सशक्त बनाने तथा उसके सामने पहुंच और अवसरों में वृद्धि करने का अवसर मिलेगा। भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# जेल में बंद आंग सान सूकी

**एक समय दुनिया भर में लोकतंत्र का प्रतीक मानी जाने वाली म्यांमार की 80 वर्षीय जेल में बंद आंग सान सूकी की पीड़ा पर दुनिया भर में गुस्सा नहीं पैदा हो रहा है।**



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



आंग सान सूकी 19 जून, 2025 को अपने जीवन के 80 वर्ष पूरे कर 81वें वर्ष में प्रवेश कर रही हैं। वे लंबे समय से जेल में बंद हैं। पिछली अंतिम फर्जी सुनवाई 30 दिसंबर, 2022 को हुई थी जिसकी दुनिया भर में व्यापक निन्दा हुई थी। इसमें उनको सात साल के लिए जेल भेज दिया गया था। इसके साथ सूकी को 33 साल कैद की सजा दी गई है जिसे बाद में घटा कर 27 साल किया गया था। इससे संकेत मिलता है कि म्यांमार के सैनिक शासक जो स्वयं को 'राज्य प्रशासनिक परिषद' कहते हैं, चाहते हैं कि वे जेल में ही मर जाएं। इस संबंध में यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि पश्चिमी लोकतंत्रों में उनके जेल में बंद होने तथा म्यांमार में लोकतंत्र के लिए संघर्ष के प्रति दिलचस्पी घटती जा रही है। हालांकि, असंदिग्ध रूप से उन्होंने सैनिक शासन का समर्थन नहीं किया है और उसके तथा उसके नेताओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाए गए हैं।

इसके बावजूद उनके लगातार जेल में बंद होने तथा सैनिक शासन द्वारा नागरिकों के खिलाफ बर्बर सैनिक कार्रवाई के खिलाफ गुस्से की अभिव्यक्ति बहुत कम और हल्की हो गई है। यह बर्बर सैनिक दमन पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ, विपक्षी राष्ट्रीय एकीकरण सरकार-एनयूजी तथा नस्ली सशस्त्र संगठनों-ईएओ के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में हो रहा है जो एक दूसरे से सहयोग कर सैनिक शासक के खिलाफ युद्ध छेड़े हुए हैं।

हालांकि, इसका कारण यह भी है कि यूक्रेन युद्ध तथा गाजा में इस्राइली कार्रवाई जैसेस नए मुद्दे सामने आ गए हैं और उनको अब सामान्य वैश्विक विमर्शों में केन्द्रीय स्थान मिल रहा है। लेकिन वैश्विक आकर्षण में कमी के कारण सैनिक शासक पर देश में लोकतंत्र बहाली के लिए दबाव घटाने में सहायता मिली है। इससे यह सुनिश्चित हो गया है कि सैनिक शासक को तभी सत्ता से हटाया जा सकता है जब उसे म्यांमार में इस समय जारी गृह युद्ध में पराजित कर दिया जाए।

सैनिक शासक के खिलाफ संघर्षरत बलों में पीडीएफ के अलावा थ्री ब्रदरहुड एलायंस भी है जिसमें म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी-एमएनडीएए उत्तरी शान राज्य के कोकांग विशेष क्षे9 में सक्रिय है, टांग नेशनल लिबरेशन आर्मी-टीएनएलए शान राज्य में तथा अराकान आर्मी-एए देश के पश्चिमी हिस्से के राखीन राज्य में सक्रिय हैं। ये पीडीएफ व अन्य नस्ली सेनाओं के साथ सहयोग कर सैनिक शासक के खिलाफ संघर्ष कर रही हैं। धीरे-धीरे ये बल सरकारी बलों पर हावी होते जा रहे हैं। म्यांमार की सेना 'सिट-टैट' एलायंस द्वारा हमलों के बाद कई पराजयों का सामना कर चुकी है। 27 अक्टूबर, 2023 को शुरू किए इस आक्रमण का नाम 'आपरेशन 1027' रखा गया है।

एए ने अप्रैल, 2024 के बाद पूरे राखीन प्रांत पर कब्जा कर लिया है। एमएनडीएए ने 31 जुलाई, 2024 को दावा किया था कि उसने सिट-टैट के लाशियो सैनिक अड्डे और चीनी सीमा के निकट शान राज्य के हवाईअड्डे पर कब्जा कर लिया है। यह सैनिक शासक के लिए बड़ा झटका था। विवेक शंकर ने 5 अगस्त, 2024 को 'द न्यूयार्क टाइम्स' में दावा किया था कि 'लाशियो शहर और उसके हवाईअड्डे पर कब्जा हो गया है। यहां करोड़ों डालर खर्च कर हाईस्पीड नेल नेटवर्क व अन्य ढांचागत परियोजनायें सीमा के दोनों ओर बनाई गई थीं।' विपक्षी बलों ने अब म्यांमार की सीमाओं और पहाड़ी क्षेत्रों के बड़े हिस्सों पर कब्जा कर लिया है और सेना का नियंत्रण केन्द्रीय इरावडी घाटी के प्रमुख शहरों तथा जमीनों पर ही कब्जा है। सेना अब शहरों और कस्बों में भी हार रही है। 13 अगस्त, 2024 को 'द इरावडी' वेबसाइट में दावा किया गया था कि 'सैनिक शासक का कब्जा अब म्यांमार के 350 शहरों में से केवल 100 पर बचा है।'

इसमें रक्षा मंत्री यू यी मोन के हवाले से कहा गया था कि म्यांमार के 350 कस्बों में से केवल 98 पर ही सेना का कब्जा बचा है। एनयूजी के रक्षा मंत्रालय ने म्यांमार के कस्बों को चार श्रेणियों में बांटा है। इनमें से 75 पर पूरी तरह सरकार-विरोधी समूहों का कब्जा है, 105 ने सरकार-विरोधी समूहों के समक्ष समर्पण कर दिया है, 75 में संघर्ष चल रहा है तथा केवल 98 कस्बे ही सरकार के नियंत्रण में बचे हैं।

4 जून, 2025 को द इरावडी में बेनयार आंग के लेख में दावा किया गया था कि नस्ली अराकान आर्मी-एए ने नवंबर, 2023 में राखीन आक्रमण शुरू करने के बाद पश्चिमी राज्य के 17 कस्बों में से 14 पर कब्जा कर लिया है। सैनिक शासक के नियंत्रण वाले तीन कस्बों में से सिटवे व कायुकफू में लड़ाई जारी है तथा मानुंग ऐसा अकेला कस्बा बचा है जहां से टकराव की खबर नहीं है। एए ने भारत और बांग्लादेश सीमा से सटे पूरे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। इसके पहले उसने नाफ नदी से सटे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था जिसमें मुंगडा, बूठीडौंग और चिन राज्य के पलेटवा कस्बे भी शामिल हैं। इससे बांग्लादेश से उसका सीधा संबंध स्थापित हो गया है तथा भारत मिजोरम सरकार के माध्यम से उनसे सपंर्क बनाए हुए है। असंदिग्ध रूप से सरकारी सेना ने जवाबी हमला करने का प्रयास किया है। 19 मार्च, 2025 को द इरावडी में प्रकाशित लेख 'मैपिंग द म्यांमार जुंटाज़ गेन्स, लासेज़ एंड स्टेलमेट्स सिंस 1027' में सैनिक विश्लेषक ने लिखा था कि 2024 में सैनिक शासक की सेना सिट-टैट ने ज्यादा गतिशील रणनीति अपनाते हुए मोबाइल व सक्रिय रक्षात्मक रणनीतियां अपनाई और पूरे देश में जवाबी हमले किए।

उसकी निर्भरता मुख्यत: युद्धक विमानों तथा ड्रोनों पर थी। लेकिन इन रणनीतियों के कारण सार्थक या निर्णायक विजय नहीं प्राप्त हुई। लेख में बताया गया है कि सैनिक शासक द्वारा कब्जे वाले क्षेत्र कुल मिला कर उन कस्बों और शिविरों के एक प्रतिशत से अधिक नहीं हैं जिन पर प्रतिरोधी बलों ने पहले कब्जा किया था। इसके अलावा सैनिक शासक के पुन: कब्जे वाले क्षेत्रों पर लगातार खतरा मंडरा रहा हैऔर उनको प्रतिरोधी बलों ने घेर रखा है।

लेख में यह भी कहा गया है कि विपक्षी बलों ने गुरिल्ला शैली की कार्रवाइयां तेज की हैं जिनमें घात लगा कर हमले करना, माइन्स बिछाना तथा सिट-टैट के ठिकानों पर लगातार हमले शामिल हैं। असंदिग्ध रूप से उनको अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उदाहरण के लिए, सैनिक शासक ने 2024 में अधिकांश लोईका कस्बे के बड़े हिस्सों पर पुन: कब्जा कर लिया था और करेनी प्रतिरोधी बलों को पीछे हटना पड़ा था। संभवत: इसका कारण उनके पास गोला-बारूद की कमी थी।

लेकिन सिट-टैट को अपनी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और दीर्घकालीन रूप से उसे निश्चित रूप से पराजय साफ दिख रही है। उसमें उत्साह का घोर अभाव है तथा आंतरिक मतभेद बढ़ रहे हैं। अनेक तीन-सितारा जनरलों को हटा दिया गया है। अनेक युवा अधिकारी असंतुष्ट हैं क्योंकि उनकी पहचान पूरे देश के दुश्मन की तरह हो रही है। 'युनाइटेड इंस्टीट्यूट आफ पीस' में 4 मई, 2023 को प्रकाशित एक लेख के अनुसार, 'सिट-टैट की जो शक्ति विद्रोह के पहले 300,000-400,000 थी अब वह घट कर लगभग 150,000 कर्मियों की बची है।'

हालांकि, सिट-टैट को टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों के रूप में लाभ प्राप्त है, पर इस तथ्य के कारण उसे इनका ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा है क्योंकि घने जंगलों वाले पहाड़ी क्षेत्रों में इनका प्रयोग बहुत कठिन है जहां गहरी खाइयां और खड़ी ढलाने हैं। इन पर सैनिक शासक विरोधी बलों का कब्जा है। वैसे भी तोपखाने और वायुसेना के समर्थन से युद्ध नहीं जीते जा सकते हैं, जब उनका मुकाबला अच्छी तरह हथियारों से लैस और प्रशिक्षित सैनिकों से हो। यदि ऐसा न होता तो अमेरिका की वियतनाम में विजय होती। अब सैनिक शासक को सत्ता से हटाने के लिए केवल समय की प्रतीक्षा है। जब ऐसा होगा तो म्यांमार में लोकतंत्र और स्वतंत्रता की विजय होगी। यह आंग सान सूकी द्वारा छेड़े गए लंबे संघर्ष की विजय होगी।

लेकिन फिलहाल सूकी पर बहुत गंभीर खतरा मंडरा रहा है और उसके बारे में बात होनी चाहिए। सैनिक शासक जेल में जहर देकर उनकी हत्या करा सकते हैं अथवा उनकी मौत को वृद्धावस्था संबंधी प्राकृतिक कारणों से हुआ बताया जा सकता है। यदि ऐसा होता है तो इसका कारण सैनिक शासक का यह विश्वास होगा कि पश्चिम की म्यांमार में दिलचस्पी समाप्त हो गई है और वह ज्यादा महत्वपूर्ण दिखने वाले मुद्दों के बहाने म्यांमार में सैनिक शासन के दमन तथा लोकतंत्र की हत्या की रूटीन निन्दा के सिवा और कुछ नहीं कर रहा है।

# क्या सीएम पद का चेहरा बनेंगे चिराग

> भाजपा के पास वर्तमान में बिहार के मतदाताओं के सामने पेश करने के लिए अपने कार्यकर्ताओं के भीतर से एक आकर्षक सीएम उम्मीदवार का अभाव है।



**विवेक अवस्थी**
(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं)

युवा, गतिशील और अक्सर पीएम मोदी के हनुमान के रूप में संदर्भित, चिराग पासवान बिहार के लिए भाजपा के संभावित मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में उभरने के लिए तैयार हैं। भाजपा के पास वर्तमान में बिहार के मतदाताओं के सामने पेश करने के लिए अपने कार्यकर्ताओं के भीतर से एक आकर्षक सीएम उम्मीदवार का अभाव है। सुशील मोदी के निधन के बाद, यह शून्य को भरने में विफल रही है। बिहार विधानसभा चुनाव, जिसमें 7.64 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाताओं के साथ 245 निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं, नवंबर 2025 तक होने की उम्मीद है। जैसे-जैसे राजनीतिक माहौल बदलना शुरू होता है, भाजपा चिराग पासवान को राज्य का नेतृत्व करने के लिए एक गंभीर दावेदार के रूप में पेश करने की तैयारी कर रही है। वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जिन्हें सुशासन बाबू के नाम से जाना जाता है, ने लगातार राजनीतिक पुनर्संयोजन के लिए ख्याति प्राप्त की है। उनकी पिछली साझेदारियां, खासकर लालू प्रसाद यादव की आरजेडी और उनके बेटे तेजस्वी यादव के उपमुख्यमंत्री रहने के बाद, उसके बाद भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में वापसी ने मतदाताओं और उनके सहयोगियों दोनों के बीच विश्वास की कमी पैदा कर दी है।

हालांकि भाजपा व्यावहारिक कारणों से नीतीश कुमार के साथ बनी हुई है, लेकिन पार्टी उनके अप्रत्याशित राजनीतिक पैंतरेबाजी से असहज रहने के लिए जानी जाती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास नीतीश के प्रतिद्वंद्वी के समान व्यापक अपील नहीं होने के कारण, भाजपा को एक करिश्माई, युवा-प्रेरित



नेता की तत्काल आवश्यकता है जो इस अंतर को पाट सके और चिराग पासवान इस बिल में फिट बैठते हैं। चिराग पासवान युवा ऊर्जा, मृदुभाषी करिश्मा और साफ छवि का अनूठा मिश्रण लेकर आते हैं। दिवंगत रामविलास पासवान के बेटे, वे लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के एक अलग समूह का नेतृत्व करते उनकी प्राथमिकता स्पष्ट है: अपने गृह राज्य में एक बड़ी, अधिक प्रभावशाली भूमिका निभाना। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, भाजपा आलाकमान और चिराग पासवान के बीच दो प्राथमिक परिदृश्यों पर चर्चा चल रही है- चिराग अपनी पार्टी लोजपा (रामविलास) का भाजपा में विलय कर देते हैं और आधिकारिक तौर पर बिहार के लिए पार्टी के सीएम उम्मीदवार घोषित हो जाते हैं। यह विकल्प संभवत: चिराग को अधिक राजनीतिक स्थिरता और अधिकार प्रदान करेगा, लेकिन इसके लिए उन्हें भाजपा में पूरी तरह से एकीकृत होना होगा, जिसका उनके कुछ पार्टी सहयोगी विरोध कर सकते हैं। चिराग एनडीए के सहयोगी के रूप में चुनाव लड़ते हैं, उन्हें सीएम चेहरे के रूप में पेश किया जाता है। हालांकि, यह रास्ता चुनौतियों से भरा है-मुख्य रूप से सीट-बंटवारे की दुविधा। प्रमुख भागीदार के रूप में, भाजपा निर्वाचन क्षेत्रों और मंत्रिस्तरीय विभागों का एक बड़ा हिस्सा मांगेगी, जो संभावित रूप से भविष्य की गठबंधन सरकार में चिराग के प्रभाव को सीमित कर सकती है। शीर्ष पद पर चिराग की संभावित पदोन्नति भाजपा के लिए कई उद्देश्यों की पूर्ति कर सकती है।

इससे पार्टी को बिहार में अपने नेतृत्व को तरोताजा करने, नीतीश कुमार के घटते प्रभाव से पैदा हुए खालीपन को भरने और दलित वोट बैंक को साधने का मौका मिलेगा, जो परंपरागत रूप से उनके पिता रामविलास पासवान के प्रति वफादार रहा है। हालांकि चिराग पासवान ने सार्वजनिक रूप से किसी भी रास्ते को अपनाने की प्रतिबद्धता नहीं जताई है, लेकिन केंद्रीय मंत्रिमंडल में उनकी बढ़ती बेचैनी और बिहार की राजनीति में बढ़ता दबदबा संकेत देता है कि बदलाव आसन्न है। विलय, हालांकि जटिल है, लेकिन यह उन्हें बिहार के शासन में गहरी जड़ों के साथ एक दीर्घकालिक राजनीतिक भविष्य प्रदान कर सकता है। 2020 के बिहार चुनावों में, लोजपा सिर्फ एक सीट जीतने में सफल रही और इसके नौ उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे।

पिछले आम चुनावों में चिराग पासवान की लोजपा को पांच सीटें मिली थीं। संक्षेप में, लोजपा का भाजपा में विलय दोनों दलों के लिए फायदेमंद हो सकता है क्योंकि चिराग के उम्मीदवारों को भाजपा के नाम पर उच्च जाति के वोटों का उचित हिस्सा मिलेगा जैसे-जैसे 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, यह सवाल बड़ा हो रहा है- क्या चिराग पासवान भाजपा के नए बिहार का चेहरा बनेंगे?

## आप की बात

### इस्राइल-ईरान युद्ध

**इस्राइल** द्वारा ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला न केवल पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा रहा है, बल्कि यह वैश्विक शांति के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। ईरान लंबे समय से इजरायल के अस्तित्व को चुनौती देता रहा है और इजरायल ने इस खतरे को समाप्त करने के लिए यह कदम उठाया। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप भले ही इस पर चिंता जताएं, लेकिन उनकी नीतियां इजरायल के पक्ष में ही दिखाई देती हैं। इस घटनाक्रम ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में खलबली मचा दी है। विश्व पहले ही यूक्रेन-रूस युद्ध से त्रस्त है। अब यह नया युद्ध दुनिया भर में महंगाई, ऊर्जा संकट और कूटनीतिक अस्थिरता को गहरा करेगा। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह परिस्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। भारत को इस समय किसी भी ध्रुवीकरण से बचते हुए रणनीतिक मध्य मार्ग अपनाना होगा। भारत को अपने आर्थिक और सामरिक हितों की रक्षा करने के साथ ही क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को भी प्राथमिकता देनी है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू ने मोदी को फोन कर उनका समर्थन मांगा है। इससे विश्व राजनीति में मोदी का महत्वपूर्ण कद स्पष्ट होता है, लेकिन इससे विदेश नीति में रणनीतिक स्वायत्तता की चुनौती और गंभीर हो जाती है।

-**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### तानाशाह द्वारा हत्या

**तानाशाही** शासन पद्धति में मानवाधिकार, न्याय, लोकतंत्र एवं पर्यावरण स्वच्छता का कोई स्थान नहीं है। इनकी बातें करने के कारण किसी की जान भी जा सकती है। दुनिया भर में हर वर्ष इन्ही कारणों से हज़ारों लोग मार दिए जाते हैं। तीस साल पहले नाइजीरिया के क्रूर तानाशाह ने पर्यावरणवादी कार्यकर्ता केन सारो विवा को उसके नौ सहयोगियों के साथ फांसी पर लटका दिया था। इतने वर्ष बाद वर्तमान हुकूमत ने उस सजा को गलत बताते हुए दिवंगत कार्यकर्ता को माफ कर दिया है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं को नाइजीरिया के ओगोनीलैंड में तेल बहुराष्ट्रीय कंपनियों, खासकर शेल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए दंड दिया गया था। क्षमादान की घोषणा के साथ ही नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने सारो विवा और उनके साथी प्रचारकों को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया, जिन्हें ओगोनी नाइन के रूप में जाना जाता था। वर्तमान परिदृश्य में यह प्रकरण पर्यावरण संरक्षण और उसके लिए संघर्ष कर रहे पर्यावरण एक्टिविस्टों के प्रति अंतरराष्ट्रीय समर्थन की मांग करता है। विडंबना है कि अमेरिका और उसके सहयोगी तेल उत्पादक देश पर्यावरण की घोर अनदेखी कर ज्यादा से ज्यादा तेल निकालने को उचित ठहरा रहे हैं।

- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### ईरान पर हमला

**इसराइल** ने ईरान पर हमला कर खाड़ी क्षेत्र में चल रहे तनाव को काफी बढ़ा दिया है। युद्ध की स्थिति भयावह होती जा रही है क्योंकि दोनों देशों के पास घातक और अत्याधुनिक हथियारो का जखीरा मौजूद है। यदि दोनों के मध्य तनाव और बढ़ता है तो यह भारत के लिए भी चिंता पैदा कर सकता है। चिंता का प्रमुख कारण भारत के दोनों देशों से काफी अच्छे व्यापारिक और रक्षा संबंध हैं। भारत के करीब एक करोड़ लोग खाड़ी क्षेत्र में कार्यरत हैं युद्ध की स्थिति में इनकी सुरक्षा की चिंता पैदा हो सकती है। साथ ही भारत में हर वर्ष खाड़ी देशों से करोड़ों-अरबों रूपये इन भारतीयों द्वारा भेजे जाते हैं जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सहायक है। आपरेशन सिंदूर के समय हमारे देश का इसराइल ने खुलकर समर्थन किया था और इस कार्रवाई को उचित बताया था। लेकिन ईरान से भी भारत के ऐतिहासिक और व्यापारिक संबंध हैं। ऐसे में भारत किसी एक का साथ देने की स्थिति में नहीं है। उसने दोनों देशों से बातचीत व कूटनीतिक माध्यमों से तनाव कम करने का आग्रह किया है। यह सही दृष्टिकोण है। हालांकि, इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि ईरान के समर्थन से ही हूती, हमास और हिजबुल्ला जैसे आतंकी संगठन फल-फूल रहे हैं।

- **संजय डागा**, इन्दौर

### विमान हादसा

**अहमदाबाद** में विमान हादसे में इतनी जाने चली गई। इससे हर कोई स्तब्ध है। आधुनिकता के इस युग में विश्व ने चाहे जितनी भी उन्नति कर ली हो पर समय चक्र के आगे सभी नतमस्तक हैं। मौत आने में चंद सेकेंड भी नहीं लगाती और लोगों को अपने साथ ले जाती हैं। कभी किसी ने इस प्रकार की घटना के बारे में सपने में भी नहीं सोचा होगा। सुरक्षित विमान सेवा और भारतीय विमान सेवाएं अपना अलग मुकाम रखती है। पर न जाने क्या हो गया कि इतना बड़ा हादसा घटित हो गया। जांच के अंतिम परिणाम आने तक सवाल-जवाब में अभी कई उतार-चढ़ाव आयेंगे। लेकिन समय ने सीख दी है कि हर एक धरतीवासी चाहे वह कोई भी हो मौत कब कहां और कैसे आ जाए, यह कोई नहीं कहें सकता है। जीवन में जन्म-मृत्यु की अनहोनी को कोई समझ नहीं सका है। समय बीतने के साथ ही इस त्रासदी का जख्म भर सकता है। लेकिन ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। प्रभावितों को उचित मुआवजे के साथ भविष्य में विमान दुर्घटनायें तथा इस के साथ ही हर प्रकार की दुर्घटनायें रोकने के प्रयास होने चाहिए।

- **हरिहर सिंह चौहान**, इन्दौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक : कलेक्टर

## ठेकवाडीह, भिरई एवं कोलिहामार स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में शामिल होकर शिक्षक, विद्यार्थी एवं पालकों को दिया प्रेरणास्पद संदेश







पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि विकास का दरवाजा शिक्षा से प्रारंभ होता है और व्यक्ति के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा शिक्षा सत्र के पहले दिन जिले के गुरूर ब्लॉक के ग्राम ठेकवाडीह, भिरई एवं कोलिहामार स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के महत्व के संबंध में विस्तार से प्रकाश डालते हुए शिक्षक, विद्यार्थी एवं पालकों को सारगर्भित, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत गुरूर के अध्यक्ष प्रदीप साहू, एसडीएम आरके सोनकर, तहसीलदार हनुमंत श्याम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिका, विद्यार्थी एवं पालकों सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शिक्षा सत्र के पहले दिन 16 जून को जिले के प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई स्कूलों में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव के दौरान कक्षा पहली, कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमीं के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का विद्यालय में पहुँचने पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं उनका मुँह मीठा करा कर तथा उन्हें गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक प्रदान कर शाला में प्रवेश के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

### स्कूल परिसर के 100 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री पर पूर्णत: प्रतिबंध

इस अवसर पर कलेक्टर ने विद्यार्थियों को विद्यार्थी जीवन तथा शिक्षा के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखंड होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस बहुमूल्य कालखण्ड के प्रत्येक क्षणों का सदुपयोग करते हुए जीवन में असीम उपलब्धि हासिल कर राष्ट्र व समाज के विकास में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि दुनिया में कोई काम असंभव नही है बस आवश्यकता है दृढ़ इच्छा शक्ति एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण की। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम एवं पूरे मनोयोग के साथ विद्या अध्ययन करते समय सदैव लक्ष्य के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को नशापान के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें नशापान से आजीवन दूर रहने की समझाईश दी। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विद्यालय परिसर के 100 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री एवं उपलब्धता पर पूर्णतः प्रतिबंध सुनिश्चित कराने जरूरी उपाय करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने वर्तमान में तेजी से घटते भूजल स्तर एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पेड़-पौधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जिले के सभी नागरिकों के अलावा विद्यार्थियों को भी 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत अनिवार्य रूप से पौधरोपण करने को कहा। उन्होंने कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण कर उनके सुरक्षा के भी पुख्ता उपाय सुनिश्चित करना चाहिए।

### प्राथमिक शाला भिरई में एक शिक्षक की पदस्थापना करने का आश्वासन

कलेक्टर ने आयोजित शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों की उपस्थिति पर भी सराहना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आप लोगों की उपस्थिति शिक्षा के प्रति जागरूकता, लगाव एवं समर्पण को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाईश देते हुए कहा कि परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हो आदमी को हिम्मत नही हारना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थी एवं शाला के विकास के लिए हर संभव मदद उपलब्ध कराने की बात भी कही। इस अवसर पर कलेक्टर ने अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजकर अपने बच्चों को शैक्षणिक क्रियाकलाप एवं विद्यालय के प्रत्येक गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करने वाली सर्वश्रेष्ठ माता यामिनी साहू को सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के प्रत्येक बैठकों में उपस्थित होने वाली महिला सदस्य दुर्गेश्वरी कुंजाम को मेडल भेंटकर एवं प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की माँग पर प्राथमिक शाला भिरई में एक शिक्षक की पदस्थापना करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों को विद्यालय परिसर को साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित तथा पौधरोपण कर हरा-भरा रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कोलिहामार स्कूल में प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी, शिक्षकों, पालकों तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को आजीवन नशापान से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। इस दौरान कलेक्टर एवं अतिथियों के द्वारा शाला परिसर भिरई में स्थित भारत माता एवं शहीद भगत सिंह के प्रतीमा पर माल्यार्पण भी किया गया।


# कंहेरा स्कूल में नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश किया वितरण



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कन्हेरा में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत प्रवेश उत्सव के रूप में कक्षा 6वी में नव प्रवेशी बच्चो को गणवेश वितरण किया गया। साथ ही कक्षा 7वी एवं कक्षा 8वी के बच्चो को भी ग्राम पंचायत कन्हेरा के सरपंच रनिया गोंड के द्वारा गणवेश वितरण किया गया। प्रवेश उत्सव में मिडिल स्कूल कंहेरा के प्रधान पाठक चौवन सिंह वर्मा, शिक्षक पुष्पा साहू, रेखा साहू, प्रवीण कुमार वर्मा, टोपलाल गेंदे प्राथमिक शाला कन्हेरा स्कूल की प्रधान पाठिका आरती पांडेय, सहायक शिक्षक अहिमन सिंह, उषा मानिकपुरी उपस्थित थीं।

# गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन, अब 17 से 21 जून तक कक्षाएं प्रात: 7 से 11 बजे तक


छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
:: मंत्रालय ::
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
--:: आदेश ::--

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 16/06/2025

क्रमांक एफ 3-2/2016/20-तीन :: शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालायें दिनांक 16 जून, 2025 से प्रारंभ हो चुकी है।

2/ वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही गर्मी के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये राज्य शासन एतद् द्वारा शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालाओं की कक्षाएं दिनांक 17 जून, 2025 से 21 जून, 2025 तक सुबह 7.00 बजे से 11.00 बजे तक संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

3/ दिनांक 23 जून, 2025 से कक्षाएं सामान्य दिनों की तरह ही संचालित होंगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,
(आर.पी. वर्मा)
अवर सचिव
छ0ग0 शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

पृ.क्रमांक एफ 3-2/2016/20-तीन
नवा रायपुर, दिनांक 16/06/2025
प्रतिलिपि :-
1. सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, छत्तीसगढ़, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
2. मुख्य सचिव के अवर सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
3. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर
4. समस्त संभागायुक्त, छत्तीसगढ़
5. समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ़
6. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, छत्तीसगढ़
7. संचालक, जनसम्पर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर
8. प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा, पेंशन बाड़ा, रायपुर (छत्तीसगढ़)
9. सचिव, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर
10. संचालक, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, पेंशन बाड़ा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

निरन्तर 2

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश की समस्त शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय शालाएं प्रारंभ हो गई हैं। वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही तीव्र गर्मी को देखते हुए छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रतिकूल प्रभाव की आशंका के मद्देनज़र राज्य शासन द्वारा स्कूलों के संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर से जारी आदेश के अनुसार अब 17 जून से 21 जून 2025 तक सभी प्रकार की शालाओं में कक्षाएं प्रातः 7:00 बजे से 11:00 बजे तक संचालित की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि 23 जून से कक्षाएं पुनः सामान्य समयानुसार संचालित होंगी।यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण के दृष्टिगत एहतियातन लिया गया है।

# नालसा द्वारा संचालित जागृति, संवाद और डान योजना 2025 के संबंध में कार्यशाला का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित योजना 2025 के तहत जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता पहल के लिए न्याय जागरूकता हेतु विशेष यूनिट जागृति, हासिए पर पड़े, कमजोर आदिवासियों और विमुक्त / घुमंतू जनजातियों के लिए न्याय तक पहुंच को मजबूत करना हेतु संवाद एवं जागरूक्ता और कल्याण नेविगेशन नशा मुक्त भारत के लिए विशेष डान योजना के संबंध में कार्यशाला का आयोजन अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव निधि शर्मा के निर्देशन में विश्राम गृह बेमेतरा में आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में विशेष यूनिट के समस्त सदस्य देवेन्द्र कुमार प्रथम अति. एवं सत्र न्यायाधीश बेमेतरा, रणबीर शर्मा, कलेक्टर बेमेतरा, रामकृष्ण साहू, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा, अनिल बाजपेयी अपर कलेक्टर, टेकचंद अग्रवाल जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला बाल संरक्षण विभाग, जिला चिकित्सा विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक निमार्ण विभाग, जिला कृषि विभाग, पैनल अधिवक्ता एवं अधिकार मित्रों की उपस्थिति रही। कार्यशाला में प्रधान जिला न्यायाधीश ने व्यक्त किया कि नालसा द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार व जागरूक्ता बढ़ाये जाने हेतु समस्त आवश्यक विभागों एक प्लेटफार्म पर एकत्रित किया गया है। समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर अधिकतम शिविर का आयोजन कर लोगों तक कानूनी सहायता पहुंचाने एवं जानकारी का सही लाभ प्रदान प्राप्त किया जाना है। कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा प्रशासनिक सहयोग एवं समन्वय हेतु आश्वस्त किया। बेमेतरा पुलिस अधीक्षक द्वारा भी पुलिस प्रशासन द्वारा योजनाओं के सफलतम कियान्वयन हेतु भरपूर सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया।

# स्टॉप डायरिया अभियान 2025 का जिला स्तरीय शुभारंभ बेमेतरा में संपन्न

## शुद्ध पेयजल, व्यक्तिगत स्वच्छता और जागरूकता से डायरिया पर नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला चिकित्सालय परिसर स्थित 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल बेमेतरा में स्टॉप डायरिया अभियान 2025 का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड़ के निर्देशानुसार एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक निराला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे, अस्पताल सलाहकार डॉ. स्वाति यदु, जिला मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, टीकाकरण कार्यालय सहायक श्री देवेंद्र नामदेव, अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चों को 2 ओ.आर.एस. के पैकेट एवं 14 जिंक की गोली का वितरण किया गया। साथ ही अभिभावकों को इनका सही तरीके से सेवन कराने की विधि बताई गई। ओ.आर.एस. घोल बनाने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया गया। डॉ. कोहाड़े द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि हाथ धोने की आदतों से डायरिया की रोकथाम की जा सकती है। शौच के बाद, भोजन पकाने या खाने से पहले, बच्चों को खाना खिलाने से पहले, मल साफकरने के बाद, कूड़ा या जानवरों को छूने के पश्चात् हाथ धोना आवश्यक है। हाथ धोने की 6 चरणीय विधि का प्रदर्शन मितानिनों द्वारा किया गया। इस अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि स्टॉप डायरिया अभियान 16 जून से 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान जिले में 0 से 5 वर्ष के कुल 1,07,074 बच्चों को 2 ओ.आर.एस. पैकेट एवं आवश्यकता अनुसार जिंक टेबलेट का वितरण किया जाएगा। एएनएम, मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर जाकर बच्चों की निगरानी, डायरिया प्रभावित बच्चों की पहचान एवं प्राथमिक उपचार हेतु ओ.आर.एस. व जिंक का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही घर में ओ.आर.एस. घोल तैयार करने एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग हेतु जनजागरूकता की जाएगी। बच्चों को आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में व्यक्तिगत स्वच्छता एवं हाथ धोने की विधि का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता के लिए अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन जैसे विभाग इसमें सहभागिता करेंगे। जिले के समस्त शासकीय एवं पंजीकृत निजी अस्पतालों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में निःशुल्क ओ.आर.एस. कॉर्नर स्थापित किए जाने हेतु पत्र जारी किया गया है ताकि डायरिया से ग्रसित मरीजों को शीघ्र उपचार मिल सके। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिलेवासियों से अपील की कि स्टॉप डायरिया अभियान के दौरान स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल एवं दी जा रही सेवाओं का भरपूर लाभ लें एवं डायरिया की रोकथाम में प्रशासन का सहयोग करें। यह अभियान बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है जो जनसहभागिता एवं सामूहिक प्रयासों से सफल होगा।

# सशक्त एप के माध्यम से 51 वाहनों का किया गया चेकिंग



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने संपत्ति संबंधी अपराध में नियंत्रण करने एवं सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से कबाडी दुकान, बस स्टैण्ड, मैकेनिक/ गैरेज, हॉटल, ढाबा, हॉट-बाजार एवं वाहन चेकिंग के दौरान वाहनो का चेकिंग कर गुम/चोरी हुए वाहनों की पतासाजी करने के संबंध में सायबर सेल एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है, जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी संतोषी ग्रेस के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना/चौकी स्टाफ के द्वारा सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से कबाडी दुकान, बस स्टैण्ड, मैकेनिक/गैरेज, हॉटल, ढाबा, हॉट-बाजार, सदर बजार, एवं चौक-चौराहो में नाकाबंदी के दौरान वाहन चेकिंग कर व पेट्रोलिंग के दौरान सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से थाना/चौकी स्टाफ के द्वारा 51 वाहनो की चेकिंग कार्यवाही की गई।

# नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव में नव प्रवेशी छात्रों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विजय सिन्हा ने नव प्रवेशी छात्रों का सम्मान किया। इस अवसर पर छात्रों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया और उन्हें विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।विजय सिन्हा ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव में छात्रों का सम्मान किया और सभी स्कूल स्टॉफको नए शिक्षण सत्र की शुभकामनाएं दी। बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी स्कूल बेमेतरा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विजय सिन्हा ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा शिक्षा समाज का दर्पण है और शिक्षा एक अच्छे समाज की बुनियादी जरूरत है, बिना शिक्षा समाज की दिशा तय नहीं की जाती। शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद स्कूल ने एक क्रांति लाया है, शासकीय स्कूल है जहां सीजीबीएसई पाठ्यक्रम है अंग्रेजी माध्यम है और इसका रिजल्ट भी अच्छा है। हमें अच्छे राष्ट्र निर्माण के लिए अच्छी शिक्षा व्यवस्था देनी ही होती है। पालिका अध्यक्ष ने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश से छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव दिवस मनाया जा रहा है। शाला प्रवेशोत्सव का उद्देश्य है नव प्रवेशी छात्रों का सम्मान और शिक्षा के महत्व बताकर जागरूक करना है, साथ ही छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन देकर उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करना है। विजय सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा साधन है जो हमें जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करता है। उन्होंने छात्रों को अपने दूरगामी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने और निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में विकास तंबोली, गौरव साहू ,नीतू कोठारी, लक्की साहू, सीमरन ताम्रकार सहित स्कूल के समस्त स्टॉफ और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जल-वन-जन अभियान अंतर्गत बेमेतरा में पदयात्रा रैली आयोजित

## उदबोधन नहीं, समझने की जरूरत है : विधायक दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जल-वन-जन एक प्राकृतिक बंधन अभियान के अंतर्गत बेमेतरा शहर में जन-जागरूकता हेतु भव्य पदयात्रा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली स्थानीय जय स्तंभ चौक से प्रारंभ होकर पुनः वहीं समाप्त हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू रहे। उन्होंने रैली समापन के पश्चात उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया एवं जिले में जल संकट के कारणों को रेखांकित करते हुए आगामी जुलाई माह में वृक्षारोपण अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह रैली जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में एक साथ आयोजित की गई, जिससे अधिक से अधिक नागरिकों को जल एवं वन संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके। विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि भाषणों की नहीं, समझदारी की आवश्यकता है। बेमेतरा जिले में जल संकट गहराता जा रहा है, और इससे निपटने के लिए जन-जागरूकता ही सबसे सशक्त उपाय है। हमें अधिकाधिक वृक्षारोपण करना होगा, जल का संचय और संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। जिले को हराभरा बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक घर और कार्यालय में वर्षा जल संचयन प्रणाली (वाटर हार्वेस्टिंग) अपनाई जाए। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भी जल संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिकीकरण के दौर में जल संचयन की उपेक्षा और अत्यधिक जल दोहन ने संकट को और बढ़ा दिया है। अब समय आ गया है कि हम प्रकृति की ओर लौटें और पेड़ लगाकर, जल बचाकर भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित करें। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा जल है तो कल है। जल संकट से निपटना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक को जल संरक्षण तथा वृक्षारोपण के लिए आगे आना होगा। छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक, जनप्रतिनिधि अजय साहू एवं अन्य अतिथियों ने भी पानी एवं पेड़ के महत्व को रेखांकित करते हुए जनसहभागिता का आह्वान किया। रैली में प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व जिला अध्यक्ष, राजेन्द्र शर्मा, नगरपालिका पार्षदगण पंचु साहू, रोशन दत्ता, विकास तमोली, नीतू ठाकुर -गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। जल-वन-जन अभियान के माध्यम से बेमेतरा जिला प्रशासन ने जल एवं वन संरक्षण हेतु सामूहिक चेतना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुनील झा और आभार व्यक्त एसडीएम प्रकाश भारद्वाज ने किया।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल बम्हनीडीह में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव, पहली बार स्कूल पहुंचे बच्चों का किया गया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◂ बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह में विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शाला प्रवेश उत्सव शिक्षा को जनअभियान बनाने की दिशा में राज्य सरकार की नई पहल है। इसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन करना है। यह उत्सव स्कूल में बच्चों का पहला कदम सिर्फ उनके स्कूली जीवन की शुरुआत का उत्सव नहीं है। बल्कि यह उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में पहला कदम भी है। शिक्षा का उद्देश्य किताबों तक सीमित नहीं है बल्कि बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान और जीवन कौशल सिखाना भी है। शाला प्रवेश उत्सव की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष-जिला पंचायत जांजगीर चांपा एवं अध्यक्ष -जिला स्थाई समिति



जिला जांजगीर चांपा विशिष्ट अतिथि मनीषा चौहान अध्यक्ष -जनपद पंचायत बम्हनीडीह, उत्तरा सिदार उपाध्यक्ष- जनपद पंचायत बम्हनीडीह मोहन कुमारी साहू सभापति-महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग जिला पंचायत आशा साहू सभापति पर्यावरण औद्योगिक सुरक्षा जिला पंचायत मालती राजकुमार पटेल, प्रदीप सराफ अध्यक्ष- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह, आनंद अग्रवाल अध्यक्ष- शाला विकास समिति हायर सेकेंडरी स्कूल बम्हनीडीह ललित जाटवार विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह, प्रज्ञा यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी-जनपद पंचायत बम्हनीडीह डॉ.अजम्बर सिंह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बम्हनीडीह, रिचा तिवारी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बम्हनीडीह जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विकास खण्ड के अनेक विद्यालयों के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए बड़े सपने देखना चाहिए, शिक्षक मित्र, सहयोगी और परामर्शदाता होते हैं। सभी नव प्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर उन्हें पुस्तकें दी गई। कक्षा - नवमी की छात्राओं को सरस्वती साइकिल के तहत साइकिल भी दी गई।बच्चों द्वारा पौधारोपण भी कराया गया। उन्हें घर में भी पौधा लगाने हेतु प्रेरित किया गया। बच्चे इन बीजों को अपने घरों में रोपित करते हैं और नियमित रूप से उनकी देखभाल करते हैं।

बीज लगाने, पानी देने और पौधों को बढ़ता देखने की प्रक्रिया न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती है बल्कि उन्हें धैर्य और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का अहसास भी कराती है।शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम का संचालन एवं आभारप्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य बजरंग श्रीवास के द्वारा किया गया।

# आम जनता एवं पीड़ित की समझ के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्य प्रणाली से उर्दू-फारसी के कठिन शब्दों की जगह उपयोग होगी सरल हिंदी: गृहमंत्री विजय शर्मा

■ पुलिस कार्यप्रणाली में उर्दू-फारसी के कठिन शब्दों की जगह होगी सरल हिंदी'

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक जनसुलभ, पारदर्शी और संवादात्मक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश के पश्चात् अब राज्य की पुलिस कार्यप्रणाली में प्रयुक्त होने वाले कठिन, पारंपरिक एवं आम नागरिकों की समझ से बाहर उर्दू-फारसी शब्दों को हटाकर उनकी जगह पर सहज और प्रचलित हिंदी शब्दों का उपयोग किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आम नागरिक जब किसी शिकायत, अपराध सूचना अथवा अन्य कार्य से थाने जाता है, तो वह अक्सर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर या अन्य दस्तावेजों की भाषा को लेकर असमंजस में रहता है। अन्य भाषाओं के शब्द



आम लोगों के लिए अनजाने होते हैं, जिससे वे न तो अपनी बात ठीक से समझा पाते हैं और न ही पूरी प्रक्रिया को ठीक से समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सहायता और सुरक्षा है, तो उसकी भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो नागरिकों की समझ में आए और उनके विश्वास को बढ़ाए। उपमुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि पुलिस की व्यावहारिक कार्यवाहियों में प्रयुक्त कठिन, पारंपरिक शब्दों को सरल और स्पष्ट हिंदी में बदला जाए। इसके लिए एक शब्द सूची भी तैयार की गई है, जिसमें पुराने कठिन शब्दों के स्थान पर उपयोग किए जाने योग्य सरल विकल्प सुझाए गए हैं। इस पत्र में यह भी निर्देशित किया गया है कि सभी अधीनस्थ अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि यह आदेश केवल औपचारिकता भर न रहे, बल्कि इसका वास्तविक कार्यान्वयन प्रदेश की प्रत्येक पुलिस चौकी, थाने और कार्यालय में दिखे। छत्तीसगढ़ पुलिस अब केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था न होकर जनसंवाद का माध्यम भी बनेगी। भाषा के इस सरलीकरण से शिकायतकर्ता को अपनी बात स्पष्ट रूप से कहने, सुनने और समझने में सुविधा होगी। एफआईआर जैसी प्रक्रिया, जो अब तक केवल अधिवक्ताओं या पुलिस कर्मियों की समझ में आती थी, वह अब आम नागरिक के लिए भी बोधगम्य हो सकेगी। 1 अदम तामील-सूचित न होना, 2 इन्द्राज -टंकन, 3 खयानत-हड़पना, 4 गोश्वारा-नक्शा, 5 दीगर-दूसरा, 6 नकबजनी -सेंध, 7 माल मशरूका लूटी-चोरी गई सम्पत्ति, 8 मुचलका-व्यक्तिगत बंध पत्र।

# अंतरराजिय बैरियर में सो रहे आबकारी विभाग के कर्मचारी

पायनियर संवाददाता ◂ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

अंतरराजिय बैरियर में आबकारी विभाग के बैरियर पर कर्मचारी सो रहे हैं, यह एक गंभीर समस्या है। यह न केवल विभाग की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है, बल्कि अवैध शराब के व्यापार और परिवहन को भी बढ़ावा दे सकता है। इस मामले को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। रामानुजगंज में आबकारी विभाग के बैरियर पर कर्मचारियों की लापरवाही एक गंभीर मुद्दा है।

यह न केवल आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है, बल्कि अवैध शराब के व्यापार और परिवहन को भी बढ़ावा दे सकता है। कर्मचारियों का काम है कि वे बैरियर पर सतर्क रहें और अवैध



गतिविधियों को रोकें। यदि वे सो रहे हैं, तो इसका मतलब है कि वे अपनी जिम्मेदारी को ठीक से नहीं निभा रहे हैं। इससे अवैध शराब के तस्करों को फायदा हो सकता है,जो आसानी से बैरियर पार कर सकते हैं। यह मामला केवल एक घटना नहीं है,बल्कि यह एक प्रणालीगत समस्या का संकेत हो सकता है। आबकारी विभाग को इस मामले की जांच करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इसके अलावा, विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके कर्मचारी अपनी ड्यूटी के प्रति समर्पित रहें और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सतर्क रहें। यह भी महत्वपूर्ण है कि स्थानीय प्रशासन इस मामले को संज्ञान में ले और आवश्यक कदम उठाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। संक्षेप में कहें तो आबकारी विभाग के बैरियर पर कर्मचारियों का सोना एक गंभीर मुद्दा है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। यह न केवल विभाग की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है,बल्कि अवैध गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है।

# जिला बंग समाज ने किया कार्यकारिणी का विस्तार



पायनियर संवाददाता ◂ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

बंग समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने के उपरांत ग्राम धनगांव में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था जहां शपथ दिलाने के बाद उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया।

वही समाज के दो महिलाओं को पहली बार समिति में स्थान देते हुए जिम्मेदारी सौंप गई है। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर धूप दीप प्रज्वलित कर किया गया। गौरतलब है कि गत दिनों जिला अध्यक्ष के रूप में रोबिन विश्वास को सर्वसम्मति से चुना गया था तत्पश्चा समाज के विस्तार को लेकर कार्यकारिणी का गठन करते हुए 33 पदाधिकारी सहित जिला प्रवक्ता के रूप में सुशीला विश्वास एवं सह मीडिया प्रभारी के रूप में भानुमति मजूमदार को दायित्व सौंपा गया है। ार्यकारिणी विस्तार के बाद समाज के लोगों ने उपस्थित जनों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए सभी लोगों ने एक साथ भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामू घोष एवं प्रदेश संरक्षक सुबोध विश्वास सहित रायगढ़, सूरजपुर, अंबिकापुर क्षेत्र से काफी संख्या में बंग समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन दिवाकर मुखर्जी एवं मंगल विश्वास के द्वारा किया गया।

# झालरौंदा आरएचओ की सेवा निवृत्ति पर विदाई




पायनियर संवाददाता ◂ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर के सभा कक्ष में झालरौंदा आर एच ओ की सेवानिवृत्ति पर पूरे स्टाफके लोगों ने विदाई दी उनके कार्यकाल के बारे में बताते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी मंजू राम टेके जो झालरौदा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रही इन्होंने अपने सेवाकाल में अनेक परेशानियों से सेवा किया आज भी वह अस्वस्थ होते हुए भी लोगों की सेवा में जुटी हुई है। स्वास्थ्य कर्मी, मितानीन प्रेरक तथा फील्ड वर्कर ने इस विदाई समारोह में भाग लिए तथा उनके स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना किये। जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर उमाशंकर साहू, मक्रांत बंजारे, हरगोविंद कौशले, जगन्नाथ गोस्वामी, शत्रुघ्न केवट एवं गौतम चंद्रा के साथ बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# भाजपा नेता नारायण और संदीप सलूजा चांपा स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य बनाए गए

पायनियर संवाददाता ◂ चांपा
www.dailypioneer.com

भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण मित्तल और संदीप सिंह सलूजा को चांपा रेलवे-स्टेशन के सलाहकार समिति मे सदस्य मनोनीत किया गया है। चांपा रेलवे-स्टेशन मे यह समिति पहली बार बनाई गई है, जिसमे इन्हे शामिल किया गया है। विगत दिनों दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के द्वारा चांपा रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का गठन किया गया। जिसमें भाजपा के सक्रिय नेता और सफल युवा व्यवसायी मित्तल को सदस्य बनाया गया है। साथ ही संदीप सलूजा को भी इसमे शामिल किया गया है। इसके पूर्व भी सलूजा मंडल रेल्वे सलाहकार समिति के भी सदस्य रह चुके है। यह मनोनयन मंडल रेल्वे प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के द्वारा किया गया है। स्टेशन सलाहकार समिति का कार्यकाल 31 दिसंबर 2026 तक के लिए होगा। साथ ही मुख्य स्टेशन



प्रबंधक चांपा को निर्देश दिए गए है कि परिचयात्मक बैठक बुलाने एवं स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्यों से सुझाव मंगाए जाने एवं एजेंडे पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करे। ज्ञात हो कि चांपा जंक्शन रेलवे स्टेशन को ए-1 श्रेणी मेंआता है। स्टेशन सलाहकार समिति बनाने के पीछे रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सेवाओं सुविधाओं का समुचित विकास करना है साथ ही यात्रियों को होने वाले असुविधाओं से रेलवे को समय समय पर अवगत कराना ताकि उसमें सुधार किया जा सके। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य बनाए जाने पर नगर के जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों तथा नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# जल संसाधन विभाग के कार्यालय के बगल में हो रहा बेजा कब्जा, जिम्मेदार अधिकारी बैठे देख रहे तमाशा

पायनियर संवाददाता ◂ बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह तहसील कार्यालय के सामने ही जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी का कार्यालय है जहां जल संसाधन विभाग की और राजस्व विभाग जमीन पर कुछ युवक पहले तो ठेला रख कर बेजा कब्जा किया था जब जिम्मेदार राजस्व विभाग ने कोई कार्रवाही नहीं की तो युवक के हौसले बुलंद हो गये और अब युवक के द्वारा सरकारी जमीन पर पक्का दुकान का निर्माण कार्य कर शासकीय भूमि पर कब्जा कर दुकान का निर्माण कार्य करा रहा है मिली जानकारी के अनुसार बम्हनीडीह के कुछ युवक जबरन जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय के पीछे चाम्पा बम्हनीडीह मुख्य मार्ग की सरकारी जमीन पर दुकान निर्माण कर रहे हैं वहीं जिम्मेदार अधिकारी इस रोक लगाने पुरी तरह से नतमस्तक नजर आ रहे हैं जिससे



युवक के हौसले बुलंद हैं और वह बेधड़क होकर सरकारी जमीन पर कब्जा कर दुकान का निर्माण कार्य करा रहा है। दर्जनों लोगों ठेला रख कर राजस्व व जल संसाधन विभाग की जमीन पर कर रखा है बेजा कब्जा ग्राम पंचायत खपरीडीह के तहसील कार्यालय के सामने इन दिनों बेजा कब्जा करने की होड़ मची है यहां सरकारी जमीन पर कुछ लोग बेजा कर दुकान निर्माण कार्य करा रहे है यह पुरा बेजा कब्जा बम्हनीडीह तहसील कार्यालय के सामने ही चल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं जिससे बम्हनीडीह के युवक दुसरे पंचायत खपरीडीह के मेन रोड की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं।

> मौके पर टिम भेज कर जांच करा रहे हैं इस संबंध में तहसील से भी बात कर आके की कार्यवाही की जायेगी।
>
> **-विरेंद्र अजमेरीया**
> **एसडीओ जल संसाधन विभाग बम्हनीडीह**

# जिले की प्रभारी मंत्री राजवाड़े भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हुई शामिल

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री तथा शक्ति जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े अपने प्रवास पर शक्ति पहुंची,जहां उन्होंने शहर के कोरबा रोड में स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी शक्ति के विभिन्न कार्यक्रमों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की तो वहीं श्री राधाकृष्ण मंदिर में पहुंचकर उन्होंने पूजा अर्चना की तथा मत्था भी टेका, भारतीय जनता पार्टी सक्ती द्वारा शहर के प्रसिद्ध राधाकृष्ण मंदिर में प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया जिसमें नगर के प्रबुद्धजन वकील, शिक्षक, पत्रकार, समाजसेवी, डाक्टर व्यापारी इस प्रोफेशनल मीट में उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार की मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े मुख्य अतिथि रही एवं विशिष्ट अतिथि कमलेश जांगड़े सांसद जांजगीर चांपा थी, कार्यक्रम की



अध्यक्षता जिलाध्यक्ष टिकेश्वर सिंह ग़बेल ने किया, अतिथियों में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह ग़बेल प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट संयोगिता सिंह जूदेव, जिला पंचायत की अध्यक्ष द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य विद्या सिदार भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूषण चंद्रा,अमृत लाल साहू,संजय रामचंद्र, जनपद अध्यक्ष कविशरण वर्मा समाजसेवी लक्ष्मी नारायण सोनी मंचस्थ रहे। कायक्रम की शुरुआत भारत माता के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया गया अतिथि वक्ताओ ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किया ने मुख्य अतिथि वक्ता मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि सेवा सुशासन की केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष हो चुके है इन 11 वर्ष में देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देश के हर वर्ग की चिंता करते हुए देश की विकास के लिए सारे कार्य किए सभी के लिए जनधन योजना, गरीबों को पक्का घर देने आवास योजना, माता बहनों के लिए महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1000 की राशि, आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज की व्यवस्था 70 साल के ऊपर के बुजुर्गो के इलाज हेतु आयुष्मान वंदन योजना, गरीबों को खाद्यान्न योजना के अंतर्गत प्रतिमाह मुफ्त चावल हर घर पानी देने नलजल योजना लाए शौचालय योजना जिसके माध्यम से माता बहनों को सम्मान दिलाने का काम किया अनेक जनहितैषी योजना लाकर सभी वर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

## नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत करते लायन पदाधिकारी

# लायंस स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव, विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत

पायनियर संवाददाता ◂ चांपा
www.dailypioneer.com

स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में सोमवार 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन थे। इस मौके पर वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के. पी. राठौर, सचिव लायन सीए सुरेश अग्रवाल, लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी, सचिव लायन राजेश अग्रवाल सहित लायन लायन नंदकुमार देवांगन भी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष मुख्य अतिथि लायन रामप्रपन्न देवांगन के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पूजन कर किया गया। इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ



भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं का मुख्य अतिथि लायन रामप्रपन्न देवांगन, उपस्थित अन्य लायन सदस्यों तथा वाईस प्रिंसिपल एम. एस. वारियर ने तिलक एवं रोली लगाकर स्वागत कर उन्हें चाकलेट वितरण किया। मुख्य अतिथि लायन रामप्रपन्न देवांगन ने इस अवसर पर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उन्हें इस सत्र में अच्छी से अच्छी पढाई करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने नये सत्र के प्रारंभ में सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि विद्यार्थी बीती बातों को भुलाते हुए आगे के लिए अच्छा करने का प्रयास कर अपने स्कूल का नाम रोशन करें। इस अवसर पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायन सीए सुरेश अग्रवाल, एवं नंदकुमार देवांगन ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए अच्छी शिक्षा पूरी तन्मयता के साथ ग्रहण करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका जया अग्रवाल तथा अंत में आभार प्रदर्शन शिक्षक सपना गुप्ता ने किया।

# शक्ति के उप जेल में हुआ व्यसन मुक्ति एवं व्यक्तित्व निर्माण शिविर

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

शांतिकुज हरिद्वार के तत्वाधान एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ सक्ती के द्वारा आज दिनांक 14 जून 2025 को सक्ती जिला अंतर्गत जिला जेल सक्ती में व्यसन मुक्ति एवं व्यक्तित्व निर्माण का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यशाला के अंतर्गत कैदी भाइयों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में पीपीटी व वीडियो के माध्यम से बतलाया गया एवं उनके प्रश्नों का भी उत्तर दिया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ किया गया एवं मानव जीवन की मूल्य को समझाते हुए कार्यशाला का शुभारंभ किया गया उक्त कार्यक्रम में कैदी भाइयों के हित के लिए एवं व्यसन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया साथ ही इसका दुष्परिणाम



परिवार पर कैसे पड़ता है इस विषय पर भी गहन व्याख्यान दिया गया. कार्यक्रम का संचालन एवं व्याख्यान महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख नेहा गुप्ता के द्वारा विस्तार से किया गया व्यसन मुक्ति कार्यशाला का क्रियान्वयन व्यसनमुक्ति व बाल संस्कार शाला प्रभारी श्री शक्ति राज गुप्ता के द्वारा किया गया इस कार्यशाला में लगभग 80 से 100 कैदी भाइयों की उपस्थिति रही। कार्यशाला अंतर्गत व्यक्तित्व निर्माण के ऊपर भी प्रकाश डालते हुए मानव जीवन के महत्व को ब्लॉक प्रमुख विद्या साहू के द्वारा विस्तार से समझाया गया।

# पदोन्नत किए गए 21 पुलिस डीएसपी को मिली नई पदस्थापना

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय ने विगत दिनों प्रदेश भर के टीआई स्तर के पुलिस अधिकारियों की पदोन्नति करते हुए उन्हें डीएसपी के रूप में नई पदोन्नति दी थी, तथा पदोन्नति के बाद 21 डीएसपी की नई पद स्थापना के आदेश जारी कर दिए गए हैं,पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर 492002 के आदेश के तहत 21 पुलिस अधिकारियों को 01 माह के लिए ड्यूटी हेतु निम्न जिलों में तैनात किया जाता है। ये सभी अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, बस्तर को रिपोर्ट करेंगे एवं पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज के समक्ष आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे, तत्पश्चात् नाम के सम्मुख दर्शाये गये जिले में रिपोर्ट करेंगे, जिसमें प्रमुख रूप से नरेश कुमार पटेल, उप पुलिस अधीक्षक जिला बीजापुर, चंन्द्रशेखर ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक जिला बीजापुर, विवेक शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक जिला बीजापुर, लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल, उप पुलिस अधीक्षक जिला बीजापुर, प्रमोद कुमार किस्पोट्टा, उप पुलिस अधीक्षक जिला बीजापुर, चून्नू तिग्गा, उप पुलिस अधीक्षक जिला बीजापुर, हरविन्दर सिंह, उप पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, यशकरण द्वीप ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, गोपाल सिंह धुर्वे, उप पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, विपीन रंगारी, उप पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, इन्द्रभूषण सिंह, उप पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, रमाकान्त साहू, उप पुलिस अधीक्षक जिला नारायणपुर, एम्ब्रोस कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक जिला नारायणपुर, सुशील मलिक, उप पुलिस अधीक्षक जिला नारायणपुर, कुंज बिहारी नागे, उप पुलिस अधीक्षक जिला नारायणपुर, बृजेश कुमार तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक जिला दंतेवाड़ा, तूल सिंह पट्टावी, उप पुलिस अधीक्षक जिला दंतेवाड़ा, कमलेश्वर कुमार भगत, उप पुलिस अधीक्षक जिला दंतेवाड़ा, सुरेश कुमार भगत, उप पुलिस अधीक्षक जिला कांकेर, ओमप्रकाश कुजुर, उप पुलिस अधीक्षक जिला कांकेर।

# मिस इंडिया यूनिवर्स बनी दामिनी देवांगन के घर पहुंच विधायक इन्द्र साव ने दी बधाई

## मॉडलिंग की दुनिया में करही बाजार की दामिनी ने दिखाया जलवा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com







कहते है मन में लगन हो तो अपनी मंजिल को प्राप्त करने में अच्छी से अच्छी बाधा भी आसानी से दूर हो जाती है और ऐसा ही कुछ कर दिखाया है भाटापारा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम करही बाजार निवासी एक मध्यम परिवार की बेटी दामिनी देवांगन ने, जिसने मिस इंडिया यूनिवर्स का ताज अपने नाम कर लिया और मॉडलिंग की दुनिया में आगे बढ़ते हुए मिस वर्ल्ड की किताब हासिल करने का सपना संजोए बैठी है, दामिनी की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव ने उनके निवास पहुंच कर उसे और उसके परिवार वालों को बधाई और शुभकामना देते हुए उसे हर संभव मदद का भरोसा जताया है। विधायक इन्द्र साव ने बताया कि भाटापारा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम करही बाजार निवासी नारायण देवांगन की बेटी दामिनी देवांगन ने गोवा के कैडोलिम बीच स्थित होटल सोनैस्टा इन में आयोजित नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट शो में मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 का खिताब जीतकर भाटापारा सहित पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। दामिनी इससे पहले जनवरी 2025 में मिस छत्तीसगढ़ विनर भी रह चुकी हैं। विधायक साव ने कहा कि उनके पास जब ये जानकारी आई तो मन प्रफुल्लित हो गया की एक मध्यम परिवार की बेटी ने मॉडलिंग की दुनिया में पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पिता नारायण देवांगन एक छोटी सी शॉप चलाते है और उनकी माता ग्रहणी है तथा उसके दो छोटे भाईयों का परिवार है। विधायक इन्द्र साव ने उसकी इस उपलब्धि पर उसके घर पहुंच कर बधाई और शुभकामना दी तथा उनके परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा जताया। विधायक साव को दामिनी ने बताया कि उसका सपना मिस वर्ल्ड बनने का है और इस दिशा में खूब मेहनत कर रही है। विधायक इन्द्र साव से चर्चा में दामिनी ने बताया कि वे फिलहाल एमबीए के अंतिम वर्ष की छात्रा है और प्रोफेशन से फार्मासिस्ट व मेकअप आर्टिस्ट भी हैं। दामिनी मॉडलिंग को अपने जुनून के रूप में देखती हैं और प्राइवेट जॉब के साथ-साथ मॉडलिंग को भी आगे बढ़ा रही हैं। कॉलेज की पढ़ाई के साथ साथ जनवरी 2025 से प्रोफेशनत मॉडलिंग में कदम रखने वाली दामिनी को परिवार का पूरा सहयोग मिला है। उनका सपना है कि वे प्रोफेशनल रनवे मॉडल बने, एड और ब्रांड शूट्स करें और किसी प्रतिष्ठित ब्रांड की ब्रांड एएंबेसडर बनें। आत्मविश्वास से लबरेज दामिनी की उड़ान बड़ी ऊँची है। अपने जीवन में कुछ बड़ा कर गुजरने की ललक उनके दिल व दिमाग में है। विधायक इन्द्र साव से अपनी खुशी का इजहार करते हुए दामिनी ने कहा कि अब तक किसी को अपना आदर्श मानकर मैने यह मिसाल कायम की है और मै चाहती हूँ कि लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनूं। लोगों के लिए रोल मॉडल बनूं। दामिनी का कहना है कि जिंदगी में कोई भी चीज असम्भव नहीं है बशर्ते उसे पाने की कोशिश की जाए। उड़ान भरने के लिए सारा आकाश खुला है अपने सपनों को पूरा करने के लिए टूट पड़ें सफलता जरूर कदम चूमेगी।

# मक्का के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर हुई कार्यवाही




पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कृषि उपज मंडी समिति कोण्डागांव क्षेत्रान्तर्गत मंडी समिति के अधिकारी सचिव सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व व मार्गदर्शन में निरीक्षण दल द्वारा वाहनों की सघन जांच निरीक्षण दौरान मक्का के अवैध परिवहन पर कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 जून 2025 को ग्राम भारसोण्डी (ओड़िशा) निवासी नेपाल घरामी को ग्राम व तहसील माकड़ी में वाहन क्रमांक सीजी04 एमएच 5106 में 500 बोरा एवं ग्राम अम्पानी (ओड़िशा) निवासी उपेन्द्र मांझी को वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 5226 में 387 बोरा में अधिसूचित कृषि उपज मक्का का परिवहन बगैर मंडी कागजात व दस्तावेज के अभाव में परिवहन करते पाये जाने पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के तहत् जप्ती अभिग्रहण की कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना माकड़ी में उपज सहित वाहन पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया। उक्त प्रकरण का मंडी अधिनियम 1972 को धारा 19(4) के तहत शासन द्वारा निर्धारित कुल मूल्य आधारित देय शुल्कों का पांच गुना मंडी फीस कृषक कल्याण शुल्क, निराश्रित शुल्क तथा अधिनियम की धारा 53 के तहत प्रशमन समझौता शुल्क ली गई। जप्ती प्रकरण पर मंडी अधिनियमानुसार कार्यवाही करते हुए कुल 92 हजार 805 रूपए की राशि संबंधित व्यपारियों से वसूली गई। विगत वर्ष 2024-25 में भी मक्का के अवैध व्यापार के कुल 16 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 03 लाख 20 हजार की वसूली की गई है।

# डुडुमचुवा में ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर आज



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली विकासखंड के ग्राम डुडुमचुवा में 17 जून को सुबह 10 बजे ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर का आयोजन किया गया है जिसके संबंध मे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व )नम्रता चौबे के द्वारा विकासखंड के समस्त विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का मीटिंग जनपद पंचायत भवन लिया गया जिसमें एसडीएम के द्वारा बताया गया कि भारत जनजातिय मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा आदिवासियों के उत्थान हेतु महत्वपूर्ण योजना क्रमशः जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन )एवं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें विकासखंड के चिन्हित गांव में 17 जून से 27 जून तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसकी शुरुआत ग्राम डुडुमचुवा से किया जा रहा है इस शिविर में ग्राम मोहनमुंडा , काकेनचुवा , मौहाडीपा व कोसमपाली के ग्रामीण इस शिविर का लाभ लेंगे। इस शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड ,आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य जांच, सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं काउंसलिंग ,जाति प्रमाण पत्र ,आदिवासी प्रमाण पत्र ,किसान क्रेडिट कार्ड ,जनधन खाता ,सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, रोजगार और आजीविका योजनाएं ,महिला एवं बाल विकास कल्याण बीमा आदि तैयार किया जाएगा एसडीएम मैडम द्वारा अपील किया गया है कि उपरोक्त ग्राम के संबंधित हितग्राही इस योजना का लाभ अवश्य लेवे।

# अमलडीहा प्रकरण में पुलिस अधीक्षक से मिले आशीष छाबड़ा



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा बेमेतरा जिले के मारो चौकी अंतर्गत ग्राम अमलडीहा में 31 मई को सहदेव साहू जिसका शव पेड़ पर लटका मिला परिजनों का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद अपराधियों के हौसले बुलंद है। हर रोज हत्या बलात्कार लूटपाट अराजकता की घटनाएं सामने आ रही है। शासन प्रशासन हाथ में हाथ रखे बैठा है ऐसा लग रहा है मानो यह सब भाजपा के जन् प्रतिनिधियों के इशारे पर हो रहा है। सहदेव साहू को न्याय दिलाने की लड़ाई अब उसके एक परिवार की लड़ाई नहीं रह गई। कांग्रेस कमेटी सहदेव साहू को न्याय दिलाने के लिए सड़क की लड़ाई लड़ेगी। यह लड़ाई भारत में रहने वाले न्याय प्रिय जनता की लड़ाई है और जनहित के लिए कांग्रेस हमेशा तत्पर है। इसी तारतम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने पीड़ित पक्षों के साथ जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से भेंट की तथा उन्हें मामले से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रकरण की गंभीरता पूर्वक जांच होनी चाहिए। अपराधी चाहे कोई भी हो पुलिस उसे बक्शे, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को भरोसा दिलाया कि मामले की गंभीरता पूर्वक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। इसमें किसी किस्म की कोई कोताही नहीं की जाएगी। इस दौरान बेमेतरा जिला पंचायत सदस्य सुशीला जोशी रामचरण साहू सरपंच खुबिराम साहू मोहन साहू राकेश कोटवार कुंजबिहारी साहू जीवन साहू उपसरपंच ज्योति चक्रधारी दिकेश्वरी साहू त्रिवेणी ध्रुव घनश्याम वर्मा मेहन्द्र निषाद अमलेश निषाद सहित पीड़ित पक्ष के परिवारजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दल्लीराजहरा के विजय मित्तल को मौलवी मोहम्मद बाकिर पत्रकारिता अवार्ड से सम्मानित



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा निवासी विजय मित्तल को मौलवी मोहम्मद बाकिर पत्रकारिता अवार्ड 2025 की राज्य अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार दैनिक अखबार दबंग केसरी, राजधानी रिपोर्टर और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रीड न्यूज इंटरनेशनल एजेंसी के बालोद ब्यूरो चीफ विजय मित्तल को निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता सेवा कार्य के लिए समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा सद्गुरु कबीर जयंती समारोह पर अवार्ड 2025 का राज अलंकरण से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम जी.आर.बंजारे (ज्वाला) के नेतृत्व में किया गया। जहां पर अलग अलग प्रतिभा के लिए अलग-अलग अवार्ड से सम्मानित किया गया और पत्रकारिता सेवा कार्य के लिए जिला ब्यूरो चीफ विजय मित्तल को चयनित करते हुए सम्मान किया गया। समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य अवार्ड कार्यक्रम धमतरी के बिलाईमाता मंदिर के पीछे गोंडवाना भवन में किया गया जहां पर प्रदेश के वरिष्ठजनों सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा भाजपा सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का पुतला दहन




पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा भाजपा सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जिला मुख्यालय सुकमा स्थित राजीव भवन को अटैच किए जाने की कार्यवाही को अवैधानिक करार देते हुए भाजपा सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय का पुतला दहन किया। उक्त अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, परमेश्वर यदु, कालिंदी वर्मा, लखेश् साहू, सुकदेव साहू, वैभव केसरवानी, दिवाकर मिश्रा, दिलीप सोनी, यशवंत वर्मा, अर्जुन सेन, प्रवीण सेन, सूर्यकांत वर्मा, जय सिंह ठाकुर, आयुष भतपहरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# राजधानी रायपुर में दल्ली राजहरा नगर का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास पर मिला

## अस्पताल सहित विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश की राजधानी रायपुर में दल्ली राजहरा नगर का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास पर मिला। छाया विधायक देवलाल ठाकुर के नेतृत्व में यह मुलाकात हुई जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष तोरणलाल साहू, राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी एवं पार्षदगण उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान शहर की वर्षों से लंबित विकास से जुड़ी मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा गया। प्रतिनिधि मंडल ने दल्ली राजहरा के लिए 100 बिस्तरों वाले आधुनिक अस्पताल की स्थापना, बायपास रोड निर्माण, केंद्रीय विद्यालय की स्थापना और 270 एकड़ में बसे नागरिकों को पटटा प्रदान कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने जैसे मुददों पर चर्चा की गई। छाया विधायक देवलाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री से कहा, कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय नेतृत्व में सुशासन की सरकार है, तो विकास अब निश्चित है। दल्ली राजहरा ने वर्षों तक अनदेखी सही है, अब समय है कि इस नगर को उसका हक मिले। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के बुनियादी ढांचे के बिना किसी भी शहर का समुचित विकास संभव नहीं है।

### 100 बिस्तर अस्पताल की मांग लंबे समय से लंबित

शहर में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहद कमी है। 100 बिस्तरों वाले अस्पताल की मांग सालों से उठ रही है, लेकिन अब तक यह पूरी नहीं हो सकी है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि गंभीर बीमारियों या सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में मरीजों को दूर-दराज के जिलों में भेजना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने इस मुददे पर गंभीरता से विचार करते हुए तत्काल विभागीय मंत्रियों से फोन पर चर्चा की और आगे की कार्यवाही का भरोसा दिलाया। राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने मुख्यमंत्री को दल्ली राजहरा आने का आमंत्रण देते हुए कहा, सरकार को दल्ली राजहरा से हर साल करोड़ों का राजस्व प्राप्त होता है। ऐसे में यह दल्लीराजहरा नगर विकास का हकदार है। उन्होंने मुख्यमंत्री को दल्ली राजहरा आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। केंद्रीय विद्यालय और बायपास रोड की मांग भी प्रमुख रही। नगर पालिका अध्यक्ष तोरणलाल साहू ने कहा कि भाजपा के शासन में पहली बार दल्ली राजहरा में नगर पालिका का गठन हुआ है और जनता को उम्मीद है कि अब उनका शहर उजड़ने से बचेगा और फिर से बसकर विकास की ओर अग्रसर होगा। बायपास रोड की आवश्यकता भी वर्षों से महसूस की जा रही है, जिससे भारी वाहनों का शहर में प्रवेश नियंत्रित हो और दुर्घटनाओं में कमी आए। इस प्रतिनिधिमंडल में पार्षद संजीव सिंह, सुरेश जायसवाल, भूपेंद्र श्रीवास पार्षद बीरेंद्र साहू, निर्मल पटेल, प्रदीप बाघ, जगप्रीत संधू, बंटी मिश्रा उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री के समक्ष यह मांग भी रखी कि दल्ली राजहरा को राज्य सरकार 'गोद' लेकर विकसित करे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि दल्ली राजहरा की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और आने वाले समय में इस नगर को नई पहचान दी जाएगी।

# जिला मुख्यालय के यात्रीगण केवल 2 यात्री प्रतीक्षालय के भरोसे

## मुख्य मार्ग की रिक्त भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे, सीमेंट संयंत्रों के सीएसआर मद से बनाएं जा सकते है यात्री प्रतीक्षालय







पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के नगर में केवल 2 यात्री प्रतीक्षालय जिसका सुचारू रूप से देखरेख नहीं किया जा रहा, जबकि सीमेंट संयंत्रों के सहयोग से सीएसआर मद द्वारा कई प्रमुख स्थानों पर उपयुक्त सुंदर मॉडल के यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण कराया जा सकता है। जिला मुख्यालय में जहां हर बस स्टॉपेज पर यात्रियों, नागरिकों की सेवा सुरक्षा हेतु आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय होने की आवश्यकता है, वहां नगर के भीतर केवल 2 यात्री प्रतीक्षालय हैं, एक जनपद कार्यालय के सामने और दूसरा जिला सत्र न्यायालय के आगे स्थित हैं जिससे अन्य प्रमुख स्थानों के यात्रीगण कड़कती धूप, बरसात में अपने परिवार सहित खड़े-खड़े ही बस आदि का इंतजार करते है। खास तौर पर भाटापारा की ओर अनुसूचित बालक छात्रावास के बाजू में, गार्डन चौक, रायपुर रोड, लवन रोड में यात्री प्रतीक्षालय की अति आवश्यकता आम नागरिकों द्वारा बताई जाती रही है किन्तु उक्त मामले में लगता है कि प्रशासन का ध्यान अब तक केंद्रित नहीं हो पाया है जिससे मुख्य मार्ग की करोड़ों की भूमि अवैध कब्जे की शिकार हो रही जिसे भविष्य में संचय रख बचाया जाना काफी मुश्किल प्रतीत हो रहा है। हम यदि स्कूल बस की भी बात करे तो उसकी भी दर्दनाक स्थिति है, महामाया मंदिर बस स्टैंड से गार्डन चौक तक अनेक बच्चों के माता-पिता आदि यातायात से भरे ट्रैफिक के बीच स्कूल बस का इंतजार कड़कती धूप, बरसात में करते है जहां स्कूल बस कही भी रुक जाती है, जिससे अप्रिय दुर्घटना निर्मित होने का भी खतरा बना रहता है। वहीं मुख्य मार्ग के बालक छात्रावास के बाजू की रिक्त भूमि में यदि यात्री प्रतीक्षालय आम लोगों सहित स्कूल बस के लिए बनाया जाता हैं तो आमजनों सहित हमारे मुख्य मार्ग की भूमि को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। इसी प्रकार गार्डन चौक में गार्डन के बाजू में 2-3 मिनी यात्री प्रतीक्षालय बनाए जाते हैं तो वहां भी सुरक्षित यातायात यात्रा हो सकती हैं। अब देखना ये है कि शासन प्रशासन की आखिरकार क्या मंशा है, जन सुरक्षा, सेवा के साथ मुख्य मार्ग की अमूल्य भूमि को बचाने का प्रयास करती हैं अथवा करोड़ों की उपयोगी भूमियों को यूं ही अवैध कब्जा होने देती है।

# तीव्र गर्मी के चलते 17 से 21 जून तक कक्षाएं प्रातः 7 से 11 बजे तक

**बेमेतरा।** सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश की समस्त शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय शालाएं आज 16 जून से प्रारंभ हो गई हैं। वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही तीव्र गर्मी को देखते हुए छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रतिकूल प्रभाव की आशंका के मद्देनजर राज्य शासन द्वारा स्कूलों के संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर से जारी आदेश के अनुसार अब दिनांक 17 जून 2025 से 21 जून 2025 तक सभी प्रकार की शालाओं में कक्षाएं प्रातः 7:00 बजे से 11:00 बजे तक संचालित की जाएंगी।

**कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार बम्हनीडीह जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

ग्राम करनौद
दिनांक 06/06/2025

**// ईश्तहार //**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अकिल दास पिता दया दास उम्र 56 वर्ष जाति महंत निवासी करनौद तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पुत्र दयादास के मृत्यु दिनांक 28/10/2011 स्थान पर वृन्दादास कारण से हाने पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पटवारी प्रतिवेदन मय पंचनामा शपथ पत्र सहित पेश किया है। अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/06/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/06/2025 को न्यायालय के सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**जारी दिनांक 06/06/2025**
**पेशी दिनांक 21/05/2025**

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बम्हनीडीह**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ई कोर्ट नम्बर अ/2, वर्ष 2024-25
**क्रमांक/1518/अ.वि.अ./प्रवा-2/2025**
**कवर्धा, दिनांक 06/06/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगरवासीगण कवर्धा को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गीताराम साहू पिता रामदयाल साहू, निवास का पताः- ग्राम हरिनछपरा, तहसील-बोड़ला, जिला-कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम कवर्धा प.ह.नं.-13 रा.नि.म. कवर्धा, तहसील-कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 951/7 रकबा 0.013 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 20/06/2025 का समय 05:30 बजे तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी।

**जारी दिनांक - 06/06/2025**
**पेशी दिनांक - 20/06/2025**

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**कवर्धा**
**जिला-कबीरधाम छत्तीसगढ़**

# महावीर इंटरकांटिनेंटल का सम्मान समारोह, नि:शक्तजन वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

## कई परिवार सेवा कार्यों के लिए मोटिवेट हुए




महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस आर्गजनाइजेशन के तत्वावधान में 'सम्मान समारोह' का आयोजन विगत दिनों राजधानी के वृंदावन हॉल में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि लौहशिल्प कर्मकार बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा थे। समारोह की शुरूआत संगठन गीत से हुई। तत्पश्चात मूक बधिर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। अतिथियों का स्वागत अंतरराष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अशोक जैन, जिलाध्यक्ष अशोक मुकीम, राजेंद्र सेठिया और जयंतभाई टाक ने किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा ने संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस आर्गजनाइजेशन के जिला अध्यक्ष अशोक मुकीम ने समारोह का आधार वक्तव्य रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने अपने उदबोधन में संस्था द्वारा समाज कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों को सराहा। उन्होंने हरसंभव योगदान देने का वादा किया। मोटिवेशनल स्पीकर डॉ.मुकेश शाह ने पाश्चात्य संस्कृति के दुष्प्रभाव से परिवार में आ रही विसंगतियों को सामने रखा और उसके निदान पर प्रकाश डाला। लौहकर्म बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि हम अपने परिवार के अलावा गरीब और वंचित समाज के सर्वहारा वर्ग के लिए कल्याण का कार्य करना चाहिए। उन्होंने संस्था द्वारा चलाए जा रहे नेत्र परीक्षण और नि:शुल्क चश्मा वितरण अभियान की तारीफ की। पत्रकार डॉ.अनिल द्विवेदी ने नि:शक्तजन वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया के जीवन पर उदबोधन के माध्यम से प्रकाश डाला। कावड़िया ने कहा कि हमारा परिवार जब रायपुर आया तो कठिन परिस्थितियों में खुद को खड़ा किया और मैंने समाज में एक पहचान बनाई। समाजसेवा का जज्बा हमने अपनी मां से सीखा। इस अवसर पर डॉ जयेश कावड़िया सहित पूरे परिवार को शाल, श्रीफल और प्रतीक चिहन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वीर नवनीत झा ने किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अशोक जैन, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र जैन, रायपुर चैप्टर के अध्यक्ष अशोक मुकीम, सचिव नवनीत झा, युथ के अध्यक्ष पंकज बोथरा, सचिन मनीष जैन, कोषाध्यक्ष मनीष भूतड़ा, बेबी किट प्रोजेक्ट डायरेक्टर किरण जैन, निर्मला भंडारी, संजय गिडिया इत्यादि उपस्थित थे।

# टीम प्रहरी निगम नगर निवेश ने जोन 8 क्षेत्र में रायपुरा में अवैध निर्माण हटाया, जोन 4 क्षेत्र में मालवीय मार्ग को कब्जामुक्त करवाया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com






रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप और रायपुर जिला के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार एवं रायपुर नगर निगम के जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं की उपस्थिति में टीम प्रहरी द्वारा रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न जोनों के नगर निवेश विभाग अधिकारियों सहित राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु विभिन्न मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में अभियान चलाकर यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही की है। टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम ने जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम के साथ मिलकर जोन 8 क्षेत्र के अंतर्गत रायपुरा विप्र नगर में अवैध कब्जा हटाने की अभियान चलाकर कार्यवाही की। जोन 4 नगर निवेश विभाग ने निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम के साथ मिलकर जोन 4 क्षेत्र अंतर्गत मालवीय रोड को अभियान चलाकर अवैध कब्जों से मुक्त करवाने की कार्यवाही जनहित में जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने की गयी, जिससे मुख्य बाजार क्षेत्र में मालवीय मार्ग में वाहन चालकों, राहगीरों को यातायात जाम की समस्या से त्वरित राहत प्राप्त हुई। टीम प्रहरी का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक आशुतोष चौधरी का छत्तीसगढ़ दौरा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक आशुतोष चौधरी रायपुर शहर के एक दिवसीय दौरे पर थे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने इंडियन बैंक की विशेषीकृत एमएसएमई शाखा का उद्घाटन किया व छत्तीसगढ़ राज्य में इंडियन बैंक द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न बैंकिंग सेवाओं व बैंक के विभिन्न उत्पादों के बारे में जन सामान्य को अवगत कराया। उन्होंने आम जनता के साथ-साथ कॉर्पोरेट ग्राहकों के लाभ के लिए इंडियन बैंक द्वारा की गई विभिन्न डिजिटल पहलों के बारे में भी जानकारी दी तथा बैंकिंग दक्षता और बैंकिंग में ग्राहक अनुभव को बढ़ाने में डिजिटल नवाचार की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डाला। अपने दौरे के दौरान उन्होंने कॉर्पोरेट ग्राहक बैठक में सभी ग्राहकों को उनकी जरूरत के अनुरूप बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराते रहने हेतु आश्वस्त किया। चौधरी के साथ क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय भुवनेश्वर से क्षेत्र महाप्रबंधक एम अरुणा, रायपुर अंचल के अंचल प्रबंधक रूपेश कुमार अग्रवाल एवं उप अंचल प्रबंधक अमित गौरव उपस्थित रहे ।

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने इलेक्ट्रिक वाहनों और दो-तीन पहिया वाहनों के लिए अपने दो नए उत्कृष्टता केन्द्रों का उदघाटन किया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय ने अपने परिसर में इलेक्ट्रिक वाहनों पर प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड और दोपहिया और तिपहिया वाहनों की मरम्मत और रखरखाव के लिए जस्टऑटो सॉल्यूशंस के सहयोग से दो नए उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) का उदघाटन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन समारोह से हुआ, जो ज्ञान और आत्मज्ञान का प्रतीक है। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने स्वागत भाषण के साथ सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने एक आकर्षक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से विश्वविद्यालय पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीजीपीयूआरसी के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार गोयल थे। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड के निदेशक सिद्धार्थ अग्रवाल, जस्ट ऑटो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ नवीन चंद्र शर्मा, गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड के निदेशक विनोद पिल्लई, ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल (एएसडीसी) के लीड-सर्विसएंड आफ्टरमार्केट इनिशिएटिव्स लोकेश और जस्टऑटो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की रणनीतिक कानूनी सलाहकार (स्वैच्छिक) डॉ. मेघा ओझा शामिल थे। ये केंद्र कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों को 21वीं सदी के नवीनतम वाहनों और प्रौद्योगिकियों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ विभिन्न तकनीकी संगठनों को तकनीकी प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाएंगे। यह ऑटोमोटिव कौशल विकास के एक नए युग की शुरुआत है। यह उल्लेखनीय है कि कलिंगा विश्वविद्यालय के परिसर में पहले से ही निम्नलिखित के सहयोग से पांच उत्कृष्टता केंद्र हैं, बॉश द्वारा स्कूल छोड़ने वाले छात्रों (18-25 वर्ष) के लिए उनके शैक्षणिक परिसर में ब्रिज कोर्स की शुरुआत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में बी.टेक कंप्यूटर साइंस के लिए आईबीएम इनोवेशन सेंटर फॉर एजुकेशन (एआई और एमएल में बीटीसीएस) औद्योगिक स्वचालन, बड़े डेटा विश्लेषण और एलओटी अनुप्रयोगों में व्यापक व्यावहारिक शिक्षण अनुभव के लिए टेक्नोविज ऑटोमेशन। बीडीएस शिक्षा, वास्तविक दुनिया की परियोजनाओं, कार्यशालाओं और सेमिनारों के साथ कोडिंग, रोबोटिक्स और ड्रोन प्रणालियों जैसी प्रमुख प्रौद्योगिकियों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए। आईएमएसैफइंडिया सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की सहायता और समर्थन करेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की, ताकि छात्र अवधारणाओं और उन्नत प्रौद्योगिकियों की बेहतर समझ विकसित कर सकें।

# निगम जोन 6 ने रावतपुरा फेस -2 में प्लेन्थ लेवल तक बने 6 मकानों का प्लेन्थ और लेबर क्वार्टर को हटाया

## निर्माण सामग्री जप्त की, सभी अवैध निर्माण को बन्द करवाया, अवैध प्लाटिंग पर की कार्यवाही





पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 6 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के नेतृत्व और कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर, नगर निवेश उप अभियंता अमित सरकार की उपस्थिति में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 6 की नगर निवेश विभाग और निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम द्वारा संयुक्त रूप से जोन 6 क्षेत्र के अंतर्गत रावतपुरा फेस-2 के क्षेत्र में अभियान चलाकर प्लेन्थ लेवल तक बने 6 मकानों का प्लीन्थ एवं लेबर क्वार्टर को स्थल पर हटाए जाने की कार्यवाही की गयी। भवन निर्माण सामग्री को जप्त कर लिया गया। वहीं रावतपुरा फेस 2 क्षेत्र से लगे क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लॉटिंग में अवैध रोड को काटकर और मलबा जप्ती करने की कार्यवाही करते हुए स्थल पर तत्काल कारगर रोक लगायी गयी। रावतपुरा फेस 2 क्षेत्र में अभियान चलाया जाकर सभी अवैध निर्माण को बंद करवाया गया एवं सभी निर्माण कार्यों का सर्वे कार्य आयुक्त के निर्देश पर स्थल पर करवाया जा रहा है।

# राजस्व मंत्री लेंगे विभागीय समीक्षा बैठक सपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा मंगलवार को सुबह 11 बजे मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर में विभागीय कार्यो की समीक्षा करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में राजस्व, आपदा प्रबंधन, भूमि अधिग्रहण, नक्शा निरीक्षण और अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की जाएगी।

बैठक में विशेष रूप से ई-गवर्नेंस के अंतर्गत डिजिटल क्राप सर्वे और जीआईएस कार्यों की प्रगति, राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का विश्लेषण और समयबद्ध निस्तारण, भू-अर्जन मामलों की जांच एवं शिकायतों की स्थिति, प्राकृतिक आपदाओं की रोकथाम हेतु उपकरणों और निधियों के उपयोग की समीक्षा की जाएगी। इसी तरह सर्वे-रिसर्वे, नक्शा, परियोजना और डब्ल्युआईएनडीएस योजना की प्रगति की रिपोर्ट के साथ-साथ मानसून से पहले आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा और एनडीआरएफ के फायर सेफ्टी सिस्टम के आधुनिकीकरण की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में नवपदस्थ नायब तहसीलदारों, भू-अभिलेख अधिकारियों तथा अन्य राजस्व अधिकारियों की पदोन्नति से जुड़ी प्रक्रियाओं की प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी।

# महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ की सत्र 2025-28 के लिए कार्यकारिणी घोषित



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ के अध्यक्ष संजय जादवानी ने सत्र 2025-28 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की एवं पदाधिकारियों का आपस में एक दूसरे से परिचय कराया। नई कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए उन्होंने जैन विकास सिपानी महामंत्री, परेश पारेख कोषाध्यक्ष, अमरीक बागल सह-कोषाध्यक्ष, नरेंद्र सलूजा सह मंत्री, महेश प्रसाद राय संगठन मंत्री, निर्मल बैंगानी सह संगठन मंत्री, घनश्याम पोद्दार उपाध्यक्ष, विजय रमानी, अशोक मलानी, राम घुरीया उपाध्यक्ष एवं विक्रम सिंह देव, सुरिंदर सिंह, महेंद्र तलरेजा, अशोक छाबड़ा संरक्षक एवं मनोहर वाधवानी कार्यकारी अध्यक्ष पद पर मनोनीत किए। अपनी द्वितीय पारी में मुख्य रूप से किए जाने वाले कार्यों की योजना बताते हुए अध्यक्ष ने त्रिवार्षिक सदस्यता शुल्क के संग्रहण एवं प्रत्येक व्यापारी सदस्य को सदस्यता सर्टिफिकेट वितरण का कार्य शीघ्रता से संपन्न करने एवं महात्मा गांधी मार्ग की गलियों के नामकरण की योजना सदस्यों की समक्ष रखी। युवा जोश एवं अनुभवी व्यक्तियों से सजी अपनी कार्यकारिणी सदस्यों को उन्होंने विभिन्न प्रकोष्ठ में नियोजित कर सबकी सहभागिता सुनिश्चित की। नगर निगम प्रकोष्ठ, यातायात प्रकोष्ठ, सुरक्षा व्यवस्था प्रकोष्ठ, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रकोष्ठ के निर्माण में स्व स्फूर्त होकर सदस्यों ने अपने नाम लिखे जाने की पहल की।

# पीजी डॉक्टर्स के लिए अजीम प्रेमजी हेल्थ इक्विटी फेलोशिप

Azim Premji Foundation

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन ने पोस्ट ग्रैजुएट डॉक्टरों के लिए अजीम प्रेमजी हेल्थ इक्विटी फेलोशिप की घोषणा की है। यह फेलोशिप 18 महीनों के लिए दी जाएगी, जिसमें डॉक्टरों को जमीनी स्तर पर काम करते हुए सीखने के अवसर मिलेंगे। अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन और स्वास्थ्य क्षेत्र में काम कर रहे देश के 11 महत्वनपूर्ण संस्थान मिलकर इस फेलोशिप की शुरुआत कर रहे हैं। ये संस्थान देश के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद हैं। इस फेलोशिप के दौरान डॉक्टरों को जमीनी स्तर पर काम करने के अनुभवों के जरिए सीखने को मिलेगा। यह युवा सहभागियों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले कमजोर और जरूरतमंद समुदायों के लिए कम संसाधनों में काम करते हुए मेडिसिन प्रैक्टिसेस से जुड़ी तमाम पेचीदगियों को स्वास्थ्य क्षेत्र के महारथियों से सीखने का अवसर है। इस फेलोशिप के तहत सहभागी फील्ड पर फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मी के रूप में काम करने का बेशकीमती तजुरबा हासिल कर पाएँगे एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत के मुताबिक उपलब्ध कराने व लोगों तक पहुँचाने के रास्ते में आने वाली चुनौतियों को समझ पाएँगे तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में आने वाली कई तरह की चुनौतियों सुलझाना सीखते हुए इस क्षेत्र के अनुभवी लोगों और समुदाय के साथ मिलकर काम करना सीख पाएँगे व स्वास्थ्य क्षेत्र में स्थाुई बदलाव लाने के काम कर रहे लोगों से जुड़ेंगे।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नई 2025 एक्सएल 750 ट्रांसऐल्प, 'बुकिंग्स शुरू'

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपनी नई और बहुप्रतीक्षित 2025 होंडा एक्सएल750 ट्रांसऐल्प के लॉन्च की घोषणा की। यह मोटरसाइकिल उन राइडर्स के लिए डिज़ाइन की गई है जो सीमाओं से परे स्वतंत्रता की तलाश करते हैं – चाहे वह शहरी सड़कों पर आवागमन हो, लंबी क्रॉस-कंट्री रोड ट्रिप्स हों या फिर दुर्गम ऑफ-रोड एडवेंचर्स। नई एक्सएल 750 ट्रांसऐल्प को 10,99,990 (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम - हरियाणा) की कीमत पर पेश किया गया है। इसके लिए बुकिंग्स अब होंडा की बिगविंग डीलरशिप्स पर भारतभर में शुरू हो चुकी हैं। ग्राहकों को इसका डिलीवरी चरण जुलाई 2025 से शुरू होगा। लॉन्च की घोषणा करते हुए, त्सुत्सुमु ओटानी, प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष एवं सीईओ, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहाः हम भारत में नई एक्सएल750 ट्रांसऐल्प को पेश करते हुए अत्यंत प्रसन्न हैं। अपनी शुरुआत से ही ट्रांसऐल्प एडवेंचर राइडिंग की विश्वसनीय पहचान रही है और इसे दुनियाभर के खोजी राइडर्स ने अपनाया है। इस नए मॉडल में उन्नत फीचर्स और उद्देश्यपूर्ण डिजाइन को शामिल किया गया है, जो इसे और भी आकर्षक बनाता है। हमें पूरा विश्वास है कि नई एक्सएल750 ट्रांसऐल्प भारत के एडवेंचर प्रेमियों को अत्यधिक उत्साहित करेगी। यह मोटरसाइकिल भारतीय बाज़ार में वैश्विक आइकॉन्स को लाने के प्रति हमारे प्रतिबद्ध प्रयासों को दर्शाती है। इस अवसर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, योगेश माथुर, डायरेक्टर, सेल्स एंड मार्केटिंग, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहाः भारत में एडवेंचर मोटरसाइकिल सेगमेंट अत्यधिक तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। हमारे मौजूदा एडीवी पोर्टफोलियो के प्रति ग्राहकों का उत्साह प्रेरणादायक रहा है। नई और अपडेटेड एक्सएल750 ट्रांसऐल्प की शुरुआत के साथ हम भारत में एडवेंचर टूअरिंग के लिए एक नई बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं।

# जोन 2 स्वास्थ्य विभाग ने आकस्मिक निरीक्षण में सिंगल यूज़ प्लास्टिक, गन्दगी मिलने, डस्टबिन नहीं मिलने पर 16 दुकानों से 21400 रूपये जुर्माना वसूला



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और अपर आयुक्त (स्वास्थ्य) राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर.के. डोंगरे के निर्देश पर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 2 की स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों की सहायता से जोन 2 जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की उपस्थिति में जोन 2 क्षेत्र के अंतर्गत बाजार क्षेत्रों में विभिन्न दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया और 16 दुकानों में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक, गन्दगी मिलने, दुकानों में डस्टबिन नहीं मिलने पर कुल 21400 रूपये सम्बंधित दुकान संचालकों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए वसूलने की कार्यवाही की और इस सम्बन्ध में रायपुर नगर पालिक निगम स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त पॉलीथिन, गन्दगी सम्बंधित जनशिकायत का त्वरित निदान किया।

## सोलह विविध सत्रों में हुई अनेक प्रस्तुतियाँ, कवि सम्मेलन, शास्त्रीय नृत्य, लोकगायन, परिचर्चा व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव जश्न ए जबां ने रचा नया इतिहास










पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

न्यायधानी बिलासपुर कला, संस्कृति, संगीत व साहित्य से रमी दो शाम का पुनः साक्षी बना। संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन व एसईसीएल के विशेष सहयोग से प्रदेश की सुप्रसिद्ध संस्था साईनाथ फाउंडेशन द्वारा नृत्यधारा फाउंडेशन व नभअनंत फाउंडेशन के साथ मिलकर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक-साहित्यिक महोत्सव जश्न ए जबाँ का शानदार आयोजन ने पुरे शहर को रोमांचित कर दिया। बांसुरी वादन की अदभुत प्रस्तुति बनारस से पधारे डॉ. राकेश कुमार ने प्रस्तुत की, तबला पर उनका सधा हुआ साथ प्रख्यात तबला वादक आनंद मिश्रा ने निभाया। अग्रज नाट्य दल ने शानदार हास्य नाटक की प्रस्तुति दी। भिलाई से पधारे नृत्यगुरु रतिश बाबू ने अपने समूह के साथ भरतनाट्यम की नयनाभिराम प्रस्तुति से माहौल को रसपूर्ण कर दिया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय आवासन व शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, शिक्षाविद निवेदिता सरकार व नभअनंत फाउंडेशन के संस्थापक नितिन त्रिपाठी मंच पर आसीन रहे। शहर व प्रदेश सहित देशभर से आए डेढ़ सौ से ज्यादा कलाकारों ने इस दो दिवसीय महोत्सव में अपनी अलग-अलग विधाओं की प्रस्तुति दी। नृत्य, नाट्य, संवाद, परिचर्चा, गायन, वादन, साहित्य सहित कला प्रदर्शनी ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस आयोजन के द्वितीय दिवस में भी शहर की प्रतिष्ठित संस्थाओं व व्यक्तियों को अतिथियों ने उनके विभिन्न क्षेत्रों में योगदान व उपलब्धियों हेतु सम्मानित किया।

# मस्तिष्क स्ट्रोक का बोझ 1990 से 2025 तक: स्ट्रोक के बढ़ते खतरे को समय पर पहचानना बेहद जरूरी

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



दुनिया भर में हर 6 में से 1 व्यक्ति को अपने जीवनकाल में स्ट्रोक का सामना करना पड़ता है। लेकिन स्थिति और भी गंभीर हो चुकी है–अब हर 4 में से 1 व्यक्ति को स्ट्रोक आने की आशंका है, और यह खतरा तेजी से निम्न और मध्यम-आय वाले देशों में बढ़ रहा है। लगभग हर परिवार में डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां आम हो चुकी हैं, और इन्हीं कारणों से ऐसे मरीजों में स्ट्रोक का खतरा 4 गुना बढ़ जाता है। वृद्धिः स्ट्रोक के मामलों में वृद्धि हुई है, 2020 में अनुमानित 1.22 करोड़ नए मामले सामने आए, जो 1990 में 65 लाख थे। स्ट्रोक के कारण डीएएलवायएस में 1990 से 2020 तक 22.4% की वृद्धि हुई है। आयु-मानक मृत्यु दर में कमी आई है, लेकिन जनसंख्या वृद्धि और उम्र बढ़ने के कारण स्ट्रोक से होने वाली मौतों की संख्या में वृद्धि हुई है। वैश्विक जनसंख्या का आयु बढ़ना स्ट्रोक और अन्य आयु-संबंधी बीमारियों के खतरे को बढ़ाता है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मोटापे की बढ़ती व्यापकता स्ट्रोक के बढ़ते बोझ में योगदान करती है। 2030 तक, स्ट्रोक मृत्यु और अक्षमता का एक प्रमुख कारण बना रहेगा, अनुमानित 1.32 करोड़ नए मामले सामने आएंगे। इन देशों में स्ट्रोक का बोझ अधिक है, उच्च मृत्यु दर और सीमित स्वास्थ्य संसाधनों के साथ। जबकि उच्च आय वाले देशों में स्ट्रोक मृत्यु दर में कमी आई है, उम्र बढ़ने वाली आबादी के कारण स्ट्रोक की व्यापकता उच्च बनी हुई है।

**स्ट्रोक के प्रकार और उनका प्रचलन**–इस्कीमिक स्ट्रोक- सबसे सामान्य प्रकार, कुल मामलों का 41.5प्रतिशत। ट्रांजिएंट इस्कीमिक अटैक - जिसे 'मिनी स्ट्रोक' भी कहा जाता है, कुल मामलों का 32.36 प्रतिशत। हेमरेजिक स्ट्रोक - गंभीर लेकिन कम प्रचलित, केवल 4.84प्रतिशत। इसके अलावा लैक्यूनर स्ट्रोक और एंबोलिक स्ट्रोक्स भी मामलों में योगदान करते हैं। स्ट्रोक का वैश्विक बोझ 1990 से 2020 तक 70% की वृद्धि नए स्ट्रोक मामलों में, 43% की वृद्धि स्ट्रोक से होने वाली मौतों में, 102% की वृद्धि ऐसे लोगों में जिन्हें स्ट्रोक हो चुका है और वे जीवित है।

# शाला प्रवेशोत्सव: आत्मानंद स्कूल सरगांव में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित, केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं डिप्टी सीएम हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 16 जून से स्कूल प्रारंभ हो गए हैं। पहले दिन को शाला प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया। इसी कड़ी में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम नगर पंचायत सरगांव स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, जिला पंचायत सदस्य अंबालिका साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर व पुष्पाहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। साथ ही परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया और पांचवी कक्षा के बच्चों को अंकसूची, सभी बच्चों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों में जिज्ञासा और विषय की समझ विकसित करने की दिशा में कार्य होना चाहिए। उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि हर बच्चा स्कूल जाए, यही हमारा लक्ष्य है। सरकार शिक्षा पर भारी खर्च कर रही है, अतः बच्चों को निष्ठा और ईमानदारी से पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने शिक्षक-छात्र अनुपात संतुलन और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए युक्तियुक्तकरण को महत्वपूर्ण बताया। डिप्टी सीएम साव ने नगर पंचायत सरगांव में भवन निर्माण हेतु 01.50 करोड़ रूपए की घोषणा की। बिल्हा विधायक कौशिक ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। ईमानदारी, परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सरकार द्वारा स्कूलों में बेहतर सुविधाएं दी जा रही है, उनका पूरा लाभ लें। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों एवं व्याख्याताओं को रिक्तियों की आवश्यकता और पारदर्शिता के साथ नवीन कार्यस्थलों में पदस्थापित किया गया है, इससे निश्चित ही जिले की शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता आएगी। उन्होंने 90 प्लस अभियान की जानकारी दी और बताया कि परीक्षा में बच्चों का 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने विशेष कार्ययोजना पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों से मेरिट बढ़ाने के लिए नवाचार के साथ विशेष प्रयास करने निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बच्चों को शिक्षा लेकर आगे बढ़ने प्रेरित करते हुए कहा कि ज्ञानार्थ प्रवेश, देवार्थ प्रस्थान का मंत्र शिक्षा के मूल उद्देश्य को दर्शाता है। शिक्षा और ज्ञान ही सृजन व विकास का आधार है। शिक्षा से ही उज्जवल भविष्य का निर्माण होता है। उन्होंने बच्चों को सोशल मीडिया से सतर्क रहने व मोबाईल का सार्थक चीजों में ही प्रयोग करते हुए अपना लक्ष्य हासिल करने प्रोत्साहित किया। जिला शिक्षा अधिकारी सी.के. घृतलहरे ने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप आयोजित किया गया है, ताकि बच्चों को स्वच्छ वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।जीवन को सुरक्षित बनाने, यातायात के नियमों को अपनाने नशे से दूरी बनाने आदि के प्रति जागरूकता के लिए पुलिस विभाग द्वारा पहल कार्यक्रम की शुरुआत की गई। डिप्टी सीएम और केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।
और आमजनों को यातायात नियमों का पालन

# राजस्व प्रकरणों एवं कार्यों के शीघ्र निपटारे के लिए कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप ई-कोर्ट प्रणाली के माध्यम से ही सभी प्रकरणों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने बताया कि राज्य शासन द्वारा दिनांक 01 अक्टूबर 2020 से लागू निर्देशों के तहत सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण केवल ई-कोर्ट प्रणाली के अंतर्गत ही किया जाना है, जिसके बावजूद कई प्रकरण अभी भी ऑफलाइन प्रक्रियाओं में लंबित रखे जा रहे हैं। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी,(रा.), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को सख्ती से दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व प्रकरणों को आवेदन प्राप्ति की तारीख से 03 दिन के भीतर ई-कोर्ट



पोर्टल में दर्ज करना अनिवार्य है। रीडर यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रकरण ई-कोर्ट में ही दर्ज हों और आदेश पत्र व पेशी तिथि भी नियमित अपडेट हो। बिना ठोस कारण के प्रकरणों की अनावश्यक लंबितता पर रोक लगाई जाएगी। एक ही प्रकरण में दो बार से अधिक पेशी तिथि नहीं बढ़ाई जाए। उच्च अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान कोई भी प्रकरण ऑफलाइन नहीं पाया जाए। प्रकरणों के स्थलीय निरीक्षण की रिपोर्ट आवश्यक रूप से अपलोड की जाए। ई-कोर्ट में लंबित मामलों का निपटारा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में किया जाए। सीमांकन एवं नामांतरण, खाता विभाजन जैसे प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण हो। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे प्रकरण जो पिछले विशेष शिविरों में लंबित रह गए हैं, उनका निराकरण विशेष राजस्व न्यायालय दिवस अंतर्गत अभियान चलाकर किया जाए। धारा 115 (त्रुटि सुधार) के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण तत्काल करें। भुईयां पोर्टल में गलत खसरे, खातों, रकबे या भू स्वामी के नाम में सामान्य त्रुटिपूर्ण विवरणों को सुधारने का कार्य करें।
खातों में डिजिटल हस्ताक्षर युक्त प्रविष्टि सुनिश्चित करें। आधार, मोबाइल नंबर, किसान किताब और जेंडर जैसी जानकारी को अपडेट करना अनिवार्य है। फॉर्मर रजिस्ट्री अंतर्गत जिन किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है उनका पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना सुनिश्चित करें। तहसील स्तर पर निरीक्षण दलों का गठन कर समय-सीमा में कार्य की समीक्षा की जाएगी। जिन अधिकारियों ,हल्का पटवारियों द्वारा लापरवाही बरती जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने स्पष्ट किया है कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता को त्वरित व पारदर्शी राजस्व समाधान उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

# केंदूढार में फुलझर क्रिकेट संघ का चुनाव शैलेन्द्र बने अध्यक्ष सचिव चुड़ामणि

## शिशुपाल पर्वत के नाम से होगा शिशुपाल कप टूर्नामेंट

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



फुलझर क्रिकेट संघ की बैठक केंदूढार में हुई जिसमें कार्यकारिणी समिति के 3 वर्ष पूर्ण होने पर निर्वाचन कार्य संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी के रुप में उमाशंकर भोई, अरुण विशाल ने समिति के बायलाज के अनुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न किया। जिसमें सभी पदों पर सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का चुनाव करवाया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रुप में शैलेन्द्र साहू पप्पू को चुना गया। सचिव चुड़ामणि साहू तथा कोषाध्यक्ष गिरजाशंकर स्वर्णकार चुने गये। उपाध्यक्ष डा सोमनाथ पांडे मनोज नंद तथा युधिष्ठिर साहू बने। संयुक्त सचिव देवदत्त बारीक, निरदास मानिकपुरी, भिमेश्वर साहू, खितिपति साहू को चुना गया। सलाहकार सुनील साहू, गजानन नायक, निर्मल प्रधान, संगठन सचिव मालिकराम पटेल, राकेश साहू, अनंत नायक चुने गये। पीआरओ उमाशंकर ध्रुव को नियुक्त किया गया। संरक्षक के रुप में कामता पटेल, तुलसी साव, सतीश साहू, मिनकेतन पटेल, अनिमेष बढ़ई, सदस्य के रुप में नीलांचल पांडे, ओमप्रकाश जगत कार्यकारिणी में रहे। बैठक में अंचल के प्रसिद्ध शिशुपाल पर्वत के नाम से शिशुपाल कप क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू करने पर निर्णय लिया गया। जिसका आयोजन स्थल बाद में चयन किया जाएगा। इस दौरान वर्ष भर के आय व्यय का पूरा विवरण सभी को बताया गया। इस दौरान केंदूढार क्रिकेट टीम की ओर से भोजन व्यवस्था भी की गयी जिसके लिए आभार व्यक्त किया गया?

**हवाई दुर्घटना में दिवंगतो को श्रद्धांजलि** -बैठक समाप्ति के बाद अहमदाबाद हवाई दुर्घटना में दिवंगतो को श्रद्धांजलि दी गयी। उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गयी।

# शाला प्रवेशोत्सवः कलेक्टर व एसपी ने धरमपुरा स्कूल का किया औचक निरीक्षण

## विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के टॉप टेन में स्थान बनाने के लिए किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के शासकीय स्कूलों में हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर, पुष्पाहार और पाठ्यपुस्तक प्रदान कर आत्मीय स्वागत किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के तहत कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मुंगेली विकासखंड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरमपुरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में साफ -सफाई, पेयजल, पठन-पाठन व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति और पाठ्यपुस्तक वितरण सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से



परिचय प्राप्त किया और पूछा कि स्कूल का पहला दिन उन्हें कैसा लग रहा है। उन्होंने बच्चों से विद्यालय की कमियों और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को कंफर्ट ज़ोन से बाहर निकलकर पढ़ाई में जुटने और शिक्षा को जीवन परिवर्तन का माध्यम मानने की सलाह दी। कलेक्टर ने कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए सतत पढ़ाई और आत्म अनुशासन की प्रेरणा दी। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में गंदगी मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और प्राचार्य को स्कूल को स्वच्छ एवं अनुशासित बनाए रखने एवं शिक्षकों को अध्यापन की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने और सभी शिक्षकों को अपने कार्यों के प्रति पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वे स्वयं भी सात वर्षों तक शिक्षक रहे हैं। उन्होंने बच्चों से गहरे भावनात्मक जुड़ाव के साथ बातचीत करते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई ही शिक्षकों के वेतन और सम्मान का आधार है। बच्चों द्वारा पिछली कक्षा में पाठ्यक्रम अधूरा रहने की बात बताने पर शिक्षकों से कहा कि वे निर्धारित समय-सीमा में पूरा पाठ्यक्रम संपन्न कराएं। यदि आप किसी बच्चे के जीवन में उजाला लाते हैं, तो आपके जीवन में भी कई गुना रोशनी स्वतः आ जाती है। उन्होंने कठिन विषयों में अधिक फोकस और नवाचारात्मक शिक्षण के निर्देश दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने स्कूल परिसर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए रखे ई-रिक्शा को देखकर नाराजगी जाहिर की और ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच को निर्देशित किया कि ग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की दिशा में तत्काल कार्यवाही करें। साथ ही विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने हेतु पौधरोपण की योजना तैयार करें। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी, विद्यालय के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शाला सिंगीबहार में शाला प्रवेशोत्सव का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सिंगीबहार में आयोजित धरती आबा शिविर में प्राथमिक शाला सिंगीबहार एवं संकुल केंद्र के बच्चों हेतु नवीन शिक्षण सत्र में प्रवेश हेतु शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच सुनीता पैकरा, जनपद सदस्य ममता सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों को मिठाई और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का भी वितरण किया गया। सरपंच द्वारा सभी बच्चों के स्वागत के लिए न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। जहां सभी जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को भोजन कराया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी मिथलेश पैकरा, बीईओ दुर्गेश देवांगन, बीआरसी देवेंद्र सिंह, संकुल प्राचार्य अनिल किस्पोट्टा, शैक्षिक समन्वयक संकुल शैक्षिक समन्वयक अशोक यादव एवं समस्त पालक, छात्र छात्राएं एवं शिक्षकों उपस्थित रहे।

# 17 से 21 जून तक 05 दिवसीय योग शिविर का किया जा रहा आयोजन

- जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में होगा योगाभ्यास

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर संचालनालय आयुष छ0ग0 रायपुर के आदेश पर जिले में समस्त आयुष आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 17 से 21 जून 2025 तक 05 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योग शिविर का आयोजन स्थानीय प्रतिष्ठित जनों की उपस्थिति में किया जायेगा। योग शिविर में जनसामान्य को योग के प्रति जागृत करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

जिससे की प्रतिदिन अधिकाधिक जनसामान्य योग शिविर में शामिल होकर लाभ प्राप्त कर सके। जनसामान्य के लिये योग शिविर में योग चिकित्सक-प्रशिक्षक द्वारा योगाभ्यास की जानकारी, योग का लाभ, योग की प्रक्रिया की विशेष जानकारी दी जा रही है। जिससे व्यक्ति को उनके रोगों के उपचार में लाभ प्राप्त हो सके।

स्थानीय अन्य विभागों से भी समन्वय कर शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों, स्कूली छात्र-छात्राओ, ग्राम मितानिन-आशा वर्करों को शिविर का लाभ लेने के लिये प्रात्साहित किया जा रहा है। योग शिविरों में आयुष काढ़ा एवं अंकूरित अनाजों का भी वितरण किया जाएगा और उनके लाभों की जानकारी भी जनसामान्य को प्रदान की जा रही है। 05 दिवसीय योग शिविर आयोजन हेतु स्थल का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें जनसामान्य उपस्थित होकर योग शिविर का लाभ ले सकते हैं। इन स्थलों में प्रातः 7.00 बजे से 8.00 बजे तक योग शिविर का आयोजन होगा। इनमें आयुष आयुष्मान आरोग्य मंदिर शास.आयु. औष. जशपुर, आयुष आयुष्मान आरोग्य मंदिर शास.आयु.औष. सरईपानी, आयुष आयुष्मान आरोग्य मंदिर शास.आयु.औष. अंकिरा, आयुष आयुष्मान आरोग्य मंदिर शास.आयु.औष. बन्दरचुवा, आयुष आयुष्मान आरोग्य मंदिर शास.आयु.औष. रनपुर, आयुष आयुष्मान आरोग्य मंदिर शास.आयु.औष. रौनी और आयुष आयुष्मान आरोग्य मंदिर शास.आयु.औष. सुलेसा शामिल है।

# ठेठवार यदुवंशी समाज गौवंश के संरक्षक है योगेश तिवारी, समाज ने किया भव्य सम्मान





पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा के ग्राम मटका में यादव ठेठवार समाज द्वारा आयोजित वार्षिक बैठक एवं सम्मान समारोह में भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर यादव ठेठवार समाज द्वारा उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अपने उदबोधन में योगेश तिवारी ने ठेठवार यदुवंशी समाज गौवंश के सेवक है और छतीसगढ के सभी समाजों के साथ यदुवंशी समाज का तालमेल है और योगेश तिवारी ने कहा समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि यादव समाज ने सदैव छत्तीसगढ़ की सामाजिक चेतना और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने समाज के युवाओं से आग्रह किया कि वे शिक्षा, सेवा और संगठन के माध्यम से समाज और राष्ट्र के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं और ठेठवार यदुवंशी समाज बहुत मेहनती समाज है और समाज के सभी लोगों समाज में संगठित रहे और समाज के नियमों को पालन करे। कोई भी समाज के व्यक्ति कितना भी बड़े क्यों ना हो जाये उसकी पहचान समाज से ही होती है इसलिये समाज से जुड़कर रहेना चाहिए। समारोह मे समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों ने योगेश तिवारी को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। तिवारी ने इस स्नेह और सम्मान के लिए समाज का आभार जताया। यादव ठेठवार समाज द्वारा आयोजित वार्षिक बैठक में उपस्थित होने वाले प्रमुख लोगों में अंजोर सिंह यदु (संरक्षक), जितेन्द्र यदु (अध्यक्ष), भुरूवा यदु, हीरालाल यदु, डॉ बीपी यदु, मनोज यदु, भोन्दू यदु, कोमल यदु, सिवरचन यदु, राजेंद्र यदु, रमेश यदु, मुन्ना यदु, नरेश यदु, गोपाल यदु, मनोहर यदु, टेकू यदु, महेन्द्र यदु, बल्ला यदु, शेष यदु, पंचु यदु, ईश्वर यदु, दौलत यदु सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहें।

## पुलिस जवानों और परिजनों के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर

# पुलिस तंदुरुस्त होगी सुरक्षा मजबूत होगी : एसएसपी सिंह

- 150 से अधिक पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों सहित उनके परिजनों ने कराया स्वास्थ्य जांच

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



एसएसपी शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर, रक्षित केंद्र जशपुर में पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों हेतु एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला चिकित्सालय जशपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम क्रमशः डॉ प्रीति कुशवाहा (एम डी), डॉ सुशीला कुमारी) एम डी), डॉ मोहित लकड़ा (एम डी), नेत्र सहायक आशीष एक्का, मेडिकल लैब टेक्निशन दीप वंदना बड़ा, व वार्ड बॉय निरंजन नायक के द्वारा पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।शिविर के दौरान 150 से अधिक पुलिसकर्मी व उनके परिजनों के द्वारा स्वास्थ्य लाभ लेते हुए बी. पी, शूगर, ब्लड टेस्ट, व नेत्र का परीक्षण कर अन्य बीमारियों का ईलाज कराया गया। व्यस्तता में चूक हो जाती है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि, चूंकि पुलिस के कर्मचारी अपने व्यस्तम ड्यूटी के कारण अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते हैं, अतः इस शिविर के माध्यम से उनको व उनके परिजनों को अपना शारीरिक परीक्षण कराने का अवसर मिला है, जिससे कि उनको अपने स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी मिल सके, और कुछ बीमारी निकलने पर, इलाज करा कर पूर्णतः स्वास्थ्य हो सके। पुलिस कर्मियों हेतु इस प्रकार की स्वास्थ्य शिविर का समय समय पर निरन्तर आयोजन किया जाता रहेगा। तंदुरुस्त पुलिस ही मजबूत सुरक्षा की गारंटी है। शिविर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल कुमार सोनी, एस डी ओ पी जशपुर चंद्रशेखर परमा, रक्षित निरीक्षक जशपुर अमरजीत खूंटे, सहित पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

> पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों के लिए एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है, जिससे कि पुलिस परिवार के सदस्य स्वास्थ्य लाभ ले सकें, मैं पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं, इस प्रकार की स्वास्थ्य शिविर का आयोजन निरन्तर किया जाता रहेगा।
> **-शशिमोहन सिंह, एसएपी जशपुर**

# हाथी की हमले से गई महिला की जान

## वन परिक्षेत्र रामानुजगंज का मामला

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम चाकी में हाथी के हमले से एक महिला की मौत हो गई है वही एक ग्रामीण जख्मी हालत में हैं जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है वही नृत्य महिला का पोस्टमार्टम के बाद उसके शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के संबंध में सूत्र बताते हैं कि महिला को कुचलना के बाद हाथी गांव के घर करीब पहुंचा और एक घर की दीवार गिरा दी दीवार के मलबे में बने के कारण ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में हाथी के हमले से जान मांग सहित किसान के फसल की बर्बाद हो रहे हैं। इधर वन विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों को कई समझाइस देते हुए वनों के अंदर जाने से मना करते हुए घर पर ही रहने की सलाह दी गई है।

# अचानकमार के 13 वनग्रामों में लौटेगा उजियारा क्रेडा की पहल से फिर चमकेगा जीवन





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के घने जंगलों में बसे अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र के 13 वनग्राम, जो वर्षों से अंधेरे में जीवन जीने को मजबूर थे, अब एक नई सुबह का स्वागत कर रहे हैं। राज्य सरकार की सुशासन तिहार पहल के तहत इन गांवों में सौर ऊर्जा आधारित बैटरी बैंक के माध्यम से रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था बहाल की जा रही है। इन वनग्रामों में पहले से सौर ऊर्जा पर आधारित रोशनी की व्यवस्था थी, परंतु समय के साथ बैटरी बैंक की कार्यक्षमता समाप्त हो गई थी। परिणामस्वरूप ग्रामीण लंबे समय से अंधेरे, डर और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन कर रहे थे। विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को रात के समय कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था।

## बैटरी सप्लाई वाहन को हरी झंडी: शुरुआत उजाले की



लोरमी में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैटरी बैंक सप्लाई वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन बैटरियों को उन गांवों तक पहुंचाया जाएगा जहां सड़कों का अभाव है, जिससे क्रेडा की टीमें पैदल या छोटे वाहनों से बैटरियों को गांवों में पहुंचाकर रोशनी की व्यवस्था बहाल करेंगी।

### लोगों के लिए बदलाव की किरण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार कार्यक्रम का उद्देश्य केवल कागजी योजनाएं नहीं, बल्कि जमीनी बदलाव लाना है। इसी अभियान के अंतर्गत जब बिजराकछार वनग्राम में समाधान शिविर लगा तो वहां के ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं, जिसमें सबसे बड़ी समस्या थी रात में रोशनी की अनुपलब्धता। मुख्यमंत्री ने इन समस्याओं को संज्ञान में लेकर क्रेडा छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण को तत्काल और प्रभावी कार्यवाही का निर्देश दिया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव जो लोरमी क्षेत्र के विधायक और राज्य के उप मुख्यमंत्री भी हैं, ने शिविर में खुद मौजूद रहकर ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को तत्काल बैटरी बैंक की आपूर्ति व स्थापना का आदेश दिया और खुद कार्य की निगरानी करते रहे। अरुण साव ने कहाः अंधेरे में जी रहे वनवासी, भाई-बहनों के जीवन में उजियारा लाना ही सुशासन का असली मतलब है। इस समस्त कार्य को अभूतपूर्व गति देने का श्रेय जाता है क्रेडा की टीम को। भूपेन्द्र सवन्नी जो हाल ही में अध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए हैं, ने इसे अपने कार्यकाल की प्राथमिकता मानते हुए खुद लगातार निगरानी की। क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा ने तकनीकी पक्ष से लेकर लॉजिस्टिक्स तक हर पहलू पर तेज निर्णय लिए। उनके समन्वय से बैटरियों की खरीद, सप्लाई और इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया बहुत कम समय में पूरी की जा रही है।

### तकनीकी पहलू: स्वच्छ ऊर्जा से सुरक्षा

इन गांवों में जो बैटरी बैंक लगाए जा रहे हैं, वे शतप्रतिशत सौर ऊर्जा से संचालित हैं और अत्यधिक टिकाऊ हैं। ये रातभर रौशनी दे सकते हैं और सुरक्षा के लिहाज से विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

### ग्रामीणों में खुशी की लहर

बिजराकछार के ग्रामीणों ने कहा कि बरसों बाद ऐसा लगा कि सरकार हमारी बात सुन रही है। अंधेरा अब डराता नहीं है और अब रात में बोर नहीं लगता, बच्चे पढ़ाई कर सकते हैं।

# बालको ने सुरक्षित कार्यस्थल की संकल्पना को किया मजबूत





पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

बालको ने सुरक्षित कार्यस्थल की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए डिजिटलीकरण, सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने के साथ ही कर्मचारियों एवं परिवहन भागीदारों में सुरक्षा के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रोत्साहित किया है। पूरे प्लांट में मासिक चर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम सुरक्षा संस्कृति को और मजबूती प्रदान करती हैं। एआई-संचालित निगरानी प्रणालियों तथा डिजिटल सुरक्षा डिस्प्ले के सहयोग से जोखिमों की पहचान तथा सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कर कंपनी के शून्य-हानि दर्शन की प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। कंपनी औद्योगिक विकास के साथ कर्मचारियों की सुरक्षा तथा भलाई के प्रति भी पूरी तरह समर्पित है। सुरक्षित कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण सत्र और सेमिनार आयोजित किये हैं। इसका उददेश्य संयंत्र परिसर में कार्यरत विभिन्न परिवहन भागीदार के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाना था। कोयला एवं ऐश के परिवहन से जुड़े 50 से अधिक ट्रांसपोर्ट भागीदारों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। परिवहनकर्ताओं को महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा उपायों से अवगत कराया गया तथा उन्हें सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही कंपनी ने आईएसओ 39001 रोड ट्रैफिक सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम (आरटीएस) की शुरुआत की है जिसका उद्देश्य संगठन के भीतर सभी स्तर पर परिवहन सुरक्षा को बेहतर बनाना है। अभियान के तहत सड़क से जुड़ी जोखिमों की पहचान, कानूनी अनुपालन, और सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं पर केंद्रित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके साथ ही संभावित घटनाओं की गहराई से जांच और विश्लेषण हेतु कंपनी ने इंसिडेंट इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग का आयोजन किया। इसका उद्देश्य घटनाओं के मूल कारणों की पहचान करना, प्रभावी निवारक उपायों को लागू करना तथा प्रतिभागियों को आवश्यक जांच कौशल प्रदान करना था, ताकि जोखिमों को कम किया जा सके और कार्यस्थल पर सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सके।

कंपनी ने डिजिटलाजेशन से कर्मचारियों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया है जिससे प्रचालन का कार्य सुरक्षित व दक्षता के साथ हो रहा है। पॉटलाइन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एआर/वीआर प्रशिक्षण ने कर्मचारियों को सुरक्षित एवं नियंत्रित वातावरण में जटिल कार्यों के लिए तैयार होने में सक्षम बनाया है। मैटेरियल मूवमेंट और कास्ट हाउस के कार्यों का संचालन रियल-टाइम डैशबोर्ड और स्वचालित ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से अधिक पारदर्शिता और दक्षता के साथ किया जाता है। इन्वेंट्री प्रोसेसिंग से लेकर इंटरलॉक प्रोटेक्शन तक डिजिटल टूल टीम को तेजी से निर्णय लेने, जोखिमों की पहचान करने और कार्यस्थल के तनाव को कम करने में सहायक हैं।

एआई आधारित उन्नत तकनीक ने बालको के फर्नेस में एनोड निर्माण की गुणवत्ता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह रोबोट-आधारित तकनीक फर्नेस की रिफ्रेक्टरी संरचनाओं का स्वतः परीक्षण करती है, जिससे घिसाव और क्षति का सटीकता से पता चलता है। एनोड की गुणवत्ता बेहतर और साथ ही संचालन की सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई है। बालको के 1200 मेगावाट बिजली संयंत्र में लागू किया गया एआई-संचालित कन्वेयर बेल्ट मॉनिटरिंग सिस्टम सुरक्षा और दक्षता दोनों को बढ़ाता है। यह सिस्टम कन्वेयर की स्वास्थ्य जांच, रियल-टाइम अग्नि अलर्ट और संचालन बेल्ट के पास मानव उपस्थिति की पहचान करता है, जिससे सुरक्षित संचालन सुनिश्चित होता है।

तकनीक का उपयोग अब एल्यूमिनियम 'भविष्य की धातु' उत्पादन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है जो उसकी सुरक्षा को सुदृढ़ करता है। 62 प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण से मैनुअल कार्यों की जगह अब रियल-टाइम डेटा संग्रह ने ले ली है। संसाधनों का कुशल उपयोग संभव हुआ और निर्णय प्रक्रिया भी अधिक डेटा-आधारित हो गई है। मानव एवं मशीन इंटरैक्शन के बीच संतुलन सुनिश्चित हुई जिससे सुरक्षा मानकों को मजबूती मिली है। बालको ने सुरक्षा, स्थिरता और संचालन उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच योगेन्द्र साहू के तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच योगेन्द्र साहू के तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक ग्राम सामुदायिक भवन, फेकारी (पाटन), दुर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नेत्र एवं दंत विशेषज्ञ डॉक्टरों से अपनी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर चर्चा कर परामर्श प्राप्त किया। जिसमें नेत्र रोग विभाग की डॉ हरा प्रिया साहू, दंत रोग विभाग से डॉ राम तिवारी व डॉ भसीत दीवान, सहायिका मालती बोगामी, नर्सिंग स्टाफ तपस्विनी मांझी, दीपिका यादव एवं अस्पताल जन संपर्क विभाग से विरेन्द्र खुटेल, सुनील वर्मा, सुनील साहू एवं सरपंच योगेन्द्र साहू, ग्रामवासी उपस्थित रहे। शिविर में निः शुल्क में बी.पी, ब्लड शुगर, नेत्र रोग, दंत रोग के मरीजों का जांच व उपचार कर परामर्श प्रदान किया गया।

# छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का 15वां स्थापना दिवस

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अपने 15वें स्थापना दिवस का आयोजन मंगलवार को प्रातः 11 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में भव्य रूप से करने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर शिक्षा का लक्ष्य चरित्र निर्माण वर्तमान प्रणाली में चुनौतियाँ और समाधान विषय पर आधारित विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास को लेकर प्रदेशभर में जागरूकता का माहौल तैयार करेगा। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए लगभग 1000 प्रतिभागी भाग लेंगे, जिनमें शिक्षक, विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं शामिल होंगी।

# बचपन की यादों में लौटे विधायक पुरंदर मिश्रा कहा-स्कूल खुलने का बेसब्री से करते थे इंतजार



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद बीपी विप्र अंग्रेजी माध्यम स्कूल, रायपुर में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 की शुरुआत को लेकर विशेष स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। विधायक मिश्रा ने अपने प्रेरणास्पद संबोधन में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नई कक्षा, नई किताबें और नए लक्ष्य आपके जीवन में तरक्की की नई राह खोलेंगे। पूरे मन से पढ़ाई करें, जिज्ञासा रखें और अपने हर सपने को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाएं। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर विद्यालय में आवश्यक शिक्षक मौजूद हों और सभी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल मिले। शिक्षा आपका अधिकार है और इसे श्रेष्ठ बनाने की जिम्मेदारी हमारी है।

# तोमर बंधुओं के लिए वसूली करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी में लंबे समय से संचालित तोमर बंधुओं के अवैध वसूली रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ब्याज वसूली में संलिप्त दो आरोपियों बंटी सहारे और जितेंद्र देवांगन उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से महत्वपूर्ण दस्तावेज और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि बंटी सहारे पिछले दो सालों से रोहित तोमर, वीरेंद्र तोमर और दिव्यांश के लिए ब्याज वसूली मैनेजर के तौर पर काम कर रहा था। विस्टों फाइनेंस नाम से बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए ब्याज की रकम वसूली जाती थी और पूरा लेखा-जोखा मोबाइल पर संचालित किया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि ब्याज न चुकाने वाले लोगों को धमकाया जाता था। तोमर बंधु खुद पीड़ितों को डराकर वसूली करवाते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम समेत भारतीय दंड संहिता की धारा 308(2) और 111(1) के तहत थाना पुरानी बस्ती में अपराध क्रमांक 230/25 पंजीबद्ध किया गया है।


प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. Nursing | 2 Years |
| Paramedical Course | Duration |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech,Ortho tech | 1 Year |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु
7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु
9201641200, 9201631200, 9201622400



17 June 2025 Pride Of Raipur

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

R.B.PLUS TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
Tensile + Membrane + Structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH (Biology, Maths, Commerce)
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
Safe & Reliable Transport with Surveillance
Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
Monthly Seminars & Interactive Discussions
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre Nursery Pre-Primary Classes
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open
For Play Group, Nursery, Pre-Primary, Classes 1st to 12th
(Maths, Bio, Com. Arts)
Play, Learn and Grow... Together!
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes
Chourasiya Coloney Near, Simran City
Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558, 9329621221

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY RAIPUR
(Approved/ Affiliated-CSVTU-DTE-PCI)
SANTOSHI NAGAR MATHPURENA, RAIPUR (C.G.)
1 KM FROM RAIPUR BUS STAND
रायपुर शहर में स्थित एक मात्र कॉलेज
D.PHARMA
B.PHARMA
B.PHARMA (Lateral Entry) (2nd Yr. Direct Admission)
(THE ONLY COLLEGE IN RAIPUR CITY)
HOSTEL/SCHOLARSHIP FACILITY
एडमिशन के लिए संपर्क करें या ऑनलाइन रजिस्टर करें www.makazadpharmacy.com
CONTACT FOR ADMISSION OR REGISTRATION
0771-4913335, 9425214413, 9329621221

CHHAYA APPLICATIONS
Waterproofing
With 3 to 10 Years Gurantee
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Bathroom waterproofing
Terrace waterproofing
Terrace garden waterproofing
External wall waterproofing
आपके घर को रखें लिक प्रूफ
9301117779

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

हिप्नोसिस
पूर्व जन्म दर्शन
मानसिक अवसाद से मुक्ति
किसी भी प्रकार का तनाव चिंता रिश्ते की समस्या
ऐसा लगता है कि कोई है साथ में पर वो सिर्फ डर है खुद का
भविष्य की चिंता
ऐसे सभी कारणों का निदान संभव है हिप्नोसिस के द्वारा
S. Nitin Astrology & Numerology Expert
प्रथम मंजिल अशरफ इंब्लिरा क्लासेज बिल्डिंग फव्वारा चौक बैरन बाजार रायपुर छत्तीसगढ़
www.snitinnumerological.com 7000074769

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403